

जबलपुर
बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 20, अंक : 155
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस आज






# दशहरे पर हो सकती है बारिश, वाटरप्रूफ रावणों में होगी आतिशबाजी, जो गल जाएंगे उन्हें पेट्रोल से फूंका जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में इस बार बारिश के बीच गुरुवार को रावण के पुतले का दहन होगा। नए सिस्टम की वजह से मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस वजह से इस बार रावण के पुतले के दहन में परेशानी आ सकती है। इस परेशानी से बचने के लिए शहर के बाजारों में अब वाटरप्रूफ पुतले की मांग की जा रही है।



### कारीगर बोले- वाटरप्रूफ पुतला महंगा

ध्यान रहे कि 2022 में 5 अक्टूबर को दशहरा था। इस समय प्रदेश से मानसून की वापसी हो रही थी। इस वजह से कई जिलों में तेज बारिश हुई थी। राजधानी में भी रावण के पुतले भीग गए थे। बांसखेड़ी इलाके में कारीगरों को पुतले बस स्टॉप में रखने पड़े थे। इससे उन्हें खासा नुकसान हुआ था। कारीगर वैदिक कुमार के अनुसार बारिश की वजह से मार्केट धीमा है।

### ब्राह्मण समाज रावण दहन के विरोध में हाईकोर्ट जाएगा

उज्जैन। इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस की आरोपी सोनम रघुवंशी मामले में हाईकोर्ट ने शूर्पणखा का पुतला जलाने पर रोक लगा दी है। इसके बाद अब अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज संगठन रावण दहन के खिलाफ हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है। संगठन के महामंत्री रूपेश मेहता का कहना है कि रावण को उसके किए की सजा त्रेता युग में मिल चुकी है। बार-बार पुतला जलाकर ब्राह्मण समाज का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रावण दहन को लेकर विजयादशमी से पहले दशहरा मैदान पर आयोजकों के नाम से काली मटकी फोड़कर विरोध दर्ज कराएंगे। दशहरे से पहले हाईकोर्ट में याचिका भी लगाएंगे। संगठन करीब एक महीने पहले रावण दहन पर रोक लगाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख चुका है।

## खबर संक्षेप

### पवन सिंह भाजपा में लौटे उपेंद्र कुशवाहा से सुलह


पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले भोजपुरी स्टार पवन सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है।



पवन ने मंगलवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। तावड़े ने कहा कि पवन सिंह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे।

### आज से पर्यटकों के लिए फिर खुलेगा कूनो पार्क

श्योपुर। करीब तीन माह से बंद कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे अब बुधवार से पर्यटकों के लिए खुल जाएंगे। इसके बाद चीतों का दीदार करने के लिए पर्यटकों की आवाजाही कूनो पार्क में एक बार फिर से शुरू हो जाएगी। पार्क के अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि नए सीजन में पर्यटकों की संख्या पिछले सालों की तुलना में और बढ़ेगी। वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में 15 के करीब चीते विचरण कर रहे हैं।



## मप्र में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी ... 24 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर

# विवादों में रहने वाले अफसर 'मंत्रालय' में बैठाए, 12 जिलों के कलेक्टर बदले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस से पहले सरकार ने बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है। कुल 24 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। इसमें 12 जिलों के कलेक्टर हैं। लंबे समय से जिन जिलों के कलेक्टरों के खिलाफ शिकायतें आ रही थी, राज्य सरकार ने एक्शन लेते हुए उन्हें हटा दिया। उनमें से विवादों में रहने वाले आईएएस अफसरों को मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। हालांकि, कई कलेक्टरों को दूसरे जिलों की दोबारा जिम्मेदारी दी गई है। लंबे समय तक एक ही जिले में सदस्य रहने वाले अधिकारियों को मंत्रालय सहित कई अन्य विभाग में नियुक्त किया गया है। भिंड में स्थानीय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह से विवाद होने के बाद से ही संभावना जताई जा रही थी कि तत्काल ही उसी समय भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को हटाया जाएगा। किंतु सरकार ने ऐसा नहीं किया। दो वर्ष से अधिक का कार्यकाल होने की वजह से उन्हें हटाया गया। दरअसल, संजीव श्रीवास्तव ने भिंड में रेत माफिया पर नकेल कस दी थी। इस वजह से वहां के माफिया काफी परेशान थे। बताते हैं कि जिस वक्त विधायक कुशवाह से उनका विवाद हुआ था, उस समय भी मीडिया में श्रीवास्तव कहते सुने गए थे कि वे किसी भी कीमत पर रेत का अवैध परिवहन नहीं होने देंगे। उन्होंने ऐसा किया भी। उन्हें भिंड से हटाकर मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। डिंडोरी कलेक्टर नेहा मारव्या का भाजपा नेता ओमकार मरकाम से विवाद हुआ था, जिसके बाद उनका भी तबादला लगभग माना जा रहा था। नेहा के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने एक बार कलेक्टर परिसर में भी मीडिया के लोगों को आने पर पाबंदी लगा दी थी। बाद में मीडिया के लोगों ने धरना देकर प्रदर्शन किया था। हालांकि, उन्होंने उसी दिन अपना आदेश वापस ले लिया था।

मंत्रालय में लूप लाइन में पदस्थ कई आईएएस अफसरों की भी किस्मत चमक गई



संस्कृति जैन | लोकेंश कुमार | नीरज कुमार | नेहा मारव्या | संजीव श्रीवास्तव

**संस्कृति जैन को भोपाल नगर निगम की कमान हरेंद्र नारायण हटाए गए**

**लोकेश कुमार जांगिड़ कलेक्टर निवाड़ी को कलेक्टर मुरैना बनाया**

**करोड़ीमल मीना अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास बने कलेक्टर भिंड**

### लंबे समय के बाद जिलों में कलेक्टरों को बदला गया

आईएएस बनने के लंबे समय के बाद नेहा मारव्या का किसी जिले में बतौर कलेक्टर पोस्टिंग का आदेश भी मोहन सरकार में ही जारी हुआ था। इसी तरह मुरैना में अवैध उत्खनन के चलते अंकित अस्थाना को हटाए जाने की चर्चा थी। चंबल नदी में अवैध खनन को लेकर एनजीटी ने भी कलेक्टर को तलब किया था। बारिश के दौरान भी जमकर अवैध खनन मुरैना जिले में हो रहा था।

### नीरज कुमार वशिष्ठ कलेक्टर पांढुर्णा बने

राज्य सरकार ने संचालक विमुक्त घुमंतू अर्ध घुमंतू जनजाति नीरज कुमार वशिष्ठ को कलेक्टर पांढुर्णा बनाया है। इस बारे के तबादले में मप्र काडर के 2010 से लेकर 2016 बैच के अफसरों के तबादले किए गए हैं। भोपाल नगर निगम में लंबे समय से पदस्थ हरेंद्र नारायण को हटा दिया गया। उनके खिलाफ स्थानीय सांसद ने पीएमओ व डीओपीटी में शिकायत की थी। हरेंद्र व महापौर के बीच भी पटरी नहीं बैठ रही थी। उनकी जगह पर कलेक्टर सिवनी संस्कृति जैन को आयुक्त नगर निगम भोपाल तथा अपर प्रबंध संचालक मप्र मेट्रो कॉरपोरेशन लिमिटेड बनाया गया है।

### इन अफसरों के हुए तबादले

- सुरेंद्र कुमार कलेक्टर पन्ना - सह आयुक्त चंबल संभाग, मुरैना
- शीलेंद्र सिंह कलेक्टर छिंदवाड़ा - अपर सचिव नगरीय विकास आवास विभाग
- नेहा मारव्या सिंह कलेक्टर डिंडोरी - संचालक विमुक्त घुमंतू अर्ध घुमंतू जनजाति, भोपाल
- संजीव श्रीवास्तव कलेक्टर भिंड - अपर सचिव लोक निर्माण विभाग, भोपाल
- उषा परमार अपर आयुक्त भोपाल संभाग - कलेक्टर पन्ना
- शिवराज सिंह वर्मा अपर सचिव - अपर आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल संभाग।

## मंदिर दर्शन करके घर लौट रहे थे | दो बहनों समेत 8 लोगों की मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड/पन्ना

मंगलवार का दिन सड़क हादसों के लिए काला दिन साबित हुआ, जब दो अलग-अलग घटनाओं में महिलाओं समेत कुल 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। भिंड जिले में मंगलवार सुबह एक हाइवे पर एक कैंटर-ट्रक और 2 मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर हो गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। यह घटना फूप थाना इलाके के भिंड-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुलिया के पास हुई। उधर, प्रदेश के पन्ना जिले में भी मंगलवार सुबह एक तेज़ रफ़्तार प्राइवेट बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो नाबालिग भाई-बहन और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

### इलाज कराकर लौट रहे थे ट्रक ने मारी टक्कर, मां बेटा और भाभी की मौत

गुना। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र की रुठियाई चौकी अंतर्गत एक होटल के सामने हुए हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के मां, बेटा और भाभी शामिल हैं। सोमवार देर रात्रि में रुठियाई चौड़ाखेड़ी निवासी युवक अपनी मां का गुना की निजी अस्पताल में हाथ फ्रैक्चर का उपचार करा कर घर जा रहा था कि रुठियाई तिराहे पर एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें तीनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे।

## इंदौर लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

# 50 हजार की घूस लेते पकड़ाया बाबू, नायब तहसीलदार भी फंसे

**भूमि के नामांतरण के लिए मांगी थी रिश्वत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



खुड़ैल तहसील के बाबू को लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। लोकायक्त ने रिश्वत के इस मामले में नायब तहसीलदार को भी आरोपी बनाया है। इंदौर शहर के ग्रेटर ब्रजेश्वरी के रहने वाले एडवोकेट कृष्ण कुमार डांगी ने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी विधवा बुआ भगवंति बाई, निवासी ग्राम खराडीया की भूमि के नामांतरण हेतु बाबू नरेंद्र नरवरिया द्वारा नायब तहसीलदार खुड़ैल दयाराम निगम के साथ मिलकर 50,000 रुपए रिश्वत मांगी जा रही है।

# तेज रफ्तार बस ने भीड़ में घुसकर मचाई भगदड़, 13 श्रद्धालु घायल

## सिहोरा गौरी तिराहा पर भयावह सड़क हादसा, छह की हालत गंभीर

### कलेक्टर- पुलिस कप्तान मौके पर पहुंचे, मंत्री राकेश सिंह ने जताई चिंता, घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी

हरिभूमि, जबलपुर। नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं से भरी सड़क पर मंगलवार रात एक भीषण हादसा हो गया। सिहोरा के गौरी तिराहा पर करीब रात 10 बजे तेज रफ्तार यात्री बस सड़क किनारे अनियंत्रित होकर नीचे उतर गई, जिससे कुछ लोग उसकी चपेट में आ गए। घटना से अफरा-तफरी मच गई। भीड़ में चीख-पुकार गूंज उठी और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हादसे में 13 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से छह की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### ब्रेक फेल से हुआ भयावह हादसा

जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 49 पी 0251 कटनी से जबलपुर की ओर जा रही थी। हादसे के समय बस खाली थी और चालक इसे नए बस स्टैंड से पुराने बस स्टैंड पार्किंग के लिए ले जा रहा था। इसी दौरान बस का ब्रेक फेल हो गया। चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे उतरते हुए कई श्रद्धालुओं को टक्कर मार गई। राह में एक बाइक बस के नीचे फंस गई, जिससे उसकी गति कुछ कम हुई और बड़ा नुकसान टल गया।

### चालक को पकड़ा, बस पर पथराव

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित लोग बस चालक को पकड़कर जमकर पीटने लगे। साथ ही उन्होंने बस पर पथराव और तोड़फोड़ की। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को नियंत्रण में किया और क्रेन की मदद से बस को हटवाया।

### कलेक्टर और कप्तान मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को घायलों का सर्वोत्तम उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह को मेडिकल कॉलेज में उपस्थित रहकर घायलों के इलाज की निगरानी करने का आदेश भी दिया।







### मंत्री राकेश सिंह ने जताई चिंता

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इस हादसे पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कलेक्टर से बात कर घायलों के बेहतर उपचार और उनके परिवारों की सहायता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

### यह हुए घायल

रोली सोनी (पति मनोज कुमार सोनी), ममता कोल (पति सपन कुमार), खुशबू वंशकार (17 वर्ष), वंदना बर्मन (पति कोदूलाल बर्मन), संध्या चौधरी (42 वर्ष), शिखा चौधरी (22 वर्ष), कैलाश चौधरी (45 वर्ष), मनीष दाहिया (46 वर्ष), कोदूलाल वर्मन (40 वर्ष), सोहनलाल यादव (40 वर्ष) छह गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज सिहोरा जिला अस्पताल में चल रहा है।

### त्योहार के बीच हादसे ने फैलाई सन्नाटा

नवरात्रि और दशहरे के पावन अवसर पर हुई इस दुर्घटना ने पूरे इलाके में मातमी माहौल फैला दिया है। जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना में मग्न थे, वहीं इस हादसे ने उत्सव को डर और चिंता में बदल दिया। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

### वरिष्ठ नेता मल्होत्रा का निधन, पीएम मोदी श्रद्धांजलि देने उनके 'घर' पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था। वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रो. विजय मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जनसेवा को समर्पण की मिसाल रहा।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

# एपी सिंह हो चुके सेवानिवृत्त | अरविंद शर्मा बने मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र विधानसभा के नए प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। शर्मा ने लोकसभा में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी है।

पिछले वर्ष 2024 में अपनी सेवानिवृत्ति से करीब दो महीने पहले मप्र विधानसभा में प्रतिनियुक्ति पर सचिव के पद पर पदस्थ हुए थे। इसके बाद उन्हें रिक्त पद होने पर प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह 30 नवंबर को अपनी अधिवार्षिकी पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। इसके तत्काल बाद सचिव के पद पर पदस्थ शर्मा का मप्र विधानसभा में संविलियन करते हुए प्रमुख सचिव के रिक्त पद पर प्रभार सौंप दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उनके पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी।

## मुंबई हमले पर पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री चिदंबरम का बड़ा कुबूलनामा

# साल 2008 में हुए मुंबई हमलों के वक्त कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे | अमेरिका ने हमें 'जवाबी कार्रवाई' से रोका, भाजपा बोली-बहुत देर कर दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री पी चिदंबरम ने बड़ा खुलासा किया है कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख की वजह से पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला किया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने स्वीकार किया कि मेरे मन में बदला लेने का विचार आया था, लेकिन सरकार ने सैन्य कार्रवाई न करने का फैसला किया। उनके बयान की भाजपा नेताओं ने तीखी आलोचना की है और कहा कि यह कुबूलनामा बहुत कम और बहुत देर से आया है। उन्होंने स्वीकार किया कि कोंडोलीजा राइस, जो उस समय अमेरिकी विदेश मंत्री थीं, मेरे कार्यभार संभालने के दो-तीन दिन बाद मुझसे और प्रधानमंत्री से मिलने आईं। और कहा कि कृपया प्रतिक्रिया न दें। मैंने कहा कि यह एक ऐसा फैसला है जो सरकार लेगी। बिना कोई आधिकारिक राज़ बताए, मेरे मन में

### भाजपा का तीखा पलटवार

**सोनिया गांधी गृह मंत्री पर क्यों हावी हो गई थी?**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री ने स्वीकार किया है कि देश पहले से ही जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के कारण गलत तरीके से संभाला गया था। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि चिदंबरम मुंबई हमलों के मद्देनजर शुरू में गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार नहीं थे, वह पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई चाहते थे, लेकिन दूसरों का दबदबा रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी या तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस कदम को रोका था, और दावा किया कि ऐसा लगता है कि यूपीए सरकार कोंडोलीजा राइस के प्रभाव में काम कर रही थी. पूनावाला ने पूछा-यूपीए उनसे आदेश क्यों ले रहा था? सोनिया गांधी गृह मंत्री पर क्यों हावी हो गईं?

हवाई हमलों को रोकने के लिए तैयार की गई डिवाइस

### एक किमी की दायरे में उड़ रहे ड्रोन को ध्वस्त कर देगा कवच जैमर

# बार्डर पर आसमान में नजरः दुश्मन के ड्रोन भारतीय सीमा में नहीं घुस पाएंगे, कोशिश करने पर हो जाएंगे 'ध्वस्त'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुश्मन देशों के ड्रोन अब रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में मेरठ के दो बीटेक के छात्रों ने खास प्रकार का एंटी ड्रोन सिस्टम 'कवच' पेश किया है, जो दुश्मन देश के ड्रोन को भारत की सीमा पर ही गिरा देगा।

इस एंट्री ड्रोन सिस्टम को कही भी ले जाया जा सकता है। छात्रों ने बताया कि अभी इसकी रेंज लगभग एक तरफ 600 मीटर यानी एक पूरे क्षेत्र में 1200 मीटर है। फिलहाल रेंज को दो से ढाई किमी तक बढ़ाने की तैयारी है। जमीन से लगभग 1500 फुट ऊपर उड़ रहा ड्रोन इस जैमर से नहीं बचेगा। जैमर उसके सिग्नल को रोक कर नीचे ले आएगा। एमआईईटी के छात्र मनोहर कुशवाहा और दीक्षांत कुमार ने बताया कि एक हैकाथॉन प्रतियोगिता में उन्होंने ड्रोन के लिए जैमर बनाने के लिए प्रोजेक्ट बनाया था।

### कवज के चलते दुश्मन का ड्रोन खो देगा सारे सिग्नल

**जैमर की पहली यूनिट सेना को समर्पित**

मनोहर कुशवाहा ने बताया कि महाराष्ट्र के आर्म्ड रेजिमेंट 90 के कैप्टन ने अवैध ड्रोन को रोकने के लिए तकनीकी पर काम करने के लिए कहा था। जिसके बाद दोनों ने काफी मेहनत की। मेहनत रंग लाई और जैमर की पहली यूनिट जनवरी 2025 में सफलतापूर्वक सेना को हैंडओवर किया। इसके बाद दूसरी यूनिट पंजाब के पटियाला रेजिमेंट 77 को भी दी गई है।

### 1 किमी व्यास का वर्चुअल डोम

तब उनका आइडिया काफी पसंद किया गया था। जिसके बाद उन्होंने मेहनत की और 'कवच' के रूप में एंटी ड्रोन सिस्टम तैयार किया। उन्होंने बताया कि एंटी ड्रोन जैमर के दायरे में आते ही कोई भी ड्रोन सिग्नल खो देगा। दीक्षांत ने बताया कि उनके पहले पोर्टेबल जैमर (एंटी ड्रोन सिस्टम) को सेना ने पसंद किया है। यह प्रणाली हवाई ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई है। एंटी ड्रोन सिस्टम लगभग एक किमी व्यास का एक वर्चुअल डोम (गोल क्षेत्र) तैयार करता है, जिसके भीतर कोई भी ड्रोन प्रवेश करता है तो वह जैम (ब्लॉक) हो जाता है।


### *ड्रोन 2.4 जीएचजेड फ्रीक्वेंसी का बनाया*

*मनोहर के पिता मनोज कुमार सेना की इंजीनियरिंग कोर में हैं। जबकि दीक्षांत के पिता विक्रम सिंह किसान हैं। दीक्षांत ने बताया कि उन्हें एंटी ड्रोन बनाने का आइडिया सीईओ आफ एमआईईटी इंक्यूवेशन फोरम रिहान अहमद से मिला।*

---

**खबर संक्षेप**

### गांधी प्रतिमा पर लिखे भारत विरोधी नारे



**लंदन।** टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना सामने आई। उपद्रवियों ने प्रतिमा पर पेंट से गांधी, मोदी और हिंदुस्तानियों को आतंकी लिखा। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। उच्चायोग ने कहा है कि यह सिर्फ प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण विचारों पर भी हमला है। स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रही है। उच्चायोग ने बयान में कहा,यह शर्मनाक घटना अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले हुई है और इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

### नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर से माफी मांगी



**वॉशिंगटन।** इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर से माफी मांगी है। उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी को फोन किया। खबरों के मुताबिक नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कहने पर व्हाइट हाउस से अल-थानी को फोन किया। इजराइली पीएम ट्रंप से मिलने अमेरिका पहुंचे हैं, यह इस साल उनकी चौथी अमेरिका यात्रा है। इजराइली सेना ने 9 सितंबर यानी 20 दिन पहले दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था, हमले में अल-हय्या बच गया था।

---

### परमाणु हथियारों के उपयोग की संभावना कम फिर भी...

# हम परमाणु और जैविक हमलों से बचाव की तैयारी कर रहेः सीडीएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा। नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा भारतीय डीएनए बेहद खास है।

हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए।

*सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें।*



**जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है**

**रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए प्रोटोकॉल की जरूरत**

### *परमाणु और जैविक हमले से बचाव की तैयारी जरूरी*

*सीडीएस चौहान ने कहा कि 'हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा। कोविड महामारी के दौरान दुनिया कठिन दौर से गुजरी। मेरे विचार से, जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है। ऐसे खतरों से बचाव और संक्रमित लोगों के इलाज के लिए हमें अलग उपचार प्रोटोकॉल की जरूरत होती है। हमें भविष्य में इसके लिए तैयार रहना चाहिए।'*

#### *पीएम ने कहा था भारत परमाणु हथियारों की धमकी से नहीं डरता*

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें। रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए अलग प्रोटोकॉल की जरूरत होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के खिलाफ तैयारी इससे बचाव में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

---

### भारत ने अमेरिका से निभा दी दोस्ती, अब ट्रंप की बारी...

भारत पर 50 फीसदी सख्त टैरिफ पर नरमी की उम्मीद

# इजराइल-हमास शांति प्रस्ताव पर पीएम मोदी ने लगा दी मुहर

### *भारत में इजराइल के राजदूत ने पीएम मोदी का आभार जताया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने मंगलवार को गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के मकसद से अमेरिका के नेतृत्व वाली शांति योजना का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही दुनिया के बाकी देशों से इस पहल का समर्थन करने का आग्रह किया। यह घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की में मौजूदगी में अपनी 20 सूत्रीय शांति योजना का ऐलान करने के एक दिन बाद हुई। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अजार ने इस घटनाक्रम को ऐतिहासिक करार दिया।

अब देखने की बात यह है कि भारत पर 50 फीसदी सख्त टैरिफ लगाने वाले ट्रंप क्या भारत के प्रति नरम रुख अपनाएंगे? अजार ने कहा-कल व्हाइट हाउस में हमने जो देखा वह गाजा में युद्ध को समाप्त करने की एक व्यापक योजना का प्रस्तुतीकरण था। साथ ही भविष्य के लिए एक नजरिया भी था। इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र में स्थिरता की दिशा में एक कदम बताया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा-हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह फिलिस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का एक व यावहारिक रास्ता देता है।



### *अरब देशों का समर्थन, 72 घंटे की लिमिट*

*अजार ने कहा कि इस योजना को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा-इस योजना को अरब देशों का समर्थन प्राप्त है, जिन्होंने इस योजना के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा की है। इसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त है। इसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। इसे प्रधानमंत्री मोदी का भी समर्थन प्राप्त है, जिन्होंने अभी-अभी अपने समर्थन के बारे में ट्वीट किया है। हम इस योजना के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बहुत आभारी हैं। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक देश हमारे साथ जुड़ेंगे।*

#### अजार ने बताया, क्या है ट्रंप का शांति प्रस्ताव

प्रस्तावित ढांचे के तहत फिलिस्तीनी स्वशासन के लिए पूर्व शर्तों को रेखांकित करते हुए अजार ने कानून के शासन को महत्वपूर्ण तत्व बताया। उन्होंने कहा कि इन आवश्यकताओं में एक संविधान या समकक्ष ढांचा, स्वतंत्र प्रेस, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की सुरक्षा और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित करने वाली एक स्वतंत्र न्यायपालिका शामिल हैं।

**फॉर्मा कंपनियों पर 100 फीसदी टैरिफ**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर 50 फीसदी कड़े टैरिफ लगा दिए थे। रूस से तेल खरीदने को लेकर ट्रंप भारत से नाराज चल रहे हैं। हालांकि, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पहले ही साफ कर दिया था कि भारत किसी भी देश से संबंध रखने और कारोबार करने में अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखता है। उसे किसी तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है। इसके बाद ट्रंप ने फॉर्मा यानी दवा कंपनियों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का भी ऐलान कर दिया। इससे माना जा रहा है कि इसका असर भारतीय दवा कंपनियों पर पड़ेगा।

---

धार्मिक नारे लगाते हुए हमले की कोशिश

## हथियार लेकर गुस्से में भीड़ से निकला नाबालिग घर में घुसा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सोशल मीडिया पर धर्म के प्रति आपत्तिजनक कमेंट किए जाने के खिलाफ सैकड़ों लोगों ने बीती रात बाजार चौकी पर हंगामा कर दिया। इस हंगामे और नारेबाजी के दौरान एक हैरान करने वाली घटना सामने आई।

पुलिसकर्मी भीड़ को खदेड़ रहे थे, उसी दौरान भीड़ से एक नाबालिग एक घर में घुस गया और धार्मिक नारा लगाकर वहां एक शख्स पर हमले की कोशिश की। उसके हाथ में कुछ धारदार चीज थी, उसी समय भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश कर रहे दो पुलिस कर्मियों ने उस पर काबू करने की कोशिश की। इस बीच वह



भाग निकला। इस दौरान एक पुलिस कर्मी की हथेली में भी चोट आई। पुलिस उसके नाबालिग साथी को लेकर चौकी पहुंची और उससे पूछताछ की।

पुलिस के मुताबिक भीड़ में इतने उपद्रवी लोग शामिल थे कि सरकारी हथियार बचाने मुश्किल हो गए। भीड़ में आसपास के मुस्लिम बहुल इलाकों से भी बड़ी संख्या में युवा और नाबालिग जमा होने लगे थे।

**रातभर इलाके में बजते रहे पुलिस के सायरन**

*पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को भरसक समझने की कोशिश की, उसके बाद भी हंगामा होता रहा तो वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति संभालने के लिए हल्के बल प्रयोग का आदेश दिया। भीड़ को खदेड़ने के बाद इलाके में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रखा गया है। आसपास के थानों से भी पुलिस बुला ली गई। देर रात तक लगातार पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाकर लोगों को आगाह कर रहीं थी कि बेवजह सड़क पर जमावड़ा न लगाएं।*


---

गिटहब पर रिसर्च पेपर भी जारी

## डीपसीक ने लॉन्च किया नया स्पर्श अटेंशन मॉडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च कंपनी डीपसीक ने अपना नया एक्सपेरिमेंटल मॉडल वी




3.2-एक्सपी जारी किया है। यह मॉडल खासतौर पर लंबे कॉन्टेक्स्ट ऑपरेशंस के दौरान इनफेरेंस कॉस्ट को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। डीपसीक ने एआई कम्यूनिटी प्लेटफार्म हगिंग फेस पर इसकी घोषणा की और गिटहब पर इससे जुड़ा एक रिसर्च पेपर भी जारी किया। कंपनी का दावा है कि इस मॉडल से एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) कॉल की कीमत आधी तक कम की जा सकती है।

**दो महत्वपूर्ण सिस्टम सिस्टम से जुड़ा है**

नए मॉडल की सबसे अहम तकनीक है डीपसीक स्पर्श अटेंशन। इसमें दो अहम सिस्टम शामिल हैं पहली लाइटनिंग इंडेक्सर, जो कॉन्टेक्स्ट विंडो से जरूरी हिस्सों को चुनता है। दूसरी फाइन-ग्रेन टोकन सिलेक्शन सिस्टम, जो इन हिस्सों से खास टोकन चुनकर अटेंशन विंडो में लोड करता है। इन दोनों प्रक्रियाओं की मदद से मॉडल लंबे टेक्स्ट को भी कम सर्वर लोड पर प्रोसेस कर सकता है। कंपनी के शुरुआती परीक्षणों में पाया गया कि स्पर्श अटेंशन की मदद से लंबे कॉन्टेक्स्ट वाले एपीआई कॉल्स की कीमत 50% तक घटाई जा सकती है।

---

### 10 की मौत और 32 घायल, फैली दहशत

## पाकिस्तान के क्वेटा में आत्मघाती विस्फोट के बाद... हुई गोलीबारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हालात एक बार फिर बेकाबू हो गए हैं। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बड़ा बम धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। पूरे शहर की मेडिकल फैसिलिटी में आपतकाल घोषित कर दिया गया है।

इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग घायल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, क्वेटा में जरघून रोड के पास हुआ बम ब्लास्ट इतना भयानक था कि हर तरफ धुआं ही धुआं देखने को मिल रहा है। धमाके के बाद फायरिंग भी शुरू हो गई। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया



है।पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, क्वेटा में हुए जोरदार बम धमाके में 10 लोगों की जान चली गई। यह एक आत्मघाती हमला था, जिसमें सुसाइड बॉम्बर की भी मौत हो गई है।

हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बम ब्लास्ट का मंजर साफ देखा जा सकता है। हमले में 32 लोग बुरी तरह से घायल हैं।

---

### अत्याधुनिक हथियारों से लैस होंगे सारे रोबोट, दुश्मन का टिकना होगा मुश्किल

मनुष्यों की जान बचाने वाले मिशन में जोखिम कम होगा

## दुश्मन की हर एक चुनौती से निपटने के लिए डीआरडीओ तैयार कर रहा 'रोबोटिक सेना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) दिन-प्रतिदिन नई तकनीकों पर काम कर रहा है। इसमें रोबोटिक सिस्टम, ऑटोमेटिक उपकरण और एआई शामिल हैं। इन तकनीकों का उद्देश्य सैनिकों की सुरक्षा बढ़ाना खतरनाक माहौल में नुकसान कम से कम और युद्ध क्षेत्र में बेहतर निर्णय क्षमता हासिल करना है। डीआरडीओ द्वारा एआई-आधारित नियंत्रण एवं रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। आईए जानते हैं भविष्य में दुश्मन देश से लड़ाई की तैयारी क्या है? डीआरडीओ के पुणे स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टेब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) ने एक ह्यूमनोइड रोबोट विकसित करने की शुरुआत की है। यह खतरनाक मिशनों में सैनिकों को जोखिम से बचाएगा।

### *2027 तक तैयार हो जाएगी रोबोटिक सेना*




**ये है खासियत**

बम निष्क्रिय करने वाला रोबोट, जो खतरनाक वस्तुओं की पहचान और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने का काम करता है। सैनिकों को सीधे खतरे से बचाया जा सकेगा। जैसे, आतंकवाद, बम निष्क्रिय करने, खतरनाक इलाके में गश्त में उपयोगी होंगे। मनुष्यों की जान बचाने वाली मिशन में जोखिम कम होगा।

#### प्रोटोटाइप हो चुके हैं तैयार

इसके ऊपरी और निचले हिस्से के प्रोटोटाइप तैयार हो चुके हैं। यह रोबोट खतरनाक वस्तुओं को संभालने, अवरोधों हटाने, दरवाजे खोलने बंद सकेगा। दिन और रात दोनों तरह के हालात में काम करने के लिए डिजाइन हो रहा है। ह्यूमनोइड रोबोट प्रोजेक्ट का लक्ष्य है 2027 तक महत्वपूर्ण परीक्षण और विकास पूरा होना। तकनीकी चुनौतियां, विश्वसनीयता, नियंत्रण और नैतिक / कानूनी दिशा-निर्देश आदि के कारण अभी सेना में शामिल करने में देरी होगी।

#### जोखिम और चिंताए

एआई गलत जानकारी दे सकता है या सेंसर्स/डेटा फ्यूजन में त्रुटियां हो सकती हैं। मनुष्यता और नियंत्रण का सवाल रहेगा। मानव नियंत्रण कितना हो, गलती होने पर जिम्मेदारी किसकी होगी।

#### एक्सोस्केलेटन सूट

ऐसी शक्ति बढ़ाने वाली पोशाक, जो सैनिकों की थकान कम करेगी और उनकी काम करने की अवधि को बढ़ाएगी। यह अभी विकास के चरण में है।

**प्रोजेक्ट्स**

*इंटेलिजेंट अनमैन्ड सिस्टम्स, कंप्यूटर विजन, पाथ-प्लानिंग, स्लैम यानी सिमुल्टेनिअस लोकलाइजेशन एंड मैपिंग, टैक्टिकल सेंसर नेटवर्क, स्वाम रोबोटिक सिस्टम।*

***गन ऑन ड्रोनः*** *डीआरडीओ ने ऐसी ड्रोन प्रणाली विकसित की है।*

---

***वांगचुक की पत्नी ने किया दावा***

## आरोप झूठे हैं...ये बड़ी साजिश है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लेह में हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार किए गए एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने तमाम आरोप को नकारा है। उन्होंने वांगचुक पर लगे तमाम आरोपों को साजिश का हिस्सा बताया है। क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। केंद्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके पति पर लगे हर आरोप, जिसमें उनका पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप शामिल है, गलत है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनम की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने कहा कि सोनम पर लगे हर आरोप गलत हैं। पिछले चार सालों से उनके खिलाफ लगातार छापेमारी चल रही है। अंगमो ने कहा, सोनम के खिलाफ एक कहानी गढ़ी जा रही है। एक आरोप यह है कि उन्होंने पाकिस्तान में एक सम्मेलन में भाग लिया था। मैं पूछना चाहती हूं कि इसमें क्या गलत है? फरवरी में संयुक्त राष्ट्र ने एक सम्मेलन आयोजित किया था। हम सभी जानते हैं कि हिंदू कुश हिमालय चीन, पाकिस्तान, नेपाल और भूटान सहित आठ देशों में फैला हुआ है।




हाईकमान के निर्देश के बाद भी कांग्रेस में नहीं थम रही अंतर्कलह, संगठन की सीख भी बेअसर

# यादव के पोस्ट पर जीतू का पलटवार, कहा-अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, मैं तो रोज सड़क पर रहता हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


अरुण यादव


जीतू पटवारी

पिछले दिनों अरुण यादव के आरोप और सलाह के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अरुण यादव की सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि उन्होंने सही लिखा सभी नेताओं को एकजुटता के साथ संघर्ष करना होगा, लेकिन उन्होंने यह मेरे संबंध में नहीं कहा। मैं तो हर रोज सड़क पर रहता हूं।

अभी झाबुआ में था, आज आगर मालवा जा रहा हूं। वहां पार्टी के लोगों से मिलूंगा। मैं यह जानता हूं कि अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता है। इसलिए सभी नेताओं को एकजुटता के साथ पार्टी के लिए संघर्ष करना ही होगा, सभी को पार्टी के हित के लिए उतरना ही होगा। हम सब मिलकर भाजपा से लड़ रहे हैं। अरुण यादव की मुझसे बात होती है, तब भी वे यही बात करते हैं, उन्होंने यह सकारात्मक बात लिखी है। हालांकि पिछले कई महीनों से पार्टी के कई नेताओं ने शिकायत हाईकमान से भी की थी। उन्होंने दिल्ली में नेताओं को जानकारी देते हुए कहा था कि कई बड़े कार्यक्रमों में उन्हें बुलाया नहीं जाता है।

यही कारण है कि अरुण यादव के सब्र का बांध टूट गया और हाईकमान के निर्देश के बाद भी उन्होंने मन की पीड़ा को सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। जबकि दिल्ली की ओर से सीख दी गई थी कि सभी नेताओं को मिलकर काम करना है।

### कई दिनों से नाराज हैं अरुण यादव

पार्टी सूत्रों की मानी जाए तो पार्टी में अपनी उपेक्षा से अरुण यादव सहित अन्य बड़े नेता लंबेस समय से नाराज चल रहे हैं। संगठन सृजन में भी इनके समर्थकों को नजर अंदाज किया गया। अब इन सभी की नाराजगी धीरे-धीरे सार्वजनिक रूप से सामने आती जा रही है। खास बात यह है कि इनकी नाराजगी दूर करने के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी भी कोई सकारात्मक प्रयास सामने नहीं आ सकें हैं। गौरतलब है कि जिला अध्यक्ष के चयन में हरीश चौधरी पर पार्टी के एक नेता ने गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं कमलेश्वर पटेल ने तो सीधे तौर पर हरीश चौधरी को लेकर कहा था कि प्रदेश प्रभारी का काम समन्वय बनाना होता है, न कि खुद पार्टी बनना।

इंफ्रास्ट्रक्चर और एनवॉयरमेंटल प्रोटक्शन में भी रहेगा अग्रणी

सरकार ने जारी किए डीपीआर तैयार करने के टेंडर, जल्द होंगे सर्वे

# मध्यप्रदेश में बनेंगे तीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे

*सिंहस्थ का ट्रैफिक मैनेज करेगा बड़वाह धामनोद रोड, सागर दमोह के बीच बनेगा 75 किमी लंबा फोरलेन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में जल्द ही भोपाल से मंदसौर और सागर से सतना दो नए ग्रीन फील्ड बनेंगे। उनके लिए डीपीआर तैयार करने के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही सर्वे शुरू किया जाएगा। वहीं भोपाल विदिशा सागर दमोह फोरलेन बनेगा। उसकी स्वीकृति हो गई है।

बड़वाह धामनोद के बीच एनएच 38 के दो लेन से फोर लेन किया जा रहा है। इसमें महेश्वर मंडलेश्वर को आपस में जोड़ा जाएगा। आशापुर, गाडरवारा और जबलपुर को जोड़ने के लिए एक ग्रीन फील्ड, ब्राउनफील्ड बनाया जाएगा। भोपाल से मंदसौर के बीच ग्रीन फील्ड बनाया जाएगा। वहीं आशापुरा से गाडरवारा होते हुए जबलपुर के बीच एक ग्रीन फील्ड बनेगा।

एन एच 38 पर बड़वास से धामनोद के बीच 2543 करोड रुपए खर्च कर 63 किलोमीटर लंबे मार्ग दो लेन को फोर लेन किया जाएगा। यह है मॉडल के अनुसार बनाया जाएगा। यह मार्ग डामरीकृत होगा।



### भोपाल-विदिशा के बीच 1797 करोड़ से बनेगा फोरलेन

भोपाल से विदिशा के बीच 46 किलोमीटर लंबे दो लाइन मार्ग का फोरलेन किया जाएगा। भोपाल में अयोध्या बायपास के भानपुर चौराहा से होकर विदिशा बायपास नेशनल हाईवे के 3 किलोमीटर पर यह मार्ग समाप्त होगा। भोपाल में 19 किलोमीटर और रायसेन में 17 किलोमीटर का यह मार्ग बनेगा। इसके लिए 1414 करोड स्वीकृत किए गए थे।

### तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना

वह मार्ग बड़वाह मंडलेश्वर महेश्वर धामनोद शहरी क्षेत्र से गुजरते हुए दो महत्वपूर्ण राज्य मार्ग एनएच 52 और इंदौर सेंधवा और एन एच 347 बीजी इंदौर देशवाद को जोड़ेगा। आगामी सिंहस्थ से 2028 के दौरान इस मार्ग पर तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ाने की संभावना है। वर्तमान दो लेन सड़क जो पहले से ही अपनी पूर्ण क्षमता के साथ संचालित हो रही है। सिंहस्थ के दौरान यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बन सकती है। यह मार्ग खरगोन जिले में व्यापार हथकरघा और कृषि औद्योगिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है। फोर लेन से सड़क की क्षमता बढ़ेगी। वस्तुओं की आवाजाही संभव होगी और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। बाईपास सहित फोरलेन सड़क उन्नयन से यातायात सुनिश्चित होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसके लिए 1158 पेड़ काटे जाएंगे या शिफ्ट किए जाएंगे। इसके साथ ही 33 हेक्टेयर जमीन का भी भू अर्जन किया जाएगा।

### सागर दमोह और कई विधानसभा को ही होगा फायदा

सागर दमोह के बीच 75 किलोमीटर लंबा फोरलेन बनाया जाएगा। बहेरिया तिराहा से शुरू होकर यह दमोह जबलपुर मार्ग पर समाप्त होगा। सागर में 43 और दमोह में 51 किलोमीटर मार्ग बनेगा। इस मार्ग के बनने से सागर और दमोह लोकसभा तथा नरयावली, रहली, पथरिया, दमोह विधानसभा के नागरिकों को फायदा मिलेगा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 46,26,44, 45 और 30 का एनएचएआई की प्रगति योजनाओं से फोर लेन कनेक्टिविटी का प्रभावी नेटवर्क बनेगा। खास तौर पर सागर से जबलपुर, कटनी, पन्ना, सतना, रीवा के लिए बेहतर रोड बनकर तैयार होगा। तीर्थ दर्शन कुंडलपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी होगी।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा-पोस्टर का उद्देश्य राजनीति में बढ़ती नकारात्मकता के बीच एक सकारात्मक संदेश देना है




# कांग्रेस दफ्तर में लगा आई लव इंडिया और आई लव राहुल गांधी का पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देशभर में पोस्टर पॉलिटिक्स के बीच मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगाए गए एक पोस्टर ने सभी का ध्यान खींचा है। इस पोस्टर में लिखा है आई लव इंडिया और आई लव राहुल गांधी और इसके साथ संदेश दिया गया है कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान।

यह पोस्टर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे द्वारा लगवाया गया है। जिसमें कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें भी शामिल हैं। पोस्टर में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, हरीश चौधरी, उमंग सिंघार, अजय सिंह और अरुण यादव की तस्वीरें दिखाई गई हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे ने कहा कि पोस्टर का उद्देश्य राजनीति में बढ़ती नकारात्मकता के बीच एक सकारात्मक संदेश देना है।

उन्होंने कहा कि हमारा मकसद यह बताना है कि भारत धर्म, जाति और मजहब से ऊपर है। संविधान हर व्यक्ति को धार्मिक स्वतंत्रता देता है, और राहुल गांधी इसी संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### राजनीतिक माहौल में नया रंग

यह पोस्टर ऐसे समय सामने आया है जब देश के कई हिस्सों में कुछ पोस्टरों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आई लव मोहम्मद जैसे पोस्टरों पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है और ऐसे में कांग्रेस की ओर से लगाया गया यह पोस्टर एक नया विमर्श खड़ा करता दिख रहा है। धौलपुरे ने कहा कि यह पोस्टर नफरत की राजनीति के खिलाफ मोहब्बत और सद्भावना का संदेश है और कांग्रेस का यही विचार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भी जुड़ा हुआ है।

एक दिन पहले मेला देखने निकला था युवक

# लापता युवक का संदिग्ध हालत में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

ग्राम सुहेला में दुर्गा उत्सव मेला देखने गए देवेन्द्र घृतलहरे का शव बलौदा बाजार-भाटापारा मार्ग पर अर्जुनी मलदी मोड़ के पास खेत में पड़ा मिला। मृतक 29 सितम्बर को मेला देखने के दौरान लापता हो गया था। परिजनों ने उसी दिन सुहेला थाना में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी लाखेस केवट ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। फिलहाल, पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि 27 सितम्बर को भी सुहेला में एक युवक की हत्या हुई थी, जिसके आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। ऐसे में अगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होती है तो यह पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से लोग दहशत में हैं और पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं।

आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा, चाकू लहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जहां पुरानी रंजिश को लेकर युवक को चाकू दिखाते हुए मारपीट कर दी गई। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर चाकू व पंच बरामद करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सिविल लाइन थानांतर्गत शिवाजी नगर में 22 वर्षीय आयुष अग्रवाल निवास करता है। वह अपनी मां को रात करीब नौ बजे कालोनी के ही दुर्गा पंडाल छोड़ने गया था, जहां से घर लौट रहा था। इसी दौरान शिवाजी नगर के ही आवास क्रमांक एलआईजी 194 निवासी मितेश केंवट ने उसका रास्ता रोक लिया। मितेश ने चाकू अड़ाते हुए चाकू की नोक पर आयुष की



जमकर मारपीट करता रहा। मारपीट की इस घटना के दौरान युवक चीखने लगा। युवक लोगों को देख मौके से भाग खड़ा हुआ। जिसकी सूचना आयुष ने थाना पहुंचकर सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने टीम रवाना कर दिया। टीम ने आरोपी मितेश को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर चाकू के अलावा पंच बरामद किया गया।

### घटना स्थल पर जमा हुई भीड़

बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना के बाद दुर्गा पंडाल में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और पकड़े गए युवा के खिलाफ पुलिस से शिकायत भी की गई। लोगों ने बताया कि युवक इससे पहले भी इस तरह की घटना में संयुक्त रह चुका है और इसके चलते दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिवाजी नगर में मारपीट का एक कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार मारपीट की घटना सामने आ चुकी है। शाम होते ही युवक बाइक पर उत्पात मचाते नजर आते है। लोगों ने मांग की है कि इस क्षेत्र में लगातार पेट्रोलियम और उत्पात मचाने वाले युवकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करें ताकि इस तरह की घटना को दोबारा अंजाम न दे सके। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी आरोपी के खिलाफ मानिकपुर पुलिस ने वर्ष 2022 में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

# नमः शिवाय अरजरिया ने जिला पंचायत सीईओ का पदभार संभाला

**छतरपुर।** जिले को मंगलवार को एक नया जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) मिल गया है। नवागत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने मंगलवार को शुभ मुहूर्त में जिला पंचायत कार्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। श्री अरजरिया हाल ही में भोपाल से स्थानांतरित होकर छतरपुर पहुंचे हैं। इससे पहले वे छतरपुर जिले में अपर कलेक्टर के पद पर कार्यरत रह चुके हैं और उनके कार्यकाल को जिले के विकास में सार्थक और सराहनीय माना गया है। अब बतौर सीईओ, श्री अरजरिया जिले के ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, और अन्य जनहितकारी योजनाओं को स्थानीय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कराने की ज़िम्मेदारी निभाएंगे। उनके कार्यभार ग्रहण के साथ ही जिला प्रशासन और पंचायत विभाग में नवीन ऊर्जा और दिशा की उम्मीदें जगी हैं। ग्रामीण अंचलों में



बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, योजनाओं के क्रियान्वयन और पारदर्शिता लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भूटान तक दौड़ेगी भारत की रेल, जुड़ेंगे दो शहर

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब भारत की रेल भूटान तक दौड़ेगी। दोनों देशों के बीच यह पहली बड़ी रेल परियोजना है। जिसे लेकर समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। जल्द ही धरातल पर निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया जाएगा। परियोजना के तहत भारत के असम के कोकराझार और बानरहाट से भूटान के दो शहरों गेलेफू और सम्त्से को जोड़ा जाएगा। ट्रैक की कुल लंबाई 90 किलोमीटर की होगी, परियोजना पर आने वाली कुल लागत 4 हजार 33 हजार करोड़ रुपए है।और इसे पूरा होने में सात साल का समय लगेगा। परियोजना पर आने वाला पूरा खर्च भारत वहन करेगा।ट्रेन की तकनीक से लेकर कोच, सिग्नल सिस्टम सब कुछ शत-प्रतिशत स्वदेशी होगा।

सारा शहर गरबा के रंग में सराबोर, हर तरफ उल्लास छाया

# नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय नवरात्रि पर विगत रात्रि राजधानी रायपुर के कई गरबा समारोह में शिरकत किये। उन्होंने मातारानी का दर्शन कर प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर रायपुर शहर गरबा के रंग में सराबोर दिखाई दिया और हर तरफ उत्सव का उल्लास रहा। मुख्यमंत्री साय भनपुरी स्थित कच्छ कड़वा पाटीदार समाज आशीर्वाद भवन में गुजराती लोहाणा महाजन समाज की ओर से आयोजित 'झणकारो 2025', इनडोर स्टेडियम में 'रंगीलो रास 2025' और ओमाया पार्क में 'रास गरबा उत्सव' में शामिल हुए। इन आयोजनों में समाजजनों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक कच्छ पगड़ी पहनाकर और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। गरबा की धुनों और रंगारंग माहौल में मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने जनसमूह में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि उत्साह, उमंग और सद्भावना बढ़ाने का पर्व है।



# मप्र विधान सभा पूर्व विधायक मंडल ने डॉ. सिंह का प्रशस्ति-पत्र के साथ किया सम्मान

**भोपाल।** मप्र विधान सभा के प्रमुख सचिव डॉ. जवधेश प्रताप सिंह का पूर्व विधायक मण्डल ने प्रशस्ति-पत्र के साथ आत्मीय सम्मान किया। पूर्व विधायक मण्डल के अध्यन पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, महामंत्री वी प्रेमनारायण मित्रा व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र वाचन के साथ प्रमुख सचिव विधान सभा डॉ. अवधेश प्रताप सिंह का अभिनंदन किया गया। गौरतलब है कि विधानसभा के प्रमुख सचिव डॉ. सिंह 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनकी सेवानिवृत्ति के मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सिंह का विधायी सेवा में उत्कृष्ट योगदान रहा है। उनकी मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी गहन प्रतिवद्धता रही। इससे हमारे प्रदेश की विधान सभा का मान बड़ा। डॉ. सिंह को उत्कृष्ट कार्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष एवं मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वर्ष 2020-21 में संसदीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान सहित प्रशासनिक सेवा सम्मान, सिविल सेवा के लिए अशोक अवार्ड, बुंदेली सम्मान, कर्मयोगी प्रशासक जैसे अनेक विशिष्ट सम्मान प्राप्त हुए। साथ ही डॉ. सिंह के विधायकों के उपयोग के लिए रचित पुस्तक 'विधानमण्डल पद्धति एवं प्रक्रिया संसदीय प्रणाली को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जाती है। डॉ. सिंह ने वर्तमान विधायकों के साथ पूर्व विधायकों के हित में अनेक अनुकरणीय पहल की है। इस अवसर पर डॉ. सिंह का विधान सभा सबिय सहित बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मान किया गया। अंत में डॉ. सिंह ने सम्मान के लिए सभी के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने गोटेगांव पहुंचकर मंत्री पटेल की माताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

# किसी के भी जीवन में मां की कोई प्रतिपूर्ति नहीं हो सकती: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को नरंसिहपुर जिले के गोटेगांव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निवास पहुंचे और उनकी पूज्य माताजी यशोदा पटेल के निधन पर गहन शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यशोदा पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दुख की इस कठिन घड़ी में शोकाकुल पटेल परिवार से भेंटकर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत माताजी से पूर्व में भेंट हुई थी। किसी के भी जीवन में मां की कोई प्रतिपूर्ति नहीं हो सकती है। मंत्री प्रहलाद एवं परिजनों ने माताजी की हर जरूरत का हमेशा ध्यान रखा। माताजी का आशीर्वाद सदैव हम सबको मिलता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा को मोक्ष प्रदान करने की प्रार्थना की।





उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार और वे स्वयं व्यक्तिगत रूप से दुःख की इस घड़ी में पटेल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिवंगत माताजी सादा जीवन, उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने धर्मपरायण और सात्विक जीवन जिया। उनके आचार-विचार हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस दौरान स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक महेन्द्र नागेश, वरिष्ठ समाजसेवी मुलायम सिंह पटेल, सरदार सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, कमिश्नर जबलपुर धनंजय सिंह भदौरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की माता यशोदा पटेल के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

आरएसएस के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी

# आज विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का करेंगे जारी

*आरएसएस एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। आरएसएस का लक्ष्य देशभक्ति और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के माध्यम से भारत का सर्वांगीण विकास करना है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 1 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

■ डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में होगा आयोजन

पीएम कार्यालय की तरफ से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है। इस अवसर पर पीएम आरएसएस के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित करने वाला एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। साथ ही, वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

**शताब्दी समारोह में आरएसएस की विरासत सांस्कृतिक योगदान और भारत की एकता में भूमिका का उल्लेख किया**

**संघ का अंतिम लक्ष्य भारत का 'सर्वांगीण उन्नति' है, जिसके लिए स्वयंसेवक स्वयं को समर्पित करता है**



### 100 वर्षों में दिया महत्वपूर्ण योगदान

*पिछले 100 वर्षों में आरएसएस ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बाढ़, भूकंप और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने राहत और पुनर्वास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके सहयोगी संगठनों ने युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को मजबूत करने में भी योगदान दिया है।*

### राष्ट्र पुनर्निर्माण में गहरा योगदान

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अनूठा जन-पोषित आंदोलन है। इसका उदय सदियों के विदेशी शासन के खिलाफ एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाता है। संगठन का विकास भारत के सांस्कृतिक गौरव और धर्म से प्रेरित इसके दृष्टिकोण के कारण हुआ है, जो लोगों के बीच गहरी भावनात्मक छाप छोड़ता है।*

### 1925 में हुई थी आरएसएस की स्थापना

1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थापित आरएसएस एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता,



अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। आरएसएस का लक्ष्य देशभक्ति और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के माध्यम से भारत का सर्वांगीण विकास करना है। यह संगठन मातृभूमि के प्रति समर्पण, संयम, साहस और वीरता जैसे गुणों को प्रोत्साहित करता है। संघ का अंतिम लक्ष्य भारत का 'सर्वांगीण उन्नति' है, जिसके लिए प्रत्येक स्वयंसेवक स्वयं को समर्पित करता है।

### एकता और सेवा का संदेश देंगे

यह शताब्दी समारोह न केवल आरएसएस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक यात्रा और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में इसके योगदान को भी रेखांकित करता है। इस आयोजन से देशभर में एकता और सेवा का संदेश और मजबूत होगा।


## खबर संक्षेप

### 'संचार-साथी' से 6 लाख मोबाइल बरामद



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग की नागरिक-केंद्रित प्रमुख डिजिटल सुरक्षा पहल 'संचार-साथी' के माध्यम से छह लाख से अधिक खोए और चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट बरामद किये गये हैं। यह सुविधा हर एक मिनट में एक फोन का पता लगाने में सहायता कर रही है। संचार मंत्रालय ने बताया कि ये मोबाइल 'संचार साथी' पर 'अपने खोए/चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक करें' सुविधा के जरिये बरामद किए गए हैं और यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### ईडी जांच में शामिल हुई उर्वशी रौतेला



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को अवैध प्रतिबंधित सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की धनशोधन मामले की जांच में शामिल हुईं। इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और वेब सीरीज गंदी बात की अभिनेत्री अन्वेषी जैन ने अपना बयान दर्ज कराया था। 'वनएक्सबेट' एप भारत में अवैध तरीके से काम कर रहा है।

बिहार में 7 करोड़ 30 लाख से अधिक वोटर्स करेंगे मतदान

# एसआईआर के बाद चुनाव आयोग ने जारी की 'अंतिम' मतदाता सूची

**ऑनलाइन पोर्टल पर देख सकते हैं अपनी जानकारी**

चुनाव आयोग ने एक लिंक शेयर किया है, जिस पर मतदाता अपने नाम, पते और अन्य विवरण की पुष्टि कर सकते हैं। निर्वाचक सूची का प्रकाशन विधानसभा चुनावों की तैयारियों में एक अहम कदम माना जा रहा है

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अंतिम निर्वाचक सूची जारी कर दी गई है। राज्य के सभी पात्र मतदाता अब ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने नाम की जानकारी देख सकते हैं। चुनाव आयोग ने एक लिंक शेयर किया है, जिस पर मतदाता अपने नाम, पते और अन्य विवरण की पुष्टि कर सकते हैं। निर्वाचक सूची का प्रकाशन विधानसभा चुनावों की तैयारियों में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे पहले एक अगस्त को चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के बाद पहला संशोधित वोटर लिस्ट ड्राफ्ट जारी किया था। बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों के 90,817 मतदान केंद्रों के लिए तैयार मतदाता सूची का प्रारूप मान्यता राजनीतिक दलों के साथ भी शेयर किया गया था।

*65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए*

*243 विधानसभा में 90,817 मतदान केंद्र*



### 14 लाख से अधिक नए मतदाता शामिल

चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता इस लिंक पर क्लिक कर अपना नाम चेक कर सकते हैं। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है।

### हर जिले में भौतिक प्रति उपलब्ध

इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी तैयार मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई। बता दें, 1 अगस्त को चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के बाद पहला संशोधित वोटर लिस्ट ड्राफ्ट जारी किया था।

### 7 लाख ऐसे जिनके दो जगह नाम दर्ज

*निर्वाचन आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत जून माह में की थी। इस कार्य से पहले 7 करोड़ 89 लाख मतदाता थे। इसके पुनरीक्षण कार्य के बाद कुल 65 लाख मतदाताओं के नाम कटे थे। इनमें 22 लाख से अधित मृत मतदाता, करीब 35 लाख विस्थापित मतदाता थे। वहीं करीब सात लाख लोग ऐसे मतदाता थे, जिनका नाम दो जगह दर्ज था। हालांकि, चुनाव आयोग ने इन्हें दावा आपत्ति के लिए 30 दिन का वक्त दिया था।*

### पटना से हटाए सर्वाधिक मतदाता

मतदाता पुनरीक्षण कार्य के बाद जो वोटर लिस्ट प्रकाशित किए गए थे, उनमें सभी जिलों के हजारों लोगों के नाम कट गए थे। इनमें सर्वाधिक पटना से 395500, मधुबनी से 352545, पूर्वी चंपारण से 316793, गोपालगंज से 310363, समस्तीपुर से 283955, मुजफ्फरपुर से 282845, शिवहर से 28166, पूर्णिया से 273920, सारण से 273223, गया से 245663, सीतामढ़ी से 244962, भागलपुर से 244612, वैशाली से 225953, सीवान से 221711, पश्चिम चम्पारण से 191376, सुपौल से 128207, अररिया से 158072, किशनगंज से 145668, कटिहार से 184254, मधेपुरा से 98076, सहरसा से 131596, दरभंगा से 203315, सबेगूसराय से 167756, खगड़िया से 79551, बांका से 117346, मुंगेर से 74916, लखीसराय से 48824, शेखपुरा से 26256, नालंदा से 138505, भोजपुर से 190832, बक्सर से 87645, कैमूर (भभुआ) से 73940, रोहतास से 156148, अरवल से 30180, जहानाबाद से 53089, औरंगाबाद से 159980, नवादा से 126450 और जमुई से 91882 मतदाताओं का नाम सूची प्रारूप में नहीं है।

बरेली में चला प्रशासन का बुलडोजर

## तौकीर रजा के करीबी का अवैध निर्माण ध्वस्त, कई प्रॉपर्टी सील



एजेंसी ▸▸ बरेली

यूपी के बरेली में हुई हिंसा के बाद अब बुलडोजर एक्शन हुआ है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी के अवैध निर्माण पर नगर निगम का बुलडोजर चला है। ये एक अवैध चार्जिंग स्टेशन था, जिसे नगर निगम की जमीन पर कब्जा कर बनाया गया था। इसमें कई सारे ई-रिक्शा खड़े हुए हैं।

ये अवैध चार्जिंग स्टेशन पार्षद का था, जिसका नाम ओमान रजा है। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। आरआरएफ की टीम, दमकल की गाड़ियां भी पहुंची। ड्रोन से निगरानी हो रही थी। बता दें, तौकीर रजा और उनके करीबियों पर अब प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। अब प्रशासन तौकीर की बेनामी संपत्तियों पर भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

### 'हमसफर पैलेस' रिजॉर्ट को भी नोटिस

बरेली हिंसा की जांच में पुलिस ने अब तक 62 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें हिंसा के मास्टरमाइंड बताए जा रहे मौलाना तौकीर रजा, डॉ. नफीस और नदीम भी शामिल हैं। पुलिस ने तौकीर रजा के करीबी लोगों की करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। मंगलवार को उसके 'हमसफर पैलेस' रिजॉर्ट पर बरेली विकास प्राधिकरण ने सीलिंग का नोटिस लगा दिया। यह बेनामी संपत्ति बताई जा रही है। प्रशासन ने इसे गैरकानूनी निर्माण माना है और कई नोटिस देने के बाद एक्शन लिया है। बीते दिन तौकीर रजा की मार्केट भी सील की गई थी।

### अवैध चार्जिंग स्टेशन की बाउंड्रीवाल ध्वस्त

इससे पहले मौलाना के करीबी मोहसिन रजा के आवास पर बुलडोजर पहुंचा था। उन्होंने खुद को तौकीर रजा से अलग किया और कहा कि उनका मौलाना से इस मामले में कोई कनेक्शन नहीं है। मोहसिन के पिता ने कोर्ट से स्टे ऑर्डर दिखाया तो प्रशासन की टीम रुकी। मगर मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर बाउंड्रीवाल कर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर नगर निगम और प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया।

तमिलनाडु भगदड़ मामला

## विजय बोले- 'असामान्य' स्थिति उत्पन्न होने की आशंका से नहीं किया करूर दौरा

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

अभिनेता एवं तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के संस्थापक विजय ने तमिलनाडु के करूर में अपनी एक रैली में मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत के कुछ दिन बाद मंगलवार को कहा कि उन्होंने अभी तक प्रभावित लोगों से मुलाकात नहीं की है, क्योंकि उनकी वहां मौजूदगी से 'असामान्य स्थिति' उत्पन्न हो जाएगी।

विजय ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी ऐसी दुखद स्थिति का सामना नहीं किया। उन्होंने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सीएम एमके स्टालिन को चुनौती दी कि वे उनके साथ कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन उनकी पार्टी के लोगों को नहीं छू सकते।



### घटना का सच जल्द सामने आएगा

विजय ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं जल्द ही पीड़ितों और घायलों के परिवारों से मिलूंगा। घटना का सच जल्द ही सामने आएगा। उन्होंने कहा, 'सीएम महोदय, अगर आपके मन में बदला लेने का विचार है, तो आप मेरे साथ कुछ भी कर सकते हैं लेकिन पार्टी के लोगों को नहीं छू सकते।

### कुछ तो गड़बड़ है: सांसद हेमा मालिनी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने दावा किया कि करूर में टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान आयोजन स्थल के संकरा होने और कार्यक्रम के दौरान बिजली गुल हो जाने में 'कुछ तो गड़बड़' लगता ही है, क्योंकि ये बातें स्वाभाविक नहीं हो सकती हैं। हेमा मालिनी 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम में हुई भगदड़ से जुड़ी परिस्थितियों की जांच के लिए यहां आए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आठ-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के वास्ते 'संकरा आयोजन स्थल' मुहैया कराया जाना 'अनपयुक्त' है। विजय की रैली के दौरान बिजली गुल हो गई थी। कुछ गड़बड़ लग रहा है, यह स्वाभाविक नहीं है।

मुंबई हाईकोर्ट का निर्णय

## नाबालिग से शादी बलात्कार के पॉक्सो के तहत आरोपों से बचाव का आधार नहीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई उच्च न्यायालय ने 29 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार का मामला रद्द करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि उसे केवल इसलिए पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोपों से मुक्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसने पीड़ित नाबालिग लड़की से शादी की थी और अब उनका एक बच्चा भी है। उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 26 सितंबर को पारित आदेश में व्यक्ति की इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि वह 17 वर्षीय लड़की के साथ सहमति से संबंध में था और उसने शादी का पंजीकरण तभी कराया, जब वह 18 वर्ष की हो गई।



न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी फाल्के और न्यायमूर्ति नंदेश देशपांडे की पीठ ने कहा कि नाबालिगों के बीच या उनके साथ संबंध में तथ्यात्मक सहमति 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम' के प्रावधानों के तहत अप्रासंगिक है। अदालत ने आरोपी व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा दायर उस अर्जी को खारिज कर दिया।

## महाअष्टमी पर 'कुमारी पूजा'



**कोलकाता।** देशभर में दुर्गा पूजा उत्सव के तहत 'महाअष्टमी' के दिन 'कुमारी पूजा' के दौरान लोग छोटी कन्याओं की पूजा करते हैं। उनके पैरों में आलता लगाकर, उन्हें चुनरी ओढ़ाकर, उनकी पूजा-अर्चना करते हैं और कन्याओं को भोजन करवाते हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक बड़े आयोजन के दौरान कन्याओं को पूजते लोग।

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. मल्होत्रा का निधन, कार्यकर्ताओं ने जताया दुख, दी श्रद्धांजलि

# दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का



मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था। वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

वे दिल्ली से 5 बार सांसद और 2 बार विधायक रहे थे। वीके मल्होत्रा के निधन पर पीएम मोदी, सीएम रेखा से लेकर कई भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि जनसंघ और भाजपा के इतिहास में प्रो. वीके मल्होत्रा जैसे दिग्गजों का विशेष स्थान है। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया।


### निधन अत्यंत पीड़ादायक अपूरणीय क्षति: सीएम गुप्ता



सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार की ओर उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा। सीएम ने आज उनके निवास पर जाकर वीके मल्होत्रा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका निधन अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। वे मल्होत्रा भारतीय जनसंघ और भाजपा की प्रथम पंक्ति के योद्धा थे। उन्होंने न केवल दिल्ली की राजनीति को दिशा दी।

### संगठन विस्तार में अहम भूमिका: सीएम योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि भाजपा संगठन के विस्तार में



उनकी अहम भूमिका रही है। उनका निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### जीवन सादगी एवं जनसेवा की मिसाल: सचदेवा

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि



प्रो. विजय मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जन सेवा को समर्पण की मिसाल रहा, उन्होने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए जनसंघ काल से बहुत काम किया। उनका जीवन हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरणा देता रहा है और देता रहेगा।

81 सालों से निरंतर उपस्थिति बरकरार

## भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की काउंसिल में फिर चुना गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की काउंसिल के पार्ट-II में दोबारा चुना गया है। यह चुनाव 27 सितंबर 2025 को मॉन्ट्रियल में आयोजित 42वें आईसीएओ असेंबली सत्र के दौरान हुआ। पार्ट-II में वे देश शामिल होते हैं जो अंतरराष्ट्रीय वायु नेविगेशन की सुविधाएं प्रदान करने में अहम योगदान देते हैं। इस बार भारत को साल 2022 की तुलना में अधिक वोट मिले, जो सदस्य देशों के बीच उसकी नेतृत्व क्षमता और वैश्विक विमानन क्षेत्र में योगदान पर बढ़ते



विश्वास को दर्शाता है। भारत आईसीएओ का संस्थापक सदस्य है और 1944 से लगातार 81 वर्षों से काउंसिल में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है। भारत आईसीएओ के सुरक्षित, टिकाऊ, और संतुलित अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईसीएओ असेंबली हर तीन साल में होती है और इसमें 193 हस्ताक्षरकर्ता देश शामिल होते हैं।

### चिकित्सा महाविद्यालय में 1.25 करोड़ का घोटाला उजागर, तत्कालीन अधीक्षक समेत तीन पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर

# 2013 तक नए टेंडर जारी किए बिना ऊँचे दामों पर चलती रही मेडीनोवा से खरीददारी

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा महाविद्यालय में 1.25 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने तत्कालीन अधीक्षक सहित तीन जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि दवा खरीद में नियमों की अनदेखी कर मेसर्स मेडीनोवा फार्मास्यूटिकल्स को लाभ पहुंचाया गया और शासन को करोड़ों का आर्थिक नुकसान हुआ।

### यह हैं मामला

ईओडब्ल्यू सूत्रों के अनुसार, शिकायत में बताया गया था कि वर्ष 2011-12 में चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा दवा और सर्जिकल सामग्री क्रय हेतु निविदा प्रक्रिया शुरू की गई थी। पहले पांच निविदाकारों (एल-01 से एल-05) द्वारा सामग्री आपूर्ति से इंकार करने पर उनके सिक्योरिटी डिपॉजिट



राजसात कर एल-06 निविदाकार मेडीनोवा से अनुबंध किया गया। 18 अक्टूबर 2011 को यह अनुबंध निष्पादित हुआ, लेकिन इसमें समाप्ति तिथि का उल्लेख नहीं किया गया। बाद में तत्कालीन अधीक्षक और फार्मासिस्ट पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2013 तक नए टेंडर जारी किए बिना लगातार मेडीनोवा से ऊंचे दामों पर दवाएं व सामग्री खरीदीं।

### अतिरिक्त भुगतान और भ्रष्टाचार की पुष्टि

जांच में पाया गया कि फार्मासिस्ट आर.पी. दुबे ने जनवरी 2012 में क्रय शाखा का प्रभार संभालने के बाद भी निविदा नीति की अनदेखी की। इसी दौरान तत्कालीन संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक सविता वर्मा ने भी अनुबंध की खामियों को नजरअंदाज किया और कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने की नियत से कार्यवाही की। इस पूरी प्रक्रिया में शासन को करीब 1.25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा।

### तत्कालीन अधीक्षक, फार्मासिस्ट पर कार्रवाई

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने प्राथमिक जांच के बाद तत्कालीन अधीक्षक, फार्मासिस्ट आरपी दुबे और अन्य जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# फ्लाई ओव्हर की सौगात दिलाने बंगाली समाज ने किया राकेश सिंह का सम्मान

### बंगाली समाज के दुर्गा पूजा समारोह में शामिल हुए लोक निर्माण मंत्री

**जबलपुर।** बंगाली समाज की प्रतिष्ठित संस्था सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का शहर को प्रदेश का सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर की सौगात दिलाने पर आज दुर्गा पूजा के शताब्दी समारोह में सम्मान किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मंगलवार की देर शाम करमचंद चौक स्थित सिटी बंगाली क्लब में माँ दुर्गा की आराधना और बंगाली समाज द्वारा रखी गई शक्तिस्वरूपा माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन करने पहुंचे थे। इस अवसर पर आयोजित समारोह में लोक निर्माण मंत्री का बंगाली समाज की ओर से स्वागत किया गया तथा फ्लाई ओव्हर सहित शहर को कई बड़े विकास कार्यों की सौगात दिलाने पर उनका सम्मान किया गया।

लोक निर्माण श्री सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए बंगाली समाज को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि



बंगाली समाज ने हमेशा जबलपुर की सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाया है और शहर की पहचान को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। श्री सिंह ने बताया कि साढ़े ग्यारह सौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला फ्लाई ओवर प्रदेश का सबसे बड़ा और देश का अनोखा प्रोजेक्ट है। उन्होंने जबलपुर में हो रहे बड़े विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि लगभग 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से 118 किलोमीटर लंबी रिंग रोड का निर्माण कार्य चल रहा है, जो देश की दूसरी सबसे बड़ी रिंग रोड होगी। श्री सिंह ने कहा कि शहर में लगभग 1500 करोड़ रुपये की लागत से दो केबल कार प्रोजेक्ट भी शुरू होने वाले हैं, वहीं ग्वारीघाट में माँ नर्मदा तट पर करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से देश का पहला और अनोखा घाट विकसित किया जायेगा।



# दिवंगत आरक्षक के परिजनों को मिला 1 करोड़ का सहारा

**पुलिस कप्तान की मौजदूगी में एसबीआई ने सौंपा चेक**

**हरिभूमि, जबलपुर।** सड़क दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा गए आरक्षक योगेंद्र परस्ते के परिवार को शुक्रवार को बड़ा आर्थिक संबल मिला। पुलिस सेलरी पैकेज अकाउंट के तहत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने परिजनों को 1 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया। यह चेक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा कि पुलिस विभाग हमेशा अपने प्रत्येक जवान और उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह आर्थिक सहयोग दिवंगत आरक्षक योगेंद्र परस्ते के परिवार के लिए एक मजबूत सहारा बनेगा। चेक सौंपने के अवसर पर एसबीआई रीजनल मैनेजर अर्जुन सिंह विष्ट, कमला नेहरू ब्रांच की चीफ मैनेजर वंदना पटैल, चीफ मैनेजर यतीन्द्र कुमार गोतम और वेल्थ हब के रिलेशनशिप मैनेजर असीम जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन 4 अंजना तिवारी, सीएसपी माढोताल बीएस गोठरिया, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य भी मौजूद रहे।

# बाईक की टक्कर से महिला घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत बजरिया वार्ड 14 कटंगी में घर के सामने बात कर रही एक महिला को एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे उसके हाथ, पैर में चोटें आ गई। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरिया वार्ड 14 कटंगी निवासी सुधा नामदेव अपने घर के सामने शुक्राना बेगम के साथ खड़े होकर आपस में बात कर रही थी तभी पठानी मोहल्ला की ओर से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 0947 के चालक ने शुक्राना बेगम को टक्कर मार दी, जिससे उसके हाथ पैर में चोटे आ गयी। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पंजाबी दशहरा में 75 फुट रावण दहन और इन्द्रधनुषी आतिशबाजी आज

### प्रशासन सतर्क, सुरक्षा इंतजाम पुख्ता, कलेक्टर, पुलिस कप्तान ने किया मैदान का निरीक्षण

हरिभूमि, जबलपुर।

शहरवासी आज होंगे गवाह 73वें पंजाबी दशहरे के भव्य आयोजन के। इस बार का उत्सव खास होगा क्योंकि 75 फुट ऊँचे रावण और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन तो होगा ही, साथ ही आसमान रंगीन आतिशबाजी और मुंबई से आई 10 सदस्यीय टीम के आकर्षक फायर शो से झिलमिलाएगा।

### आतिशबाजी का नया अंदाज

पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के प्रवक्ता उमेश शर्मा ने बताया कि इस बार दर्शक शिवाकाशी और जबलपुर के प्रख्यात आतिशबाजों के बीच शानदार मुकाबला देखेंगे। मुंबई टीम के विशेष शो में इन्द्रधनुषी बहुरंगीय धमाके, म्यूजिक वाले आतिशबाजी आइटम और आसमान में गोल्डन पैलेस मैजिक ग्रीन, ड्रीम लैंड झूला, सायरन तीर



जैसे दर्जनों नए प्रयोग देखने को मिलेंगे। बच्चे विशेष रूप से इस बार सीटी बजाती रंगीन आतिशबाजी से रोमांचित होंगे।

### कलेक्टर, कप्तान ने किया मैदान का निरीक्षण

दशहरे की पूर्व संध्या पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने दशहरा ग्राउंड का निरीक्षण किया। उनके साथ एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी साउथ पल्लवी शुक्ला, नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने विशेष निर्देश दिए कि आतिशबाजी के दौरान दर्शक सुरक्षित दूरी पर रहें और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद हों।

### दशहरा में आकर्षण की भरमार

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष के मुख्य आकर्षण होंगे। जिनमें अश्वरोही दल और दुलदुल घोड़ी, रंग-बिरंगी डिस्को लाइट और डांडिया प्रदर्शन औरविशाल आतिशबाजी मुकाबला और मुंबई टीम का फायर शो प्रमुख रहेंगे।

# डॉग बाइट के मामले में जबलपुर दूसरे नंबर पर

### रैबीज नियंत्रण दिवस पर फिर भी दिखी बेरुखी

**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने कहा है कि डॉग बाइट के मामलें में जबलपुर दूसरे नंबर पर है। इस बात का खुलासा राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनवरी से जून 2025 के 6 माहों के बीच डॉग बाइट के केसेस पर सर्वे में सामने आया है। इसके बावजूद 28 सितंबर को रेबीज नियंत्रण दिवस के अवसर पर न तो नगर निगम ने ही शासन की ओर से जनजागृति या कोई अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उपभोक्ता मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने रैबीज दिवस की याद दिलाते हुए महापौर तथा कलेक्टर को पत्र भेजकर जानकारी दी थी कि राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 6 शहरों, भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन तथा रतलाम को वर्ष 2030 तक रैबीज फ्री सिटी बनाने का लक्ष्य है।महापौर ने भी आवारा श्वानों की समस्या के निवारण हेतु 12 सितंबर को बैठक आयोजित कर केंद्रीय समिति गठित करने की घोषणा की थी। जनसंगठनों ने बैठक आयोजित कर आगाह किया कि रेबीज नियंत्रण में ढिलाई के परिणाम खतरनाक होंगे। लिहाजा तेजी से पालन करने की जरूरत है।

# घर में थैले में रखा सोने का हार चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत न्यू ग्रीन सिटी में एक किराए के मकान में थैले में रखा सोने का हार चोरी चला गया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू ग्रीन सिटी चौक हनुमान मंदिर के सामने माढ़ोताल निवासी 26 वर्षीय दया यादव गत दिवस अपने घर ग्राम महगवां से एक पुराना हार थैले में रखकर ठीक करवाने के लिये जबलपुर अपने किराये के मकान न्यू ग्रीन सिटी आया था, उसने हार अपने ग्रीन सिटी वाले किराये के मकान में रख दिया था। उसके साथ किराए के मकान में उसका बड़ा भाई विवेक यादव, मित्र कपिल पटेल, भांजा अभिषेक, अनुराग पटेल उसकी बहन अकांक्षा पटेल सभी एक साथ एक ही मकान में किराये से रहते थे। अनुराग पटेल रात में नौकरी करता है जिस कारण वह दिन में कमरे में रहता था और बाकी लोग दिन में अपने काम पर चले जाते है। गत शाम लगभग 7.30 बजे उसने अपने थैले में हार को चैक किया तो हार नही था उसने अपने साथ के सभी लोगों से हार के बारे में पूछताछ की जो नहीं मिला। अज्ञात चोर थैले में रखा सोने का हार चोरी कर ले गया है। पुलिस



# कलेक्टर-एसपी ने देखी तिलवारा स्थित विसर्जन कुंड की व्यवस्थाएं

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने मंगलवार को तिलवाराघाट स्थित विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर यहाँ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। प्रकाश और साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था तथा गोताखोरों की तैनाती पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत उन्होंने दी। जोर दिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने तिलवारा कुंड में विसर्जित की जाने वाली प्रतिमाओं की अनुमानित संख्या, कुंड की गहराई तथा अपशिष्ट प्रबंधन के इंतजामों की जानकारी भी अधिकारियों से ली। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं अंजना तिवारी, नगर निगम के उपायुक्त विद्यानन्द वाजपेयी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# भारी भीड़ के चलते पुलिस ने बनाए वैकल्पिक मार्ग

### नवरात्रि पर यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकस

हरिभूमि, जबलपुर।

शारदेय नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए जबलपुर पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध और वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन और बाजार में आवाजाही में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इन मार्गो पर रहेंगी प्रमुख व्यवस्थाए-

**-सदर क्षेत्र :** पैंटीनाका, यादगार चौक और जैसवाल पेट्रोल पंप के बीच चार और तीन पहिया वाहनों का डायवर्जन रहेगा। बाजार क्षेत्र में किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।-गोराबाजार से ग्वारीघाट : आने वाले वाहन पैंटीनाका–सृजन चौक–यादगार चौक–गन चौक–जैसवाल पेट्रोल पंप मार्ग से होकर ही ग्वारीघाट जा सकेंगे।कपूर क्रॉसिंग व छोटी लाइन : गोरखपुर बाजार की ओर चार और तीन पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वाहन चालक बंदरिया तिराहा से छोटी लाइन होकर आगे बढ़ सकेंगे।

**-गढ़ा फाटक**–महाकाली मंदिर क्षेत्र : भीड़ को देखते हुए रानीताल, शंकर घी भंडार और लोहिया पुल से आगे केवल पैदल यात्रियों को प्रवेश मिलेगा। वाहन रानीताल में पार्क करने होंगे।-गंजीपुरा बाजार : सुपर मार्केट, कछियाना, पांडे चौक, तुलाराम चौक और मिलौनीगंज से बड़ा फुहारा की ओर चार और तीन पहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बाजार में जाने वाले वाहन श्रीनाथ की तलैया में पार्क कर पैदल प्रवेश कर सकेंगे।

### पुलिस की अपील-

कप्तान उपाध्याय ने संस्कारधानी वासियों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था में सहयोग करें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, और व्यवस्था को सफल बनाने में नागरिकों की सहभागिता अहम होगी।

# फिजियोथेरेपी, योगा व एंटी ओबेसिटी क्लिनिक का भव्य शुभारंभ

**जबलपुर।** नव आदर्श कॉलोनी स्थित मेहता पेट्रोल पंप के पीछे, जबलपुर में आधुनिक फिजिकल फिजियोथेरेपी, योगा एवं एंटी ओबेसिटी क्लिनिक का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज थे, जबकि अध्यक्षता उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के सेवक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मोनू श्रीवास एवं डॉ. विकास तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने क्लिनिक की सराहना



करते हुए कहा कि यह आधुनिक फिजियोथेरेपी क्लिनिक शहरवासियों को नई स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। डॉ. मोनू श्रीवास एवं डॉ. विकास तिवारी ने बताया कि क्लिनिक में लेजर थेरेपी, इलेक्ट्रोथेरेपी, स्पोर्ट्स इंजरी ट्रीटमेंट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, देवसिंह उइके सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# रॉयल डिलाइट प्रोजेक्ट में अवैध निर्माण को हटाने का आदेश बरकरार

जबलपुर।

व्यवहार न्यायाधीश स रितिका विजय कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सिविल लाइन्स स्थित रॉयल डिलाइट प्रोजेक्ट में स्वीकृत मानचित्र के अतिरिक्त अवैध निर्माण को हटाने का आदेश बरकरार रखते हुए वादी की अपील निरस्त कर दी।

आर कंस्ट्रक्शन द्वारा सिविल लाइन में स्थित रॉयल डिलाइट प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया था। कॉमन छत व बेसमेंट में स्वीकृत मानचित्र के अतिरिक्त बड़े स्तर पर अवैध निर्माण कर रहवासियों के हितों की अनदेखी की गई थी। बेसमेंट पार्किंग में टेंट वाले ने कब्जा कर लिया था। इस मामले में नगर निगम ने 24 अगस्त 2016 एवं 21 सितंबर 2016 को नोटिस जारी कर अतिरिक्त अवैध निर्माण को हटाने का आदेश दिया था। उस आदेश को आर कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर स्व. राजेंद्र वर्मा उर्फ राजू व उनकी पत्नी झूमा वर्मा द्वारा सिविल कोर्ट में चुनौती दी गई। कोर्ट ने मामले में अस्थाई निषेधाज्ञा देने से इनकार करते हुए वाद



निरस्त कर दिया था। इसके विरुद्ध कंपनी द्वारा अपर जिला न्यायाधीश जबलपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई, जोकि निरस्त हो गई। इसके बाद वादी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायाधीश को जल्द सुनवाई का आदेश देते हुए मामला वापस भेजा। सुनवाई के बाद न्यायालय ने पूर्व का आदेश यथावत रखते हुए अपील निरस्त कर दी। मामले में अनावेदक के रूप मेंu बलिराम शाह, वंदना अग्रवाल, राजेश्वर सिंह चौहान आदि की ओर से आपत्ति पेश की गई थी।

# वार्डन की पदस्थापना के मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रीवा के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास डुबगवां में वार्डन की पदस्थापना के मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने कलेक्टर रीवा को वार्डन के चार्ज को लेकर उपजे विवाद का निराकरण करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि अभ्यावेदन पर निर्णय लेने के पहले याचिकाकर्ता व अनावेदक को सुनवाई का अवसर भी दें।रीवा निवासी शकुंतला देवी निरत की ओर से अधिवक्ता शिशिर सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास मऊगंज में वार्डन के पद पर पदस्थ थीं। उन्हें 24 जुलाई 2023 को डुबगवां छात्रावास का प्रभार भी दिया गया। दलील दी गई कि कलेक्टर ने 29 अगस्त 2025 को अनावेदिका आशा द्विवेदी को डुबगवां का वार्डन बना दिया, जबकि उन पर अनियमितता के आरोप थे। याचिकाकर्ता ने 6 सितंबर 2024 को ही मऊगंज छात्रावास के वार्डन पद से इस्तीफा दे दिया है।

# मां की आराधना में डूबे भक्त, जगह-जगह सजे मां के पंडाल


झंकार बाबाताल सिहोरा


गढ़िया मोहल्ला सिहोरा


अध्धू मोहल्ला सिहोरा


पालीवाल कॉलोनी खितौला


नव ज्योति झंडा बाजार


पोस्टऑफिस खितौला स्टैंड


हिन्दी स्कूल सिहोरा


नया बस स्टैंड सिहोरा


कटरा मोहल्ला रोड सिहोरा


अंकुर समिति झंडाबाजार सिहोरा

## प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था

# सिहोरा का दशहरा चल समारोह आज

**सिहोरा।** नगर मे स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह आज विजयदशमी पर अपनी गौरवशाली परम्परा के साथ शाम 7 बजे कटरा मोहल्ला से प्रारम्भ होगा जो हिरन नदी खितौला घाट में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न होगा। जिसको लेकर नगर पालिका एंव स्थानीय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हिरन नदी मझगवां घाट स्थित विसर्जन कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा ने बताया की रात्रि करीब 8 बजे से प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा इसको देखते हुए विसर्जन कुंड की सफाई के साथ पार्किंग,सड़क,बिजली की व्यवस्था को ठीक करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा विसर्जन हो इसके लिए नगर पालिका ने विसर्जन स्थल पर गोताखोर की टीम के अलावा हाइड्रा की व्यवस्था के साथ मैदानी अमले की तैनाती की है।

### मुख्य चल समारोह आज शाम निकलेगा

दशहरा चल समारोह आज शाम 7 बजे से कटरा मोहल्ला से प्रारंभ होगा परम्परा अनुसार चल समारोह में सबसे आगे जागरुक युवा समिति गढ़िया मोहल्ला की माता महाकाली उसके बाद जयमानस समिति की महाकाली की प्रतिमा रहेगी उसके बाद जिस क्रम में जो प्रतिमा आयेगी उसका पूजन अर्चन कर नम्बर प्रदान किया जायेगा तत्पश्चात नगर में विराजी अन्य प्रतिमा चलेंगी। चल समारोह झंडाबाजार,कालभैरव चौक,सरावगी मोहल्ला,मैना कुआं,हरदौल मंदिर,बाबाताल से होकर हिरन नदी पहुचेगा जहां देर रात तक सभी छोटी बडी प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम प्रारम्भ हो जायेगा। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया की चल समारोह मार्ग सहित अनेक स्थानों पर सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। तथा जगह जगह प्वाइंट बनाये गये है जहां बल तैनात रहेगा।खितौला थाना प्रभारी अर्चना जाट ने बताया विसर्जन स्थल हिरन नदी के साथ अन्य स्थानों पर बल तैनात रहेंगा।

### क्रम के अनुसार होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

किसी तरह की अनहोनी न हो इसलिए विसर्जन स्थल पर गोताखोर टीम की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही पूजन सामग्री को अलग से रखने और शिफ्टवाइज कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह से शुरू हो जाएगी। क्रम संख्या के आधार पर समितियों को प्रतिमा विसर्जन का मौका दिया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### अनेक स्थानों पर होगी भंडारे की व्यवस्था

दशहरा चल समारोह में शामिल होने नगर के साथ अनेक स्थानों से आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए अनेक स्थानों पर भंडारे एंव पानी की व्यवस्था की गई है। नवमी दिन भी देर रात तक भक्तों ने सड़क पर रतजगा किया तथा जगह जगह बंट रहे अनेक प्रकार के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# पुरानी रंजिश पर चाकू से जानलेवा हमले में युवक घायल

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत यादव कालोनी जसलीन डेयरी के सामने देर रात पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपुरी श्याम डेरी के पास गढ़ा निवासी 18 वर्षीय मोनू उर्फ मान्या ठाकुर गत दिवस अपने साथी शमी दुबे, प्रिंस केवट, अनिल के साथ गढ़ा फाटक से वापस यादव कालोनी के पास बनी भूत नगरी देखने के लिये जसलीन डेयरी के सामने रुका था तभी देर रात लगभग 1.15 बजे लकी मरावी पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगा, मना करने पर उसके साथी रोहित पटैल, प्रिंस पटैल ने उसे पकड़ लिया और लकी ने हत्या करने की नियत से उस पर चाकू से हमलाकर पेट में चोटें पहुंचा दी, उसके साथियों ने बीच बचाव किया तो लकी मरावी ने जान से मारने की धमकी दी।

## पं तरूण चौबे का आगमन आज



**सिहोरा।** संस्कारधानी जबलपुर के ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे जी महाराज का आगमन आज बुधवार को रात्रि 10 बजे सिहोरा आगमन हो रहा है। श्री चौबे बाबाताल शिव मंदिर में स्थापित माता महाकाली की आरती में सम्मिलित होने पहुंच रहे हैं। जय मातेश्वरी भक्त परिवार ने सभी शिष्यों,भक्तों में जगत जननी के दरबार में पहुंचने की अपील की है।

प्रशासन की लापरवाही से श्रद्धालुओं की जान पर बन आई

# सुहजनी दशहरा के दौरान सड़कें बदहाल

**मझौली।** नगर परिषद मझौली की लापरवाही एक बार फिर उजागर हो रही है। नगर से महज 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सुहजनी, जहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता सुहजनी वाली का विशाल दशहरा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, वहां तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु सुहोजनी पहुंच रहे हैं, लेकिन मझौली से इन्दाना रोड होते हुए सुहोजनी तिराहा तक की सड़क की हालत बद से बदतर बनी हुई है। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हैं, पुलिया जर्जर



स्थिति में है और सड़क पर रेत-गिट्टी फैली हुई है। वहीं, अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण हालात और भी गंभीर हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दशहरा पर्व के दौरान इस मार्ग पर दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, और पहले भी इस दौरान हादसों में मौत तक हो चुकी है। इसके बावजूद नगर परिषद और पुलिस प्रशासन आंख मूंदे बैठा है, मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि, सड़क पर फैले गड्ढों की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए, इन्दाना और सुहजनी तिराहे पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, अतिक्रमण हटाकर सड़क को सुगम बनाया जाए। नगरवासियों ने आगे कहा कि प्रशासनिक चुप्पी अब असहनीय हो चुकी है, और यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# घर में रखा मोबाइल चोरी

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत समदड़िया आदर्श ड्यूप्लेक्स चेरीताल में घर पर रखा मोबाइल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार समदड़िया आदर्श ड्यूपलेक्स चेरीताल निवासी 64 वर्षीय चंद्रकांत पटवा गत सुबह लगभग 11 बजे अपने परिवार के साथ घर पर था। उसके घर में रेनोवेशन का काम चल रहा है इसलिये अपने परिवार के साथ ऊपर वाले कमरे में था और उसने अपना फोन सेमसंग कम्पनी का जेड फोल्ड 6 नीचे वाले कमरे में टेबल पर रखा था तथा घर का दरवाजा खुला था। लगभग 11.30 बजे एक व्यक्ति नीचे वाले फ्लोर से होते हुये सीधे ऊपर आ गया ओर उससे पूछा कि गरबा की ड्रेस यहां मिलती है क्या तो उसकी पत्नी ने बतायी कि पहले गरबा की ड्रेस किराये पर देने का काम उसके यहां होता था अब नहीं होता है तो उक्त व्यक्ति उसके घर से बाहर चला गया था उसने कुछ देर बाद नीचे वाले कमरे में आकर देखा उसका मोबाइल टेबल पर नही था, तलाश करने पर नहीं मिला उसे शंका है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति उसक मोबाइल चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 333 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# जुए के फड़ पर छापा, 8 जुआड़ियों से 41 हजार रूपये जप्त

**जबलपुर।** केंट पुलिस ने मोतीलाल नेहरु अस्पताल कंपाउंड आम गैलरी सदर में जुआ मन्ना खेल रहे आठ जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के पत्ते और 41 हजार 200 रुपए जब्त किए है। केंट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटले ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मोतीलाल नेहरु अस्पताल कम्पाउंड आम गैलरी सदर में जुआ मन्ना खेल रहे पुरूषोत्तम केवट , नीलेश पोहानी, सिंकदर अहमद अंसारी, गोपाल प्रसाद, चंदन अहिरवार, सावन जाट, नितिन पटैल, अमन सोनकर को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश पत्ते तथा 41 हजार 200 रूपये जब्त करते हुये सभी जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया जुआड़ी सावन जाट अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध जुआ एक्ट एवं मारपीट के डेढ दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है।

पुलिस कंट्रोल रूम में हुआ भावभीना समारोह

# 43 वर्ष की बेदाग सेवा के बाद विदा हुई सूबेदार



**हरिभूमि, जबलपुर।**

पुलिस विभाग की जानी-मानी शख्सियत और 43 वर्षों तक निष्ठा व ईमानदारी से सेवा देने वालीं सूबेदार (एम) श्रीमति प्रेमा सोनकर मंगलवार को सेवा निवृत्त हो गईं। इस अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम, जबलपुर में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में श्रीमति सोनकर को स्मृति चिन्ह, पेंशन, ग्रेज्युटी, बीमा एवं अवकाश नगदीकरण से संबंधित दस्तावेज भेंट कर उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा आपकी 43 साल की सेवा अवधी शानदार, यादगार और बेदाग रही। आपने निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और जबलपुर पुलिस को अमूल्य योगदान दिया। जिस प्रकार आपने विभाग में उज्ज्वल छवि कायम रखी है, उसी प्रकार सेवा निवृत्ति के बाद भी परिवार संग स्वस्थ और सुखमय जीवन व्यतीत करें। उन्होंने आगे कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो विभाग हर संभव सहयोग करेगा और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। सहकर्मियों ने भी श्रीमति सोनकर के विनम्र स्वभाव, कार्यनिष्ठा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर एएसपी यातायात अंजना तिवारी, सीएसपी माढोताल एवं डीएसपी मुख्यालय बीएस गोठरिया, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।




**श्री भास्कर सोनी**- दीक्षितपुरा मन्नूलाल अस्पताल के सामने निवासी श्री भास्कर सोनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कांता अग्रवाल**- निवाडग़ंज निवासी श्री अनंदी अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कांता अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रुक्मणी पंडोले**- पंजाबी मोहल्ला मस्ताना चौक रांझी निवासी श्री मोहन लाल पंडोले की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी पंडोले (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित कुमार रैकवार**- लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री ललित कुमार रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम सुंदर विश्वकर्मा**- पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री श्याम सुंदर विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी गौतम**- गढ़ाफाटक निवासी श्रीमती राजकुमारी गौतम (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री देवी दयाल चौधरी**- अम्बेडकर नगर गली नं. 5, पोलीपाथर निवासी श्री देवी दयाल चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप भोजक**- खटीक मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री दिलीप भोजक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई**- शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री लल्लू राम की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा जैन**- चेरीताल परिजात बिल्डिंग के पीछे निवासी श्रीमती पुष्पा जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजू सिंह ठाकुर**- गौरीघाट पानी की टंकी के पास निवासी श्री संजू सिंह ठाकुर (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कनिष्का भोजक**- खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री आशीष भोजक की अल्पायु पुत्री कनिष्का (03) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय कुमार श्रीवास्तव**- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अजय कुमार श्रीवास्तव (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**आर्यन चौधरी**- कांचघर निवासी श्री निकलेश चौधरी के अल्पायु पुत्र आर्यन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कविता बर्मन**- कैमोर कटनी निवासी श्री राहुल देव बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती कविता बर्मन (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# शेयरों में एफएंडओ के नए नियम आज से होंगे सख्त, निवेशकों पर पड़ेगा असर

## बहुत ज्यादा सट्टेबाजी को रोकने में मिलेगी मदद, बदलाव मार्केट स्टैबिलिटी को मजबूती देने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेबी ने नियमों में ये बदलाव बहुत ज्यादा स्पेकुलेशन को रोकने और एफएंडओ सेगमेंट में मार्केट स्टैबिलिटी को मजबूती देने के लिए किए हैं। शेयरों के फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) के नियम 1 अक्टूबर से बदलने जा रहे हैं। मार्केट-वाइड पोजीशन लिमिट (एमडब्ल्यूपीएल) की परिभाषा सेबी ने बदल दी है। बैन पीरियड में स्टॉक में पोजीशन के नियम बदल गए हैं। इंडेक्स ऑप्शंस में इंट्राडे पोजीशन लिमिट की मॉनिटरिंग अब नए तरीके से होगी। अब सिंगल स्टॉक्स में इंडिविजुअल एंटिटी लेवल पोजीशन लिमिट होगी। मार्केट-वाइड पोजीशन लिमिट (एमडब्ल्यूपीएल) या अनुमति प्राप्त दांव लगाने की अधिकतम संख्या अब स्टॉक के कैश वॉल्यूम और फ्री फ्लोट से लिंक्ड होगी। बहुत ज्यादा पोजीशन बनने से रोकना इसका मकसद है। यह लिमिट फ्री फ्लोट का 15 फीसदी या सभी एक्सचेंजों पर कैश वॉल्यूम के 65 गुना में से जो कम होगा वह लागू होगी।

इंडेक्स डेरिवेटिव्स में ओवरसाइज एक्सपोजर को रोकने के लिए नेट इंट्रा डे पोजीशंस के लिए प्रति एंटिटी 5,000 करोड़ रुपए की लिमिट होगी। ग्रॉस इंट्राडे पोजीशंस के लिए 10,000 करोड़ रुपए की लिमिट होगी। एक्सचेंजों को ट्रेडिंग सेशन के दौरान कम से कम चार रैंडम स्नैपशॉट के जरिए पोजीशंस की मॉनिटरिंग करनी होगी।

### मैनिपुलेशन का रिस्क घटेगा

अभी एमडब्ल्यूपीएल का फॉर्मूला किसी स्टॉक में नॉन-प्रमोटर्स के शेयरों की संख्या के 20 फीसदी पर आधारित है। एमडब्ल्यूपीएल का हर तीन महीने पर दोबारा कैलकुलेशन होगा, जो पिछले तीन महीने के पारियड में रोलिंग कैश वॉल्यूम पर आधारित होगा। सेबी का मानना है कि एमडब्ल्यूपीएल को कैश मार्केट के डिलीवरी वॉल्यूम से लिंक्ड करने से मैनिपुलेशन का रिस्क घटेगा। साथ ही यह अंडरलाइंग कैश मार्केट लिक्विडिटी के डेरिवेटिव रिस्क को पहले से बेहतर मैनेज करेगा।



### बैन पीरियड में भी एफएंडओ स्टॉक्स में ट्रेड की इजाजत

1 अक्टूबर से बैन पीरियड में भी एफएंडओ स्टॉक्स में ट्रेड की इजाजत होगी। शर्त यह है कि इससे पोर्टफोलियो रिस्क में कमी आना चाहिए। सेबी ने कहा है कि बैन पीरियड में किसी स्टॉक की एंट्री के बाद एंड ऑफ डे बेसिस पर फीचर इक्विटी में कमी आनी चाहिए। अभी अगर स्टॉक बैन पीरियड में एंटर करता है तो कोई नई पोजीशन क्रिएट नहीं की जा सकती है। किसी शेयर के लिए अगर एक बार मार्केट-वाइड ओपन इंटरेस्ट उस स्टॉक के एमडब्ल्यूपीएल से 95 फीसदी से ज्यादा हो जाता है तो ट्रेडर्स और ब्रोकर्स पोजीशन ऑफसेट कर अपनी पोजीशन घटाने के लिए ट्रेड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### भारत आईसीएओ की परिषद के लिए फिर दोबारा चुना गया

**नई दिल्ली।** भारत को अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की परिषद में फिर से चुना गया है। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत को संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी आईसीएओ की परिषद के भाग II के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है। भाग II में वे देश शामिल हैं जो अंतरराष्ट्रीय नागर हवाई नौवहन के लिए सुविधाओं के प्रावधान में सबसे अधिक योगदान देते हैं। कनाडा के मॉन्ट्रियल में 27 सितंबर को आयोजित 42वें आईसीएओ सभा सत्र के दौरान यह चुनाव हुआ।

### आनंद राठी का शेयर आठ फीसदी बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** आनंद राठी समूह की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड का शेयर मंगलवार को कारोबार के पहले दिन अपने निर्गम मूल्य 414 रुपये से करीब आठ प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर ने 432.10 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 4.37 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान यह 10.74 प्रतिशत चढ़कर 458.50 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि अंत में 7.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 445.65 रुपये पर बंद हुआ।



### सरकार ने चाय पर आधारित दो पाठ्यक्रम किए शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने चाय की किस्म, खुशबू और गुणवत्ता का विश्लेषण करने वाले विशेषज्ञ (सोमेलियर) और चाय के स्वाद के परीक्षण से जुड़े कौशल पाठ्यक्रमों की मंगलवार को शुरुआत की। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा अनुमोदित इन दोनों पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''एनसीवीईटी ने चाय सोमेलियर और चाय के स्वाद परीक्षण से जुड़े कौशल पाठ्यक्रमों को अनुमोदित किया है।''



### रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी के दबाव में रुपया मंगलवार को चार पैसे टूटकर 88.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने हालांकि कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट टल गई।



## आरबीआई ने बैंकों को कार्यशील पूंजी ऋण देने की दी अनुमति

# सोने का कच्चेमाल के रूप में उपयोग करने वाले विनिर्माताओं को कार्यशील पूंजी ऋण की अनुमति

एजेंसी ▶▶| मुंबई


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को कच्चे माल के रूप में सोने का उपयोग करने वाले विनिर्माताओं को आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी ऋण देने की अनुमति दे दी है। यह प्रावधान वर्तमान में केवल जौहरियों के लिए उपलब्ध है। बैंकों पर आमतौर पर किसी भी रूप में सोना/चांदी खरीदने या प्राथमिक सोने/चांदी की गारंटी पर ऋण देने से प्रतिबंध है।

- यह प्रावधान वर्तमान में केवल जौहरियों के लिए उपलब्ध

आरबीआई ने हालांकि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को आभूषण विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण देने के लिए छूट दी है। सोमवार को जारी भारतीय रिजर्व बैंक (स्वर्ण एवं रजत गारंटी पर ऋण) (प्रथम संशोधन) निर्देश 2025 ने ऐसे उधारकर्ताओं की आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छूट का दायरा बढ़ाया है जो अपने विनिर्माण या औद्योगिक प्रसंस्करण गतिविधियों में कच्चे माल के रूप में सोने का उपयोग करते हैं।

**खास बातें**

- बैंकों पर किसी रूप में सोना-चांदी खरीदने की गारंटी पर ऋण देने से प्रतिबंध है
- आरबीआई ने एससीबी को आभूषण विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण देने के लिए छूट दी



### सभी निर्देश 1 अक्टूबर से लागू होंगे

केंद्रीय बैंक ने विदेशों में विदेशी मुद्रा/रुपया मूल्यवर्गित बांड में मूल्यवर्गित सतत ऋण उपकरणों (पीडीआई) पर लागू मौजूदा पात्र सीमा को संशोधित करने से जुड़े निर्देश भी जारी किए। इससे बैंकों को विदेशी बाजारों के माध्यम से अपनी 'टियर-1' पूंजी बढ़ाने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है। ये सभी निर्देश एक अक्टूबर 2025 से लागू होंगे।

### वाणिज्यिक बैंक भी पूंजी प्रदान कर सकते हैं

निर्देशों में कहा गया, '' .. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या 'टियर' तीन या चार 4 यूसीबी उन उधारकर्ताओं को आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी वित्त प्रदान कर सकते हैं जो सोने या चांदी का उपयोग कच्चे माल के रूप में या अपने विनिर्माण या औद्योगिक प्रसंस्करण गतिविधि में कच्चे माल के तौर पर करते हैं जिसके लिए ऐसे सोने या चांदी को सुरक्षा के रूप में भी स्वीकार किया जा सकता है।''

### निवेश या सट्टा उद्देश्य के लिए सोना न खरीदे

'टियर' तीन व चार यूसीबी से तात्पर्य ऐसे शहरी सहकारी बैंक से हैं जो 1,000 करोड़ रुपये से अधिक और 10,000 करोड़ रुपये (टियर 3) या 10,000 करोड़ रुपये से अधिक (टियर 4) की जमा राशि वाले हैं। इस तरह का वित्त प्रदान करने वाले बैंक को यह सुनिश्चित करना होगा कि उधारकर्ता निवेश या सट्टा उद्देश्यों के लिए सोना न खरीदें या न रखें।

### ऋणदाताओं को अधिक लचीलापन प्रदान

केंद्रीय बैंक ने उधारकर्ताओं को लाभान्वित करने और ऋणदाताओं को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (अग्रिमों पर ब्याज दर) (संशोधन निर्देश) 2025 भी जारी किया है। मौजूदा मानदंडों के अनुसार, बैंकों को सभी परिवर्तनशील (फ्लोटिंग) दर वाले व्यक्तिगत या खुदरा ऋणों (आवास, मोटर वाहन) और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को दी गई परिवर्तनशील दर वाले ऋणों को रेपा दर जैसे बाह्य दरों से जोड़ना आवश्यक होगा।

### ऋण जोखिम तीन वर्षों में एक बार बदला जा सकेगा

यद्यपि बैंक बाह्य रेपो दर पर प्रसार का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं, ऋण जोखिम 'प्रीमियम' के अलावा, प्रसार के सभी घटकों को तीन वर्षों में केवल एक बार ही बदला जा सकता है। अग्रिमों पर ब्याज दर पर संशोधित निर्देशों में कहा गया, '' बैंक उधारकर्ता के लाभ के लिए अन्य प्रसार घटकों को तीन वर्ष से पहले कम कर सकते हैं।''

# पीपीएफ समेत लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को एक अक्टूबर, 2025 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए पीपीएफ और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार सातवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

- लगातार सातवीं तिमाही में ब्याज दरों को यथावत रखा गया

वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर, 2025 से 31 दिसंबर, 2025) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025) के लिए अधिसूचित दरों पर बनी रहेंगी।''अधिसूचना के अनुसार, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज चालू तिमाही में मौजूदा 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगा।

### किसान विकास पत्र पर 7.5 प्रतिशत ब्याज दर

किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर अक्टूबर-दिसंबर 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। जुलाई-सितंबर तिमाही की तरह, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान भी मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

# शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही।

- मौद्रिक समीक्षा से पहले निवेशक सतर्क

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ। इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही। इसके अलावा वायदा अनुबंधों की मासिक समाप्ति का दिन भी होने से कारोबार सीमित रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक इस समय चल रही है। इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी बुधवार को दी जाएगी। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।



### बाजार सीमित दायरे में काम कर रहा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "नीतिगत दर पर फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने, वायदा सौदों की मासिक समाप्ति के दिन घरेलू बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। हालांकि पिछले सप्ताह की लगातार गिरावट के बाद बाजार ने स्थिर होने की कोशिश की।"

### अरुण अलगप्पन फिर चुने गए एसआईसीसीआई अध्यक्ष

**चेन्नई।** कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के कार्यकारी चेयरमैन अरुण अलगप्पन को फिर से साउथर्न इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) का अध्यक्ष चुना गया है। एसआईसीसीआई की मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शहर में आयोजित 115वीं वार्षिक आम बैठक में वीएनएस लीगल के संस्थापक वी. एन. शिव शंकर को फिर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष जबकि एएमपीए समूह के प्रबंध निदेशक एएमपीए पलानीअप्पन को उपाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। इसमें कहा गया, '' यह नेतृत्व दल मिलकर दक्षिणी भारत में नवाचार, उद्यमशीलता एवं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के एसआईसीसीआई के लक्ष्य का मार्गदर्शन करता रहेगा।'' एसआईसीसीआई की स्थापना 1909 में की गई थी। इसके पास उद्योग, सरकार और समाज के लिए काम करने का 115 वर्ष से अधिक का अनुभव है।



# शेषसाई टेक्नोलॉजीज तीन प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** भुगतान समाधान प्रदाता शेषसाई टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर अपने 423 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 436 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 2.12 प्रतिशत चढ़कर 432 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,747.30 करोड़ रुपये रहा। शेषसाई टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 813 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत बृहस्पतिवार को बोली के अंतिम दिन 68.13 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 402-423 रुपय प्रति शेयर था।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का आईपीओ सात अक्टूबर को

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी की अनुषंगी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड, सात अक्टूबर को अपना आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है।कंपनी ने मंगलवार को दाखिल अपनी विवरण पुस्तिका (आरएचपी) में कहा कि शेयर बिक्री नौ अक्टूबर तक बोली के लिए खुली रहेगी, जबकि एंकर निवेशकों के लिए बोली छह अक्टूबर को खुलेगी। एलजी पिछले साल अक्टूबर में हुंदै मोटर्स इंडिया लि. की सूचीबद्धता के बाद यह भारतीय शेयर बाजार में कदम रखने वाली दूसरी दक्षिण कोरियाई कंपनी होगी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने दिसंबर में सेबी के पास आईपीओ के लिए विवरण पुस्तिका दाखिल किए थे। इसके तहत मूल कंपनी 10.18 करोड़ से अधिक शेयर बेचेगी, जो लगभग 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। कंपनी को मार्च में सार्वजनिक निर्गम के लिए नियामक की मंजूरी मिली थी। कंपनी ने कुल निर्गम आकार का खुलासा नहीं किया, लेकिन मामले से परिचित लोगों ने पहले आईपीओ का आकार 15,000 करोड़ रुपये आंका था।

# भारत, ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता बुधवार से लागू होगा। इसके तहत भारत को इस समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिली है।

- भारत को इस समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता

इसके अलावा स्विजरलैंड की घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विजरलैंड हैं। इस समझौते पर 10 मार्च 2024 को हस्ताक्षर किए गए थे। घरेलू ग्राहकों को घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां जैसे उच्च-गुणवत्ता वाले स्विजरलैंड के उत्पाद कम कीमतों पर उपलब्ध होंगे क्योंकि भारत इस व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्ष में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा। संघ ने 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र)**

(तामिया रोड वार्ड क्रमांक- 03 जुन्नारदेव पिनकोड - 480551

Phone (07160) 231007 ULB CODE-802380 Emailid-comjunardev.mpurban.gov.in

क्रमांक/1708/न.पा. / लोनिशा/2025 जुन्नारदेव, दिनांक 29/09/2025

// निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mpternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD _454874_1 Date 29.09.2025 | वार्ड क्र. 04 में मंगल भवन निर्माण कार्य | 02 माह 27,22,384/- लगभग | 5000/- 20500/- | 04-11-2025 |
| 2 | 2025_UAD _454875_1 Date 29.09.2025 | वार्ड क्र. 11 में रिटर्निंगवाल निर्माण कार्य मदरसा के पास। | 02 माह 21,93,080/- लगभग | 5000/- 16500/- | 04-11-2025 |
| 3 | 2025_UAD _454876_1 Date 29.09.2025 | वार्ड क्र. 08 में स्वर्णदीप ज्वेलर्स से लेकर काली मंदिर तक, आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 16,75,732/- लगभग | 2000/- 12600/- | 04-11-2025 |

शर्तें – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mpternders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाड़ा



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एस/16/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN नागभीड़ के अधीन SSE (पी.वे)/NAB के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत गोंदिया-नागभीड़ (BG) सेक्शन के बीच विविध पी.वे कार्य जैसे ट्रैक की डिस्ट्रेसिंग, टाई-टेम्पिंग कार्य, ट्रैक की लिफ्टिंग और पैकिंग आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 86,67,718/- **बयाना राशि:** ₹ 1,73,400/-

**2. निविदा क्र.:** एस/17/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN नागभीड़ के अधीन SSE (पी.वे)/CAF के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नागभीड़ - चांदा फोर्ट (BG) सेक्शन के बीच विविध पी.वे कार्य जैसे ट्रैक की डिस्ट्रेसिंग, टाई-टेम्पिंग कार्य, ट्रैक की लिफ्टिंग, पैकिंग आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 86,57,618/- **बयाना राशि:** ₹ 1,73,200/-

**3. निविदा क्र.:** एस/18/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/NAB के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-CAF सेक्शन (BG) के बीच विभिन्न प्रकार के ट्रैक संबंधी कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,45,98,065/- **बयाना राशि:** ₹ 2,23,000/-

**4. निविदा क्र.:** ई/31/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत परमलकसा (PMS) सेक्शन में अतिरिक्त लूप लाइन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 12,08,42,709/- **बयाना राशि:** ₹ 7,54,200/-

**5. निविदा क्र.:** ई/32/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/गोंदिया (G) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत परमलकसा (PMS) सेक्शन में अतिरिक्त लूप लाइन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 6,79,57,182/- **बयाना राशि:** ₹ 4,89,800/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ दिनांक **16.10.2025 के 15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/25-127

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**

**खुली निविदा**

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल–एन–सिग.–टेण्डर–2025–35. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग खंड (बीजेक्यू-एमएकेआर) पर समानांतर डिजिटल एक्सल काउंटर और यूएफएसबीआई के प्रावधान द्वारा सिस्टम विश्वसनीयता बढ़ाने के संबंध में एसएंडटी कार्य (सिग्नलिंग कार्य)। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,61,92,061.26. **निविदा फार्म की कीमतः** 00. **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **बयाना राशिः** ₹ 2,81,000/-. **समापन अवधिः** 11 माह। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 27.10.2025 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)**

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग**

**नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**

**कार्यालय मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन, जबलपुर**

Phone No. - 0761-2673450 Fax No. - 0761-2672373 E-mail ceunz.2010@rediffmail.com

NIT No. 300/ G/CE/2025 Dated 25/09/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

मध्यप्रदेश पी.डब्ल्यू. डी. विभाग में केंद्रीकृत पंजीकरण प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडों को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मो से एम. पी. डब्ल्यू. आर. डी. यू. सी. एस. आर. दिनांक 11-07-2024 से लागू प्रतिशत के आधार पर (फॉर्म "ए" में) निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 300/सा./मु.अ./2025, दिनांक 25/09/2025 | बरगी दांयी तट नहर की आर.डी.102.00 किमी से आर. डी.104.00 किमी खुदाई और निर्माण का शेष कार्य, संरचनाओं और सीमेंट कंक्रीट लाइनिंग सहित | रू.316.045 लाख (जी.एस.टी.सहित ) (रु. तीन सौ सोलह लाख एवं चार हजार पांच सौ मात्र) | रू. 316100/- (रु. तीन लाख सोलह हजार एक सौ मात्र) | रू.15000/- (रू. पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह (वषार्काल सहित) |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये https://www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउण्ट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय दिनांक 25/09/2025 सायं 17:30 बजे से 10/10/2025 सायं 17:30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशार्या जायेगा। समाचार पत्र में नहीं ।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
अपर नर्मदा जोन, जबलपुर

G-19437/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## चिंतन

# पाक को लहूलुहान कर रहे उसके पाले आतंकी

जो कांच के मकान में रहते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। यह कहावत पूरी तरह से पाकिस्तान पर फिट बैठती है। वो आतंकवाद का पोषण करते-करते खुद उसके जाल में फंस चुका है। जिन आतंकियों को उसने भारत में खून-खराबा करने के लिए पाला था, अब वही पाक में खून की नदियां बहा रहे हैं, लेकिन पाक हुक्मरान अभी भी इसे कबूल करने की बजाए आतंकवाद का महिमामंडन करने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को पाक के क्वेटा शहर में भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में चार आतंकवादी भी बताए जा रहे हैं। विस्फोट पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास एक गाड़ी में हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरारें आ गई। क्वेटा में इस महीने यह दूसरा बम ब्लास्ट हुआ है। इससे पहले 3 सितंबर को क्वेटा बलूच नेशनल पार्टी की रैली के दौरान बम विस्फोट हुआ था। इसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हालात ये हो गए हैं कि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। टीटीपी हमलों में 90 फीसदी की वृद्धि हुई है और बलूच आर्मी के हमले 60 प्रतिशत बढ़े है। वहां के नेता इससे सीख लेने की बजाए इसका दोषारोपण भारत पर करके पल्ला झाड़ने की बेहयाई दिखाने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को हुए हमले के कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति आसीफ अली जरदारी ने बयान जारी कर दिया कि हमले के पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का हाथ है। बिना किसी जांच, बिना किसी सबूत किसी पर भी आरोप लगा देना, ये केवल और केवल पाकिस्तानी हुक्मरान ही कर सकते हैं। जबकि सच्चाई ये है कि 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया तो इससे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान नाराज हो गया, वे इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी नेताओं का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए। इससे उनकी नाराजगी और भी बढ़ गई। इसके चलते वो पाक में खून-खराबा कर रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। खुद पाक मानता है कि टीटीपी पश्तून समुदाय की गरीबी, बेरोजगारी और सरकार की अनदेखी जैसी शिकायतों का फायदा उठाता है और उनके सहयोग से हमलों को अंजाम देता है। फिर इसमें भारत कहां से आ गया। पाक नेताओं को कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। अब जबकि उसका अपना घर जल रहा है, वो इसे समझने की बजाए भारत पर ही निशाना साधने की फिराक में है। इसमें उसे रत्तीभर सफलता नहीं मिल सकती। क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का पोषक है। उसने सैकड़ों की संख्या में आतंकी सरगना पाल रखे हैं।

# एआई के दुरुपयोग को रोकना होगा



तकनीक

योगेश कुमार सोनी

> तकनीकी का जितना फायदा नहीं होता उससे ज्यादा नुकसान होने लगता है। बीते दिनों एक रिपोर्ट आई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद के लिए कुछ लोगों के नकली आधार व पैन कार्ड बनाने का प्रयास किया गया जिससे इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को चिंता सताने लगी। वहीं आजकल अपनी फोटो को चैट जीपीटी द्वारा कलात्मक व आकर्षक बनाने के लिए लोग इसका जमकर प्रयोग कर रहे हैं जो आजकल बहुत ट्रेंड कर रहा है। दरअसल, हम चाहें तो किसी तकनीकी का सही प्रयोग कर बहुत हासिल कर सकते हैं लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को डरा रहे हैं। ऐसे लोगों पर तुरंत कार्यवाही हो जिससे कोई भी ऐसा करने से डरे।

तकनीकी का जितना फायदा नहीं होता उससे ज्यादा नुकसान होने लगता है। बीते दिनों एक रिपोर्ट आई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद के लिए कुछ लोगों के नकली आधार व पैन कार्ड बनाने का प्रयास किया गया जिससे इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को चिंता सताने लगी। वहीं आजकल अपनी फोटो को चैट जीपीटी द्वारा कलात्मक व आकर्षक बनाने के लिए लोग इसका जमकर प्रयोग कर रहे हैं जो आजकल बहुत ट्रैंड कर रहा है।

हाल ही में सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी का (बनाना एआई साडी ट्रेंड) वायरल हो रहा है जिसमें यूजर्स अपनी फोटो को एआई की मदद से साड़ी में बदल रहे हैं। बीते दिनों एक महिला ने बताया कि उसने इस ऐप का प्रयोग किया और साड़ी वाली तस्वीर बनवाई,लेकिन एआई ने उसकी फोटो के शरीर के उस हिस्से का तिल दिखा दिया जो उसकी अपलोड की गई फोटो में नजर नहीं आ रहा था। इस बात से वह महिला बहुत भयभीत हो गई और इस घटना को डरावना बताया और बाकी लोगों को भी चेताया कि बिना सोचे-समझे अपनी फोटो को इस तरह के एप पर न डालें। इसके अलावा एक लड़का जो किसी लड़की को चाहता था लेकिन लड़की उसको पसंद नहीं करती थी। उसने एआई की मदद से अपना और उसका फोटो को मिलाकर किसिंग वाला वीडियो बना दिया और उसको उस लड़की के रिश्तेदार व दोस्तों को भेज दिया जिससे उसकी इमेज पर बड़ा डेखराब प्रभाव पड़ा। दरअसल आज भी एक आयु वर्ग एआई से परिचित नही हैं तो कुछ लोगों ने उसको असली मान लिया जिससे वह लड़की को ही गलत समझने लगे। स्थिति यह थी कि लड़की आत्महत्या करने की कोशिश करने लगी लेकिन उसको बचा लिया। यह एक छोटी सी घटना है लेकिन देशभर में हर रोज ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो रही है जिससे लोगों की इज्जत व जान जा रही है। इसके अलावा एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई जिसमें देश के बडे-बड़े संतों व कथावाचकों के साथ पोर्न स्टार को बात करते हुए व अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बना दिए। इस घटना से समाज में एक नकारात्मकता फैली व भक्त बहुत नाराज हुए। इसके अलावा महोबा में शातिर दिमाग के लोग एआई का दुरुपयोग कर सरकारी राजस्व को चूना लगाने में लगे थे। महोबा जिले में ऐसा ही हाई-टेक फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने खनिज विभाग की आधिकारिक वेबसाइट की हूबहू कॉपी बनाते हुए नकली पोर्टल तैयार कर लिया था। इस वेबसाइट के जरिए आरोपी ठेकेदारों और बिचौलियों को फर्जी ई-ट्रांजिट पास (रॉयल्टी प्रपत्र) उपलब्ध करा रहे थे। ऐसी घटनाओं के लिए विशेषज्ञ चिंतित तो हैं लेकिन अब तक इसका कोई हल नही निकल पाया। बीते 9 सितंबर 2025 को अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया और व्यक्तियों व प्लेटफॉर्मों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व अन्य तरीकों से उनकी छवि, पहचान और व्यक्तित्व के दुरुपयोग से रोकने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम और चेहरा उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक कि उनके नाम पर कथित रूप से पैसे भी वसूले जा रहे हैं। सेठी ने अदालत को बताया कि उनकी छवि का ऑनलाइन इस्तेमाल यहां तक किया जा रहा है कि किसी की "यौन इच्छाओं की पूर्ति" हो सके, जिसे उन्होंने "बेहद दुर्भाग्यपूर्ण" बताया। ऐश्वर्या की याचिका ने भारत के मनोरंजन उद्योग में डीपफेक और एआई जनित कंटेंट से बढ़ते खतरे को उजागर किया है।बॉलीवुड के दिग्गज जैकी श्रॉफ ने मई में अदालत का रुख किया था। उनका आरोप था कि उनके नाम पर मर्चेंडाइज़ बेचना और उनके विकृत वीडियो बनाने जैसी गतिविधियां प्रथम दृष्टया, उनकी शख्सियत और पब्लिसिटी राइट्स के "अनधिकृत शोषण" के माध्यम से व्यावसायिक लाभ कमाने के प्रयास लगते हैं। अदालत ने उनके व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों की सुरक्षा की थी। हाल के महीनों में कई बड़े सितारों ने भी अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए इसी तरह के कदम उठाए हैं। 2023 में अनिल कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट से अपने नाम, आवाज और मशहूर डायलॉग "झक्कास" के दुरुपयोग पर रोक का आदेश हासिल किया था। उसी समय अमिताभ बच्चन ने भी अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल से सुरक्षा प्राप्त की थी। आज देश में आस्था की दुनिया में प्रख्यात संत प्रेमानंद देश के बड़े संत हैं। कुछ लोगों ने उनको भी नहीं छोड़ा। उनके प्रसारित प्रवचन का कुछ लोग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से दुरुपयोग कर रहे हैं। एआई की मदद से उनके प्रवचन को दूसरी भाषाओं में प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे में श्रीराधा केलिकुंज ने रविवार की शाम चेतावनी जारी कर इस तरह के अमर्यादित कृत्यों से बचने को कहा है। श्री राधा केलिकुंज ने नोटिस में कहा है कि कुछ लोग गुरुदेव श्रीहित प्रेमानंद गोविंदशरण महाराज की वाणी व उपदेशों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अन्य भाषाओं में परिवर्तित कर या मनमाने ढंग से प्रस्तुत कर इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित कर रहे हैं, जो कि मर्यादा और कानून के विरुद्ध है। दरअसल एआई का दुरुपयोग से लगातार अनैतिक गतिविधियों से खास से लेकर आम आदमी तक परेशान हो रहा है। कुछ शरारती तत्व तत्व इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को परेशान कर रहे हैं। इससे निजता का भी हनन हो रहा है व इसके अलावा अन्य कई तरह के संकट बढ़ते जा रहे हैं।



इसके लिए जल्द ही कोई ठोस नीति बनानी चाहिए चूंकि यह एक ऐसा तंत्र बन चुका है जिसकी वजह से बहुत लोगों की जीवन में परेशानी आ रही है। इसके दुरुपयोग होने पर कड़े कानून तो बनने चाहिए, साथ में ऐसे भी फीचर्स होने चाहिए जिससे कि कोई किसी की फोटो व अन्य दस्तावेजों का दुरुपयोग न कर सके। यह बेहद दुर्लभ है। चूंकि इस प्रकरण में निजता पर जो प्रहार हो रहा है उससे विशेषज्ञ भी परेशान हो रहे हैं। दरअसल, हम चाहें तो किसी तकनीकी का सही प्रयोग कर बहुत हासिल कर सकते हैं लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को डरा रहे हैं। ऐसे लोगों पर तुरंत कार्यवाही हो जिससे कोई भी ऐसा करने से डरे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सरोकार

पूजा मेहरा



# रोजगार से ही आत्मनिर्भर बन सकती हैं महिलाएं

हर सुबह की तरह नाथवाना गांव की 27 वर्षीय किरण अपने छोटे से घर के आंगन में बैठी खाना पकाने की तैयारी कर रही है। वहीं बगल में उसके तीन छोटे बच्चे खेल रहे हैं। किरण रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद खेतों में मजदूरी करने भी जाती है। मजदूरी से जो थोड़े पैसे मिलते हैं, उनसे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। वह अक्सर सोचती कि काश गांव में ही कोई ऐसा काम होता जिसे करके वह घर भी संभाल पाती और थोड़ा बेहतर जीवन जी पाती। यह सिर्फ किसी एक किरण की कहानी नहीं है बल्कि उसकी जैसी असंख्य महिलाएं राजस्थान के गांवों में आज भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनकी मेहनत और जिम्मेदारियां बहुत हैं, लेकिन अवसर कम। जिन्हें अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इससे वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाती हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं के विकास का रास्ता रोजगार से होकर ही गुजरता है। इससे न केवल उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है बल्कि उनका आत्म-सम्मान, निर्णय लेने की शक्ति और सामाजिक पहचान भी मजबूत होती है। नाथवाना गांव जैसे इलाकों में महिलाओं को रोज़गार से जोड़ना इसलिए बेहद ज़रूरी है क्योंकि यहां की महिलाएं अब भी परंपरागत सोच, संसाधनों की कमी और शिक्षा की सीमाओं से बंधी हुई हैं। जब उन्हें काम और कमाई का अवसर मिलेगा, तभी वे अपने बच्चों की पढ़ाई, पोषण और परिवार की खुशहाली में बराबरी का योगदान दे सकेंगी। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में महिला श्रम-शक्ति की स्थिति मिश्रित है। ग्रामीण राजस्थान में महिलाओं का श्रम भागीदारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इसका मतलब यह है कि महिलाएं किसी न किसी रूप में काम कर रही हैं, परंतु यह काम ज़्यादातर असंगठित क्षेत्र या कृषि मजदूरी तक सीमित है। एक अध्ययन में बताया गया है कि लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं कृषि और खेतिहर मजदूरी में लगी हैं। यह काम अनिश्चित, कम वेतन वाला और सुरक्षा रहित होता है। यानी महिलाएं मेहनत तो खूब करती हैं, पर उनका योगदान समाज और परिवार दोनों ही जगहों पर कम करके आंका जाता है। नाथवाना गांव में भी तस्वीर लगभग ऐसी ही है। महिलाएं खेतों में काम करती हैं, पशुपालन करती हैं, घर और बच्चों की देखभाल करती हैं। परंतु इन्हें 'रोज़गार' नहीं माना जाता क्योंकि इन कामों के लिए नियमित आय या सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। यही वजह है कि वह आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर बनी रहती है। यदि इन्हें संगठित ढंग से स्वरोज़गार के अवसर, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच मिले तो यह मेहनत एक उत्पादक और सम्मानजनक रोजगार में बदल सकती है। रोजगार से जुड़ी यह कमी केवल आर्थिक पक्ष तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित करती है। एक महिला जो अपने पैरों पर खड़ी होती है, वह न केवल घर के खर्च उठाने में मदद करती है, बल्कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देती है। एक सर्वे के अनुसार जब किसी परिवार में महिला आय अर्जित करती है तो उस परिवार में बालिकाओं के स्कूल जाने की संभावना 20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यही नहीं, परिवार का पोषण स्तर और स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है। नाथवाना गांव में 45 वर्षीय द्रौपदी कहती हैं कि अगर उन्हें सिलाई, बुनाई, कढ़ाई या डेयरी का प्रशिक्षण और छोटा-सा ऋण मिल जाए तो वे घर बैठकर भी कमाई कर सकती हैं। लेकिन आज भी प्रशिक्षण केंद्रों की दूरी, परिवहन की दिक्कतें और सामाजिक बंदिशें उन्हें पीछे खींच लेती हैं। एक और बाधा यह है कि समाज में महिला की भूमिका को अभी भी 'घर तक सीमित' मानने की सोच हावी है। यही कारण है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद कई महिलाएं रोजगार तक नहीं पहुंच पातीं। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान में उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं का काम में शामिल होने का अनुपात केवल 22 प्रतिशत है। इसका साफ मतलब है कि शिक्षा बढ़ने के बाद भी रोजगार का रास्ता आसान नहीं होता, क्योंकि समाज और व्यवस्था दोनों ही स्तर पर समर्थन कम है। हालांकि जब नाथवाना की महिलाएं रोजगार से जुड़ेंगी, तो यह केवल उनकी आय का सवाल नहीं होगा, बल्कि समाज में उनकी आवाज और अस्तित्व को मान्यता देने का सवाल होगा। सके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण और बाज़ार से जोड़ना, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना, और सरकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वदेशी, स्वदेशी और स्वदेशी

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। ऐसे में भारत को फैशन और चोंचलेबाजी छोड़ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। - *खेमराज देवांगन, राजिम*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्मा को नमन



जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भारत-भूटान रेल संपर्क



भारत-भूटान रेल संपर्क, जिनमें से एक भूटान के माइंडफुलनेस सिटी को असम के कोकराझार से जोड़ेगा, एक नए आर्थिक गलियारे की नींव रखेगा। इससे पूर्वोत्तर के फलते-फूलते बाजारों और गेलेफू में बनने वाले नवाचार केंद्र के बीच तालमेल बढ़ेगा।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### निष्पक्ष न्यायिक जांच हो



पिता फौजी, बेटा भी फौजी - जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी बीजेपी सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### पारदर्शिता ही ईमानदारी



उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग जब परीक्षा करवा ही नहीं पाता है तो भंग क्यों नहीं कर दिया जाता। पारदर्शिता ही ईमानदारी को सुनिश्चित करती है और व्यवस्था में विश्वास को भी। कुछ तो है जिसकी पर्दा-दारी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### अफगानिस्तान में बंद हुई इंटरनेट सेवाएं

अफगानिस्तान में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अनैतिकता पर तालिबान की कार्रवाई के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं को संभावित रूप से देशव्यापी स्तर पर बंद कर दिया गया है। तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह पहली बार है जब अफगानिस्तान में इस तरह की बंद की कोई कार्रवाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनैतिकता को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करने के बाद कई प्रांतों के 'फाइबर-ऑप्टिक कनेक्शन' बंद हो गए। इंटरनेट के इस्तेमाल, उस तक पहुंच का समर्थन करने वाले संगठन 'नेटब्लॉक्स' ने सोमवार को बताया कि इंटरनेट के इस्तेमाल के संबंध में मौजूदा वास्तविक जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में 'कनेक्टिविटी' सामान्य स्तर के 14 प्रतिशत तक गिर गई और देशभर में टेलीकॉम सेवाओं में लगभग पूर्ण व्यवधान देखा जा रहा है।



## ऑफ बीट

### हर जगह चेहरे की पहचान के फायदे और नुकसान



अब जब आप किसी दुकान में प्रवेश करें, फ्लाइट में चढ़ें, अपने बैंक खाते में लॉगिन करें या सोशल मीडिया फीड स्क्रॉल करें, तो संभावना है कि आपसे चेहरा स्कैन करने के लिए कहा जाए। चेहरे की पहचान और अन्य प्रकार की बायोमेट्रिक तकनीक अब पहचान का एक आम जरिया बनती जा रही है। इसे तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित बताया जाता है, लेकिन इसके साथ ही यह निजता के उल्लंघन को लेकर भी चिंता पैदा कर रही है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया में केमार्ट जैसे बड़े रिटेलर्स बिना ग्राहक की सहमति के, इस तकनीक का इस्तेमाल कर कानून का उल्लंघन करते पाए गए हैं। तो क्या यह एक खतरनाक तकनीकी अतिक्रमण है या सुरक्षा का भविष्य? और खासकर जब बच्चे भी केवल अपने चेहरे से अपनी पहचान साबित करने लगे हैं, तो इसका परिवारों के लिए क्या अर्थ है? चेहरे की पहचान के दो पहलू चेहरे की पहचान तकनीक को सहज और सुविधाजनक सेवा के रूप में पेश किया जाता है। यात्रा उद्योग में यह बात स्पष्ट है, जहाँ क्वांटास जैसी एयरलाइंस इसे यात्रा को आसान बनाने वाला प्रमुख तरीका मानती हैं। पासपोर्ट और बोर्डिंग पास के झंझट से बचें, बस चेहरा स्कैन करें और आगे बढ़ें।

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## जांच में हुआ खुलासा, करीबियों को लाभ पहुंचाने का लगा आरोप, मामला पंजीबद्ध

# तत्कालीन सीएमओ नितिन बिजवे पर आय से अधिक संपत्ति एवं पद के दुरुपयोग का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में भ्रष्टाचार की गंगा ऐसे अविरल बह रही है कि ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचारियों को कोई खौफ नहीं बचा। नगर निगम हो या जिला पंचायत या फिर नगरपालिका हर विभाग में भ्रष्टाचार का दानव बेधड़क निडर होकर काम कर रहा है। आम आदमी पिसता जा रहा है। परंतु कभी न कभी पाप का घड़ा भरता ही है और ऐसा ही एक मामला आज सामने आया है। जहां आठ साल पुराने मामले में अपराध दर्ज किया गया है।




नितिन बिजवे, तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली जिला छिंदवाड़ा के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच पर पाया गया कि नितिन बिजवे दिनांक 09.12.16 से 09.03.19 तक एवं दिनांक 24.07.19 से 03.09.20 तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी न्यूटन चिखली के पद पर पदस्थ रहे हैं। इस दौरान फर्म एम.पी. ग्रीन इंटरप्राइजेज, वैष्णवी इंटरप्राइजेज, नर्मदा इंटरप्राइजेज, सांई इंटरप्राइजेज, यश इंटरप्राइजेज एवं जी. आर. इंटरप्राइजेज के द्वारा विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों में सामग्री सप्लाई हेतु म.प्र. सरकार के जैम पोर्टल पर पंजीयन कराया गया था ।जाँच पर पाया गया कि फर्म एम.पी. ग्रीन इंटरप्राइजेज की प्रोप्राईटर आरोपी नितिन बिजवे की पत्नि श्रीमति दीपाली बिजवे, फर्म यश इंटरप्राइजेज के प्रोपराईटर आरोपी नितिन बिजवे के पिता श्री गुणवंत राव बिजवे एवं फर्म जी. आर. इंटरप्राइजेज की प्रोपराईटर आरोपी नितिन बिजवे की मां श्रीमति शोभा बिजवे हैं। इन फर्मों के द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से नगर पालिका परिषद, न्यूटन चिखली द्वारा सामग्री क्रय हेतु जारी गई की गई निविदा प्रक्रिया में आनलाइन भाग लिया तथा सामग्री सप्लाई की गई। इस क्रय की गई सामग्री का आरोपी नितिन बिजवे द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली पदस्थ होते हुए अपनी पत्नि श्रीमति दीपाली बिजवे की फर्म एम. पी. ग्रीन इंटरप्राइजेज को कुल 2,81,997/-रू. का भुगतान, आरोपी द्वारा अपने पिता श्री गुनवंत राव बिजवे की फर्म यश इंटरप्राइजेज को 2,92,149/-रू. का भुगतान एवं आरोपी द्वारा अपनी मां श्रीमति शोभा बिजवे की फर्म जी.आर. इंटरप्राइजेज को 61,015/--रू. का भुगतान कुल6,35,161/- रू. का भुगतान दिनांक 23.03.18 से दिनांक 09.10.18 तक अपनी पदस्थापना के दौरान किया गया है।इस प्रकार आरोपी नितिन बिजवे के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग एवं अपराधिक न्यास भंग कर बेईमानी से कार्य करते हुए अपने सगे रिश्तेदारों के नाम से फर्मों का पंजीयन कराकर इन फर्मों से नगर पालिका परिषद, न्यूटन चिखली में अपनी पदस्थापना के दौरान सामग्री सप्लाई कराकर 6,35,161/- रूपये (छः लाख पैतिस हजार एक सौ इकसठ ) भुगतान कर लोक सेवक के रूप में अपने को सौपी गई किसी सम्पत्ति या नियंत्रणाधीन किसी सम्पत्ति का संबंधित फर्मों के लिए तथा स्वयं के लिए बेईमानी से कपटपूर्वक दुर्विनियोग किया है। अतः आरोपी नितिन बिजवे, तत्कालीन मुख्य नगर पालिकाअधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली जिला छिंदवाड़ा के विरूद्ध धारा 409 भा.द.वि. एवं 7(सी), 13(1) ए भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मेंबराया।

## एमवाईएल नेटवर्क से सचेत रहने किया आगाह!

### अमीर बनने और घर बैठे पैसा कमाने का सपना दिखाकर एजेंट कर रहे ठगी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में इन दिनों एक नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के एंजेट खूब सक्रिय है. यह एंजेट गांव के भोले-भाले गरीब युवक-युवतियों को स्कील डेवलमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कम्प्यूटर कोर्स और घर पर बैठे-बैठे ही हर महीने हजारों रुपए की कमाई का सपना दिखाकर अपने साथ जोड़ रहे है. दरअसल, शुरूआत में तो एंजेट कोर्स के नाम पर युवक-युवतियों से साढ़े 10 हजार रुपए की नकदी रकम लेकर उन्हें अपने साथ जोड़ लेते है लेकिन युवक-युवतियों को किसी तरह का कोर्स कराने की बजाए प्रोडेक्ट बेचने और पिरामिड यानी चैन सिस्टम बनाकर अन्य लोगों को जोड़ने के लिए मजबूर करते है. इस बात का खुलासा एमवाईएल नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के झांसे में फंसने वाली कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 08 की फिजा खान और ग्राम लोहमारा की भारती मरठे ने किया है. गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली इन बेटियों को एमवाईएल से जुड़ी युवक-युवतियों ने मारपीट की कोशिश की जिसके बाद पूरा मामला थाने तक पहुंचा और फिर यह पूरा खुलासा हुआ कि किस तरह से एमवाईएल नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के एंजेट कोर्स के नाम पर युवक-युवतियों को ठग रहे है. हालांकि जब नेटवर्क कपंनी से जुड़े हुए लोगों ने पीड़ितों के पैसे वापस कर दिए तो मामला शांत हुआ। एमवाईएल के एंजेंट वैसे तो खुद दोपहिया वाहन से आते है लेकिन जिन गरीब और भोले-भाले लोगों को यह अपने साथ जोड़ना चाहता है उन्हें घर पर बैठे-बैठे ही कोर्स के साथ-साथ हर महीने हजारों और फिर लाखों की कमाई और खुद की चारपहिया वाहन खरीदने का सपना दिखाते है. ग्रामीण परिवेश के लोग इन एजेंटों के जाल में आसानी से फंस जाते है और फंसने के चंद दिनों बाद ही उनके समझ में सारा खेल आता है कुछ लोग इन एजेंटों के बहकावे से बाहर निकल जाते है जबकि कुछ लोग अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय यहीं बर्बाद कर देते है. बता दें कि कटंगी क्षेत्र में कार्य कर रही एमवाईएल नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड सप्लीमेंट्स, हर्बल मिश्रण, सीरम, फेस वॉश, शैंपू, हेयर ऑयल जैसे प्रोडेक्ट एंजेंट के जरिए बेचने का दावा करती है. हालांकि यह लोग प्रोडेक्ट बेचने के नाम पर किसी को अपने साथ नहीं जोड़ते बल्कि एंजेंट यह बताते है कि उन्हें स्कील डेवलमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कम्प्यूटर कोर्स करवाया जाएगा. जबकि पैसा लेने के बाद कंपनी के एंजेंट जुड़ने वाले व्यक्ति को सबसे पहले प्रशिक्षण और साथ में प्रोडेक्ट कीट देते है. इस कीट की कीमत साढ़े 10 हजार रुपए होती है. अब यह कीट खरीदने वाला चाहे बेचे या उपयोग करें खरीदने वाले पर निर्भर करता है लेकिन एक बात यह है कि इसके बाद उन्हें लगातार इसी तरह के प्रोडक्ट को बेचने के अलावा पिरामिड तैयार करने के लिए कहा जाता है।

## पीड़ित नागरिकों ने की पुलिस थाना वारासिवनी में शिकायत

# आयुर्वेदिक दवाईयों से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर 5 लोगों से ठगे 2 लाख 26500 रुपये

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मानव जीवन अगर कठिनाईयों से भरा हो और समाधान निकालने के लिए मार्ग ढूंढने का प्रयास किया जाए, तो कभी-कभी मार्ग में ऐसे रास्ते भी मिल जाते हैं, जिससे हम और भी मुसीबतों में फॅस जाते है। ऐसा ही मामला फिर एक बार प्रकाश में आया हैं, जिसमें 25 से 30 लोग एक फर्जी चिकित्सक के झॉसे में आकर लाखों रूपये गॅवा बैठे हैं। आयुर्वेदिक दवाईयों के माध्यम से बीमारियों को ठीक करने का दावा एक व्यक्ति द्वारा बालाघाट के 3 तथा कटंगी व बुदबुदा के एक-एक व्यक्ति से लगभग 2 लाख 26500 रुपये की ठगी कर ली गई है।



**जीभ का कैंसर ठीक करने के नाम पर लिए एक लाख 30 हजार रुपयेः** पीड़िता निशा खांडेकर ने बताया कि उनके पति को जीभ का कैंसर है। उन्होंने उनके इलाज के लिए अपने रिश्तेदारों से संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि बुदबुदा में 6 से 7 माह से लगातार एक आयुर्वेदिक चिकित्सक आ रहा है। जो दवाईयॉ देता हैं। जिस पर वह कोटवार विनोद मेश्राम के निवास स्थान पर उस आयुर्वेदिक चिकित्सक से मिली। उन्होंने मुझसे समस्या पूछी और ईलाज के लिए 1 लाख 30 हजार का खर्चा बताया। मेरे द्वारा जब पहले दवाई देने और असर देखने की बात कही गई, तो आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा मुझे पहले राशि देने की बात कही गई। मेरे द्वारा 30 हजार रूपये पहली राशि देने पर उनके द्वारा एक बाटल में काडा और 2 प्रकार की दवाई दी गई। वहीं दूसरे दिन 1 लाख रूपये राशि चिकित्सक को दे दी गई। जिसके बाद इस दवाई का कोई असर नहीं हुआ, उल्टा दुष्प्रभाव देखने को मिला। जिसके बाद हमने आयुर्वेदिक चिकित्सक से संपर्क किया और राशि लौटाने की बात कही, तो उसने 30 हजार रुपये की राशि वापस लौटाई और फिर शेष राशि एक लाख रुपये शीघ्र देने की बात कही। लेकिन उसके बाद वह सिर्फ तारीख पे तारीख देता रहा और फिर मोबाईल नंबर बंद कर लिया।

**पथरी, पाईल्स, विक्षिप्तता ठीक करने के नाम पर लिए 50 हजार रुपयेः** वहीं बालाघाट बूढ़ी निवासी धनीराम मेश्राम ने बताया कि उनका बालक मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं और पत्नी को पीत्ताशय, पथरी व पाईल्स की बीमारी हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा एक मुश्त 50 हजार रूपये की राशि मॉगी गई और धीरे-धीरे दवाई देने की बात कही गई। जिस पर मेरे द्वारा ग्राम बुदबुदा में 20 हजार रुपये व बालाघाट में 30 हजार रुपये की राशि उसे दी गई और जब दवाई ले जाई गयी और कुछ असर देखने नहीं मिला। तब चिकित्सक को फोन किया, पहले तो मोबाईल फोन बंद आया। लेकिन एक दिन वह बालाघाट के किसी होटल के सामने नजर आया, जिस पर मेरे द्वारा होटल संचालक से पूछने पर होटल संचालक ने बाहर बैठने की बात कही। फिर मेरे द्वारा चिकित्सक को पकड़ कर घर ले जाया गया, जिस पर उसके द्वारा दो से तीन दिन में राशि देने की बात कही गई। लेकिन आज तक ना चिकित्सक का पता है और ना ही राशि का।

**3 लोगों से लिए 76500 रुपयेः** इस आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा इन दोनों के अलावा कटंगी के वार्ड नम्बर 12 निवासी दोसेन्द्र चैतराम वासनिक से 17 हजार रुपये, बालाघाट के वार्ड नम्बर 1 जानकी बाई धुवारे गेट के अंदर बूढ़ी निवासी योगेन्द्र दौलतराय गढ़पाल से 33 हजार रुपये और बालाघाट वार्ड नम्बर 1 बूढ़ी निवासी हंसराज मनीराम डोंगरे से 26500 रुपये की राशि इलाज के नाम से ले ली।

**पॉचों पीड़ितों में से कोई नही जानता उसका नामः** इस पूरे प्रकरण में आश्चर्यजनक बात यह हैं कि इन पॉचों पीड़ितों में से किसी एक भी उस आयुर्वेदिक चिकित्सक का नाम व पता नहीं मालूम है, जिसने इन्हें ठग लिया हैं। हॉ एक पीड़ित द्वारा चुपके से उसका बनाया हुआ विडियो है, जिसमें कथित आयुर्वेदिक चिकित्सक नजर आ रहा हैं और दवाई दे रहा है।

### मैहर में साइबर ठगीः मजदूर का खाता खाली, बच्चों की पढ़ाई के लिए जोड़े 1.19 लाख उड़ाए

**मैहर।** थाना क्षेत्र के ग्राम डेल्हा निवासी मजदूर मुकेश कुशवाहा साइबर ठगी का शिकार हो गए। मेहनत -मजदूरी कर बच्चों की पढ़ाई के लिए जोड़े गए 1 लाख 19 हजार रुपये उनके बैंक खाते से एक झटके में गायब हो गए।घटना 28 सितंबर की बताई जा रही है। रविवार दोपहर करीब 2 बजे मुकेश के मोबाइल पर 1 रुपये कटने का मैसेज आया,जिसे उन्होंने सामान्य समझकर नजरअंदाज कर दिया।लेकिन अगले ही दिन सोमवार दोपहर 3:30 बजे अचानक मैसेज आया कि खाते से 50 हजार कट गए और कुछ ही मिनट बाद 3:40 बजे 59 हजार और निकल गए। खाते में सिर्फ 19 हजार बचे। शाम को फोन पे ऐप न चलने पर हेल्पलाइन से संपर्क करने पर उन्हें बताया गया कि उनका मोबाइल हैक हो गया है। पीड़ित तत्काल बैंक पहुंचे लेकिन तब तक शाखा बंद हो चुकी थी। मंगलवार सुबह उन्होंने बैंक प्रबंधन को पूरे मामले की जानकारी दी और मैहर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## शारदेय नवरात्रि: मैहर में मां महाअष्टमी पर 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन

सतना/मैहर।




शारदेय नवरात्रि के आठवें दिन मैहर मेला में लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किया। बताया जाता है कि अपराह्न 3 बजे तक 76 हज़ार 52 श्रद्धालुओं ने माँ शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। मंगलवार को शारदा माता के दर्शन के लिए जहाँ मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं,वहीं अष्टमी के दिन भक्तों द्वारा कन्या पूजन,कन्या भोजन,गरीबों,ब्राह्मणों, और निःशक्तजनों को भोजन,वस्त्र दान आदि कराया जा रहा है। सतना एवं मैहर नगर में स्थापित देवी प्रतिमाओं के पंडालों में सुबह एवं संध्या कालीन पूजन-आरती के अलावा दुर्गा सप्तशती,दुर्गा चालीसा पाठ,बीज मंत्र जाप,भजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। पंडालों में दुर्गा माता के दर्शनों के लिए सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा देखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त,गरबा-रास, डांडिया का आयोजन करने वाली कमेटियों द्वारा कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित व्यवसायीगण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ डांडिया-रास के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## नशे का कारोबार शुरू करने के लिए चंद घंटों में तीन को लूटा, पुलिस ने नशीली सिरप के साथ दो बदमाशों को दबोचा

**रीवा।** शहर में नशे के कारोबार की नीयत से दो युवकों ने चंद घंटों के भीतर तीन पर्स स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। आरोपियों ने लूट के पैसों से नशीली सिरप खरीदी और उसे बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए युवकों के पास से 40 शीशी नशीली सिरप, दो मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घटनाक्रम रविवार का है, जब शहर के अमहिया और सिविल लाइन थाना क्षेत्रों में पर्स लूट की दो घटनाएं सामने आईं। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने स्टाफ के साथ पीटीएस से अर्जुन नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग प्वाइंट लगाया। इस दौरान बाइक से आते दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके पास से भारी मात्रा में नशीली सिरप बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने तीन पर्स स्नैचिंग की घटनाओं को कबूलते हुए बताया कि उन्होंने करीब 5,000 रुपए लूटे थे, जिनसे नशीली सिरप खरीदी थी। पकड़े गए आरोपी रीवा में नशे का अवैध कारोबार शुरू करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें पूंजी की जरूरत थी। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश शुक्ला पिता कमलेश शुक्ला (उम्र 19 वर्ष), निवासी बसौल, थाना सैमरिया व समीर खान पिता मोबीन खान (उम्र 20 वर्ष), निवासी सैमरिया है पुलिस को पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि आरोपियों की संलिप्तता सिटी कोतवाली के अलावा समान थाना क्षेत्र में हुई एक अन्य महिला से पर्स लूट की घटना में भी है।

## युवक को घसीटते हुए पुलिस कर्मी का वीडियो आया सामने

### पुलिस अधीक्षक से शिकायत, कार्यवाही की मांग



**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र से पुलिस की कथित दादागिरी का एक वीडियो सामने आया है,जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में थाने का एक पुलिस कर्मी स्थानीय युवक को जबरन घसीटकर थाने ले जाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। घटना के दौरान युवक बार-बार अपने साथ हुए अन्याय की बात कहता रहा,लेकिन पुलिसकर्मी की सख्ती कम नहीं हुई। बताया जा रहा है कि यह वाकया 19 सितंबर का है।घटना के दौरान मौके पर मौजूद एक आठ साल की बच्ची ने पूरी घटना अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली। जैसे ही पुलिस आरक्षक को इसका अहसास हुआ,वह वहां से भाग निकला। मामले में पीड़ित युवक राजीव गंधर्व,जो नागौद का निवासी है। राजीव का कहना है कि 14 अगस्त को रामजी पटेल और उसके दो बेटों ने उसके साथ जमकर मारपीट की थी,जिसमें उसका एक पैर फैक्चर हो गया था। कई दिन तक उसका इलाज भी चला,इस घटना की रिपोर्ट नागौद थाने में दर्ज हुई थी,लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों के दबाव में आकर थाने के आरक्षक आनंद कुमार ने उसके साथ बर्बरता की और थाने ले जाने की कोशिश की।घटना के समय मारपीट के आरोपी रामजी पटेल भी पुलिसकर्मी के साथ मौजूद था। राजीव गंधर्व ने इस पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत सतना पुलिस अधीक्षक से की है। शिकायत में उसने स्पष्ट आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस आरोपी पक्ष से मिलीभगत कर रही है और उसी के दबाव में पीड़ित को प्रताड़ित किया जा रहा है।

## स्कूटी सवार युवक की मौत से आक्रोशित लोग सड़क पर उतरे

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के बुढ़ार-अमलाई मार्ग सोमवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब सडक हादसे में जान गंवाने वाले युवक का शव बीच सडक पर रखकर स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, भीगती बारिश में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परिजनों ने सडक जाम कर दिया और आरोपी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। बुढार थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती निवासी राहुल शाहू नामक युवक स्कूटी से अपने काम पर जा रहा था, तभी एक कार चालक ने अचानक बीच सडक पर गाड़ी का दरवाजा खोल दिया। स्कूटी गेट से टकराकर अनियंत्रित हुई और राहुल नीचे गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार नेक्शान वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सडक़ जाम और प्रदर्शन

घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सडक़ पर रखकर विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग जुट गए और बुढ़ार-अमलाई मार्ग जाम हो गया। बारिश के बावजूद लोग डटे रहे और कार चालक पर हत्या जैसा प्रकरण दर्ज करने तथा जर्जर सडक़ को तत्काल दुरुस्त करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि खराब सडक़ और लापरवाह वाहन चालकों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं।

# शराब दुकान में आग लगाकर दो लोगों को जिंदा जलाने के आरोप में 5 को दी गई उम्रकैद की सजा

## बालाघाट जिले के लांजी थाना अंतर्गत ग्राम टेमनी में नौ साल पहले हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

बालाघाट जिले के लांजी थाना अंतर्गत ग्राम टेमनी में नौ साल पहले वहां की अंग्रेजी शराब दुकान में आग लगाकर मैनेजर और सेल्समैन को जिंदा जला कर मार डालने के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 43 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है।



### क्या था मामला

जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि यह घटना ग्राम टेमनी में 5 जून 2016 को घटित हुई थी। जहां किशन लाल राठौर की बेटी की शादी में महाराष्ट्र से बारात आई थी और संजय राठौर शराब लेने शराब की दुकान गया था। जहां शराब की कीमत को लेकर उसका सेल्समैन से विवाद हो गया था। बाद में संजय राठौर लगभग 100 से 150 लोगों की भीड़ लेकर शराब दुकान पहुंचा और शराब दुकान के सेल्समैन रामविलास यादव और मैनेजर अमरेंद्र सिंह को शराब दुकान में बंद कर दिया और मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी, जिसमें दोनों कर्मचारियों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

### पुलिस ने की कार्रवाई

घटना पर लांजी पुलिस ने 25 नामजद आरोपियों सहित 100 से अधिक आरोपियों पर मामला पंजीबद्ध किया था। हालांकि पूरे प्रकरण में पुलिस ने 30 लोगों को ही आरोपी बनाया था, जिसमें सुनवाई के दौरान दो आरोपियों की मौत हो गई। जबकि 23 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

### अदालत का फैसला

इसके बाद माननीय न्यायालय ने प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर पांच आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 43 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

# स्फूर्ति योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं!

## पूर्व विधायक समरीते ने कलेक्टर को पत्र में आरोप लिखकर की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।

स्फूर्ति योजना का मतलब है पारंपरिक उद्योगों के पुनर्जनन के लिए निधि (स्कीम ऑफ फंड फॉर रीजनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज)। यह भारत सरकार की एक योजना है, जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा 2005 में पारंपरिक उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और लाभदायक बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को क्लस्टर के रूप में संगठित करना, उनके कौशल में सुधार करना, उत्पादों को बढ़ावा देना और उनकी बाजार क्षमता बढ़ाना है। परंतु इसके विपरीत बालाघाट जिले में स्फूर्ति योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। मध्यप्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित इस योजना में बालाघाट में दो संस्थाओं द्वारा 3०03 करोड़ और 1.75 करोड़ की लागत से बांस



और लाख की प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का दावा किया गया था, लेकिन वास्तव में कार्यस्थल पर कुछ भी नहीं है। इस मामले में और भी गंभीर बात यह है कि मशीनों के सप्लाई के बिल उस व्यक्ति के नाम पर हैं जिसके पास मशीनों को बनाने का कोई उद्योग नहीं है। यह अनियमितता इतनी बड़ी है कि इसके लिए जांच दल गठित करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त कांति पार्टी एवं पूर्व विधायक लांजी किशोर समरीते ने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

## अष्टमी पर अठवाई का भोग लगाकर की प्रार्थना

# दुर्गा पंडालों में उमड़ा आस्था व श्रद्धा का सैलाब

जबलपुर। शारदेय नवरात्र पर्व की धूमधाम चरमोत्कर्ष पर पहुंच गई है। नवरात्रि के आज अंतिम दिन दुर्गानवमी पर आदि शक्ति स्वरूपा के नवमें रूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जायेगी। आज हवन पूजन एवं कन्या भोज के आयोजनों के बाद देवी विवालों में स्थापित किये गये जवारों का विसर्जन कर दिया जायेगा। वहीं कल विजयादशमी पर प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दुर्गोत्सव का भी समापन हो जायेगा। शहर के मुख्य चल समारोह के अलावा उपनगरीय क्षेत्र के चल समारोह निकाले जायेंगे। अष्टमी के दिन माता रानी को अठवाई का भोग लगाकर माता से सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की गई और देर रात तक सड़कों पर चहल-पहल बनी रही। आज पर्व समापन की पूर्व संध्या से ही धार्मिक अनुष्ठानों की धूम के बीच देवी दर्शनों के लिए सड़कों पर अपार जनसैलाब निकल पड़ेगा जो पिछले एक दो दिनों में किन्हीं कारणोंवश घरों से नहीं निकल पाये वे भी आज अंतिम मौके पर घरों से निकल पड़ेंगे। इसके पूर्व कल अष्टमी को शहर में भारी चहल पहल रही कई स्थानों पर तो भीड़ का आलम यह था कि पैर रखने जगह नहीं थी। शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। वाहनों को रैलम पैल रोकने के लिए जो व्यवस्थायें निर्धारित की गई थी उनका पूर्णतः पालन नहीं हो सका परिणाम स्वरूप कहीं-कहीं आवागमन में भारी अव्यवस्थायें हुईं। मोटर साईकिलों में सवार युवकों ने संस्कृति व सभ्यता पर भी प्रश्न चिन्ह लगाये। बावजूद इसके शहर में सर्वत्र शांतिपूर्ण व्यवस्था बनी रही।

### माँ श्री शारदा आशीष दरबार के ज्वारे निकाले



जबलपुर। माँ श्री शारदा आशीष दरबार शक्ति नगर, जबलपुर में स्थापित कलश ज्वारे विसर्जन शोभायात्रा मंगलवार को सांयकाल 5 बजे दरबार प्रांगण से प्रारम्भ हुई। कलश ज्वारे के आगे अखण्ड ज्योति रहती है। महिलाए, दरबार प्रांगण से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंची है। उसके बाद वाहनों से कलश ज्वारे विसर्जन हेतु ग्वारीघाट, नर्मदा तट तक ले जाये गए है। कलश ज्वारे के साथ चलने वाली अखण्ड ज्योति भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रहती है। नगर के अन्य किसी ज्वारे की शोभायात्रा में अखण्ड ज्योति के दर्शन नहीं मिलते। शोभायात्रा के बाद दरबार में माँ के प्रसाद भण्डारे का आयोजन किया गया। ज्वारा विसर्जन यात्रा में व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष -मिलन मुखर्जी, सचिव जयंत क्षीरसागर, कोषाध्यक्ष संजय बारहा जी, पंडित सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, सरबजीत सिंह तग्गड़, मोहन चंद जोशी, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा आदि उपस्थित थे।

बहरहाल कल शहर में भारी भीड़भाड़ का माहौल रहा। परम्परागत प्रतिमायें भी कम नहीं आधुनिकता और हर साल नये नये प्रयोग कर झांकियों को तैयार करने वाली समितियां ही अकेली चर्चित नहीं है। परंपरागत तरीके से हर साल एक सा प्रदर्शन करने वाली समितियों की पहचान भी खासी है। इसी तरह गढ़ाफाटक की वृहद महाकाली और छोटी महाकाली का भी अपना एक विशेष महत्व है। यहां दर्शन किये बगैर लोग नहीं रहते। इन स्थानों के प्रति लोगों में वो आस्था है कि 12 महीने श्रद्धालु माँ के बैठने के स्थल को नमन करने नियम से जाते हैं। घमापुर बाई का बगीचा, न्यू बस स्टेण्ड, सिटी बंगाली क्लब, गोपाल बाग दरहाई कोतवाली बड़ा मैदान कमानिया और भूमि की तलैया व खटीक मोहल्ला सराफा में भी परम्परागत तरीके से स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं के दर्शनार्थ में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।



## त्रिशूल भेद हवन आज

जबलपुर। क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा, तुलजाभवानी मंदिर न्यू भेड़ाघाट में त्रिशूल भेद में हवन एवं विशाल भंडारा आयोजित है समिति के प्रवीण साल्हुंके, तरुण सोनोने, उमेश सरफरे, सुशील जाधव, दिलीप झिंगे, शिवाजी राव ढवले, सुनील दत्त सोनोने, विवेक भोसले, अनिरुद्ध जाधव, पार्षद प्रतिभा विशेष भापकर, प्रतिमा जाधव द्वारा श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।



## समरसता का अद्भुत उदाहरण, किन्नर समाज ने की माता की आरती

जबलपुर। श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति, यादव कॉलोनी के दुर्गा पंडाल में इस वर्ष माँ दुर्गा की भव्य आरती के दौरान एक विशेष और भावनात्मक क्षण देखने को मिला। किन्नर समाज ने सामूहिक रूप से माँ की आरती कर न सिर्फ अपनी आस्था व्यक्त की, बल्कि पूरे समाज के लिए समरसता और समानता का प्रेरणादायी संदेश भी दिया। जब किन्नर समाज के श्रद्धालुजन आरती की थाल लेकर मंच पर पहुँचे, तो पूरा पंडाल भक्ति, आस्था और भावनाओं से गूंज उठा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रंजीत पटेल ने कहा कि किन्नर समाज की सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि माँ की ममता सबके लिए समान है और ईश्वर के दरबार में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। इस अवसर पर संदीप पाठक, सोनू अग्रवाल, पंकज पटेल, विन्नु शर्मा, राजा यादव, त्रिलोक नायडू, प्रकाश यादव, संदीप पटेल एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति,श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## रांसको ने ऊर्जीकृत किया 200 एम.व्ही.ए. का नया ट्रांसफार्मर

### महाराष्ट्र से अंतर्राज्यीय विद्युत पारेषण को मिली फ्लेक्सिबिलिटी



जबलपुर। महाराष्ट्र के कमलेश्वर से विद्युत आदान-प्रदान को और अधिक विश्वसनीय एवं लचीला बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) ने 13 करोड़ 47 लाख रुपये की अनुमानित लागत से पांढुर्णा 220 केवी सबस्टेशन पर क्षमता वृद्धि करते हुए एक नया 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस सफलता के लिए एम पी ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से अब महाराष्ट्र से अंतर्राज्यीय विद्युत पारेषण के लिए 40 एम.व्ही.ए. अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही, इस ट्रांसफार्मर के जरिए आवश्यकता पड़ने पर पीजीसीआईएल बैतूल के 400 केवी सबस्टेशन से भी अतिरिक्त बिजली प्राप्त की जा सकेगी। इससे बोरगांव और मुलताई सहित छिंदवाड़ा जिले को पर्याप्त एवं स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## सेराजेम ने शहर में 114वां ड्रीम स्कूल प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया




जबलपुर। कॉपोरेंट सामाजिक उत्तरदायित्व का एक उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, सेराजेम इंडिया ने गवर्पूवर्क मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित पं. एल.एस. झा हाई स्कूल में अपने 14वें ड्रीम स्कूल प्रोजेक्ट की सफल पूणर्ता कीघोषणा की। 2016 में शुरू की गई सेराजेम की दीघर्कालिक सीएसआर दृष्टि के अंतगर्त लॉन्च किया गया, **ड्रीम स्कूल प्रोजेक्ट** 9 कंपनी की भारत के युवाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने की स्थायी प्रितबद्धता को दशार्ता है। इस अवसर पर बोलते हुए, सेराजेम इंडिया के सीईओ, श्री को सुकबॉन्ग ने इन पहलों को प्रेरित करने वाले दशर्न पर जोर दिया "बच्चों का भविष्य ही भारत का भिवष्य है।" उन्होंने कंपनी की इस प्रितज्ञा को दोहराया कि वह देशभर में 100 से अधिक ड्रीम स्कूल स्थापित करेगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल संभावनाएं सुिनिश्चत हों। जबलपुर में नवीनतम प्रोजेक्ट में एक आधुनिक आईटी लैब की स्थापना शामिल है। जिसमें पूरी तरह से कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, स्क्रीन सिहत प्रोजेक्टर, शिक्षक की मेज, कुसिर्याँ और स्माटर् बोडर् (सैमसंग इंटरैक्टिव डिस्प्ले

## एपीएन के विद्यार्थियों ने बॉक्सिंग में पदक जीते



जबलपुर। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता बॉक्सिंग में एपीएन हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी आयु वर्ग में पदक प्राप्त किए जिसमें गुना में आयोजित बालक वर्ग अंडर 14 में मोहम्मद अली खान ने स्टेट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया बालिका वर्ग अंडर 17 एवं अङर-19 जो कि ग्वालियर में आयोजित की गई थी अंडर-19 में अनन्या वंशकार ने गोल्ड मेडल और बेस्ट बॉक्सर का अवार्ड प्राप्त किया में अंडर 17 में तैयबा अली खान ने कांस्य पदक प्राप्त किया इसी प्रकार संभाग स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो बालाघाट में आयोजित की गई थी इसमें आराध्या वंशकार ने रजत पदक प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया इनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव एवं शाला प्राचार्य अजय कुमार वर्मा सहित मनु श्रीवास्तव एवं खेल शिक्षिका सिद्दीका उस्मानी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मां की आराधना के साथ किया गरबा नृत्य



जबलपुर। दुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन पर मंदिर प्रांगण में गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, पं.वासुदेव शास्त्री, मुन्नी बाई शर्मा, पं.वीरेंद्र तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया जहां मां की अराधना के साथ छोटे छोटे बच्चे, मातृ शक्ति,भक्तजनों ने पारंपरिक रंग बिरंगे परिधान में भक्ति उल्लास के साथ गरबा की जमकर प्रस्तुति दी पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर राजेश शर्मा, रघुराज सिंह ठाकुर, नवीन नेमा, सुनील ताम्रकार, प्रभा शर्मा, कीर्ति चौहान, आकांक्षा बादल, प्रीति गुप्ता, सुमन अग्रवाल, संगीता ब्यौहार, रेखा खरे, प्रगति गुप्ता, ललिता सिंह, छाया साहू, सहित समस्त कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।




## स्वच्छता अभियान से बढ़ी जागरूकता, लाखों का जुर्माना वसूला

जबलपुर। स्वच्छ भारत मिशन पहल के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे पर स्वच्छता ही सेवा - 2025 कैंपेन अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक भना बंदोपाध्याय के मागर्दर्शन में और तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। वर्तमान में पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता सम्बन्धी अभियान चरम पर हैं साथ ही जुर्माने के साथ साथ आम जन को जागरूक कर समझाईश भी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 7,982 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 16 लाख 15 हजार 540 रूपये जुर्माना वसूला गया।

## गढा रामलीला में हुआ सेतुबंध रामेश्वर पूजन



जबलपुर। गढ़ा रामलीला के सिद्ध मंच पर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा लंका पर चढ़ाई करने के पूर्व अपने आराध्य इष्ट देव देवाधिदेव महादेव भगवान शंकर की स्थापना कर समुद्र पर सेतु बांधने के लिए उनका पूजन अर्चन किया। रामेश्वर पूजन के उपरांत रावण अंगद संवाद की रोचक लीला का मंचन हुआ। अंगद द्वारा लंका के सभी वीर योद्धाओं को चुनौती दी गई कि जो मेरे पैर को तिल मात्र भी हिला देगा तो प्रभु राम के चरणों की सौगंध सीता माता को हम यहीं छोड़कर चले जाएंगे। रावण के अभिनय कर्ता श्री मुकेश मिश्रा एवं अंगद के अभिनय कर्ता नितिन पटेल के अभिनय की सभी ने सराहना की।सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर गढ़ा की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। आज बुधवार को लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध एवं मेघनाद वध की रोचक लीला का मंचन होगा ।



## गरबा पूजन ने समां बांधा

जबलपुर। संस्कारधानी गरबा महोत्सव का आयोजन विशाल शिव पार्क विजयनगर में किया गया। जिसमें कई दिनों की प्रैक्टिस के बाद प्रतिभागियों ने जम कर नृत्य किया। डांडिया सहित रंग बिरंगी पोशाकों में युगल थीम में गोल सर्किल बनकर देवी की आराधना की गई। पंखिडा ओ पंखिडा... गीत के बजते ही सभी प्रतिभागी सहित दर्शक भी झूम उठे। विपरीत मौसम के बाद के बाद भी आयोजकों विजयनगर लेडीज क्लब एवं श्रीराम शेव मंडल के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था बनाए रखी। गरबा पूजन में अंजनी वर्मा, अवनी ब्यौहार एवं वेदिका वर्मा से विशेष सहयोग किया।

## आधुनिक कार्डियोलॉजी उपचार ने दी मरीजों को नई ज़िंदगी




जबलपुर। हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित चिंता नहीं है। आज डॉक्टरों के पास अधिक से अधिक युवा मरीज अचानक सीने में दर्द, सांस फूलना और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। इन लक्षणों की समय पर पहचान और त्वरित इलाज ही रिकवरी और त्रासदी के बीच अंतर तय करता है। हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर में दो ऐसे मामले सामने आए, जिनमें आधुनिक उपचार तकनीकों जैसे इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी, अल्ट्रा-थिन स्ट्रट्स स्टेंट, ड्रग-कोटेड बैलून, बायोरिजॉर्बेबल स्कैफोल्ड और इंट्रावैस्कुलर इमेजिंग ने मरीजों को नई ज़िंदगी दी।

इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिलीप कुमार तिवारी ने बताया: "मेटल-लेस पीसीआई से धमनियां स्वाभाविक रूप से ठीक हो पाती हैं। सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भाविक धीरवानी ने कहा: "डायबिटिक मरीजों में अक्सर जटिल हृदय रुकावटें होती हैं। आईवीयूएस जैसे उपकरणों से हम उपचार को कहीं अधिक सटीकता से कर पाते हैं, जिससे बेहतर परिणाम और लंबी अवधि की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।"

## आग बरसाते तीर से मेघनाद ने मचाया कोहराम

# ये ब्रम्हशक्ति है ब्रम्हा की,.. और, लक्ष्मण मूर्शित



जबलपुर। सावधान लक्ष्मण, ये ब्रम्हशक्ति है ब्रम्हा की..ये कहते हुए जैसे ही महाबली मेघनाथ ने अग्नि बरसाता बाण चलाया, श्रीराम की सेना में हाहाकार मच गया। वीर घातिनी शक्ति सीधे लक्ष्णम के हृदय पर लगी, और वे मूर्छित हो गए। गोविंद गंज रामलीला के सिद्ध मंच पर द्रवित कर देने वाली लीला का बीती रात मंचन हुआ। आज की लीला की शुरुआत ही युद्ध से हुई। मेघनाथ बने पवन तिवारी ने लंबे समय तक युद्ध किया। शक्ति लगने के बाद श्रीराम भाव विहल हो गए। उनका रुदन सुनकर दर्शकों की आंखें भी भीग गईं।

हे सूरज इतना ध्यान रहे

इसके बाद संजीवनी बूटी लेने निकले बजरंग बली (पलाश पाठक) ने सूरज देव को चेताया, कि यदि संजीवनी बूटी लाने के पहले किरणों का चमत्कार हुआ, तो याद रखना मैंने आपको बचपन में ही एक बार निगल लिया था। हनुमानजी का संवाद दर्शकों के लिए यादगार था। वहां अयोध्या में भरत के तीर से हनुमान घायल हो गए। आज की लीला में लक्ष्मण-मेघनाद सहित सभी की भूमिका सराहनीय रही। आज राम के रूप में ओम दुबे, लक्ष्मण के रूप में मानस पांडे, भरत के रूप में कार्तिक दुबे, मेघनाद के रूप में पवन तिवारी, रावण के रूप में पवन पांडे, कालानेमि के रूप में राजकुमार गुप्ता की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### आज कुंभकरण फोड़ेगा मटकी

रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि आज रात 9 बजे से कुंभकरण मेघनाद वध की लीला होगी। इस लीला में कुंभकरण का यादगार रोल देखने को मिलेगा। कुंभकरण परंपरा अनुसार सैकड़ों मटके तोड़ेगा, और युद्ध में अपना तलवार कौशल दिखाएगा। दर्शकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।



## विश्व हृदय दिवस पर मिलिट्री स्टेशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मुख्यालय मध्य भारत एरिया द्वारा जबलपुर मिलिट्री स्टेशन के बत्रा ऑडिटोरियम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, सेना के जवानों और उनके परिवारों को हृदय स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना और हृदय रोगों की रोकथाम के उपायों को साझा करना था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष का थीम ₹डोंट मिस ए बीटर₹ के रूप में घोषणा की है, जो हृदय रोगों के खिलाफ सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है और प्रत्येक हृदय रोगी के अनूठे अनुभवों को पहचानती है। विश्व हृदय दिवस जागरूकता कार्यक्रम में भारी संख्या में सेना के जवानों और उनके परिवारजनों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में कर्नल दीपेंद्र भूषण, स्टेशन हेल्थ अफसर, जबलपुर मिलिट्री स्टेशन और मिलिट्री अस्पताल की डॉ पूर्व मगरकर वेले, डायटीशियन ने हृदय रोगों के लक्षण, जोखिम कारकों, रोकथाम व उपचार के तरीकों और स्क्रीनिंग शिविर के महत्व पर स्वास्थ्य व्यख्यान प्रस्तुत किया। इसके अलावा इस विषय पर जानकारी पूर्ण पोस्टर भी प्रस्तुत किये गए।

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. JC-779940W RANK SUB NAME PATIL SANDEEP VITTHAL S/O VITTHAL DATTATRAY PATIL OF UNIT MAG NO. 8 C/O 506, ARMY BASE WORKSHOP, PIN-901124 (MP) AADHAR CARD No. 5799 8662 3851 I, have changed name of my SON from SANSKAR (Name as per my Army service records) to SANSKAR SANDEEP PATIL (name as per my SON, AADHAR CARD NO. 7539 8275 1095) vide affidavit dated 30/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
SANSKAR SANDEEP PATIL
INCORRECT NAME-SANSKAR

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता मे संरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित

## सेफ्टी, स्टेशनों में यात्री सुविधाओं एवं क्राउड मैनेजमेंट पर हुई प्रमुखता से चर्चा




जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार 30 सितम्बर 2025 सेफ्टी रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यार्ड के ले-आउट में सुधार से सबंधित कार्यों के सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने आने वाले त्योहारों पर आगामी महीनों में दशहरा, दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यात्रियों को जयादा से ज्यादा रेल सुविधाओं का बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख भीड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया जाय एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट की सतत निगरानी हो, लिफ्ट/एस्क्लेटर की निरन्तर मॉनेटरिंग, सीसीटीवी कैमरे और अन्य रेल सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाये। स्टेशनों एवं ट्रेनों में सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ एवं जीआरपीएफ द्वारा निरंतर 24X7 घंटे निगरानी सुरक्षा सुनिश्चित हो, साथ उनकी रेल यात्री सुविधाओं में स्टेशनों पर आवागमन हेतु प्रवेश/निकासी पर बेहतर सुविधा हेतु विशेष जोर देने की बात कही।

इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी, सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े।



## पमरे के 88 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 88 रेलकर्मी मंगलवार 30 सितम्बर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 30 सितम्बर 2025 को अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री ने उप मुख्य अभियंता (निर्माण) नीरज दुबे एवं वरिष्ठ एसओ/टीआई मोदूलाल मीणा के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं।

# अब मोबाइल नंबर की तरह बदल सकेंगे गैस कंपनी भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह अपना गैस कनेक्शन भी किसी भी कंपनी में बदल सकेंगे। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे कंज्यूमर्स को ज्यादा च्वॉइस मिलेगी और सर्विस बेहतर होगी।

यूपीए सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शन की पोर्टेबिलिटी की पायलट योजना शुरू की थी। जनवरी 2014 में इसे 480 जिलों तक विस्तारित किया, लेकिन उसमें आप उसी कंपनी के अंदर डीलर बदल सकते थे। मसलन, अगर आप इंडेन गैस के कस्टमर हैं, तो अन्य कंपनी में जाना मुमकिन नहीं था।ऐसा इसलिए था क्योंकि नियमों के मुताबिक सिलेंडर सिर्फ उसी कंपनी से रिफिल कराया जा सकता है, जिसने उसे जारी किया हो। नई व्यवस्था में अब ये पुरानी लिमिट हटाई जाएगी। पीएनजीआरबी इंटर-कंपनी पोर्टेबिलिटी ला रहा है। इसमें आप किसी भी कंपनी में स्विच कर पाएंगे।

### *रिफिल में देरी से ग्राहकों को परेशानी से मिलेगी आजादी*

*लोकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के ऑपरेशनल प्रॉब्लम्स से कस्टमर्स को परेशानी होती है। कई बार रिफिल में हफ्तों की देरी हो जाती है। पीएनजीआरबी का कहना है, कस्टमर को च्वॉइस की आजादी होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत सबकी एक जैसी हो।अगर लोकल डीलर ठीक से काम न करे, तो दूसरी कंपनी के नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर से रिफिल लेने की सुविधा मिलेगी।*

## *क्यूपिड ने जीएसटी दर को तर्कसंगत बनाने का किया स्वागत*

*मुंबई। क्यूपिड लिमिटेड ने 56वीं जीएसटी परिषद की ऐतिहासिक सिफारिशों का स्वागत किया, जिसमें आवश्यक और उपभोक्ता केंद्रित उत्पादों की एक विस्तृत श्रेणी पर वस्तु एवं सेवा कर दरों में व्यापक कटौती की घोषणा की गई है। परिषद के निर्णयों में डेयरी उत्पाद, चॉकलेट, मिठाइयां, जूस, शैम्पू, साबुन, बालों का तेल, टूथपेस्ट, बिस्किट और पैक किए गए खाद्य पदार्थ जैसे प्रमुख एफएमसीजी श्रेणियों पर जीएसटी में की गई कटौती शामिल है, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वस्तुएँ अधिक सुलभ होंगी और देश की उपभोग आधारित वृद्धि को तेजी मिलेगी। क्यूपिड के हेयर और बॉडी ऑयल, फेस वॉश और आईवीडी डायग्नोस्टिक किट्स को जीएसटी दर में कटौती का सीधा लाभ मिलेगा। यह क्यूपिड के व्यापक एफएमसीजी पोर्टफोलियो की भारत में वृद्धि को परोक्ष रूप से समर्थन देगा।*

## खबर संक्षेप

### रेल की चपेट में आने से तीन की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रेलवे पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके बच्चे समेत तीन की मौत गई। घटना श्यामनगर स्टेशन के पास हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक घंटे तक पटरियां जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। महिला अपने बच्चे के साथ पटरी पार कर रही थी,तभी बच्चा उसके हाथ से फिसल कर नीचे उस पटरी पर गिर गया जिस पर गौर एक्सप्रेस आ रही थी।

### ऐप के जरिए की 100 महिलाओं से धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर से 29 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उस पर एक भाषा विनिमय ऐप पर खुद को ब्रिटिश कोरियाई व्यवसायी बताकर भारत भर की 100 से ज्यादा महिलाओं को ठगने का आरोप है।

## एनएमडीसी ने 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड में 15 पुरस्कार जीते

**हैदराबाद।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता, समावेशी नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए पब्लिक रिलेशन्स काउन्सिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा गोवा में आयोजित 19वें ग्लोबल कम्यूनिकेशन कानक्लेव में सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पी. अशोक गजपति राजू, केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक और गोवा विधान सभा के अध्यक्ष गणेश गांवकर सहित विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने पुरस्कार प्रदान किए। एनएमडीसी की ओर सेश्री पी. जयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) ने कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन टीम के साथ ये सम्मान प्राप्त किया। एनएमडीसी नेतृत्व के लिए चार चाणक्य पुरस्कार - प्रतिष्ठित चाणक्य पुरस्कार 2025 की 16वीं श्रृंखला के अंतर्गत एनएमडीसी ने पीआरसीआई के चार सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किए इनमें अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को प्रशासन एवं सुशासन अवॉर्ड, श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम, निदेशक (कार्मिक) को समावेशी नेतृत्व अवॉर्ड, पी. जयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) को जनसंपर्क के लिए एमआर अशोक कुमार मेमोरियल अवॉर्ड और चे. श्रीनिवास राव को




पीआर प्रोफेशनल अवॉर्ड ऑफ द इयर प्रदान किया गया। संचार और नेतृत्व के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक, चाणक्य पुरस्कार शासन, समावेशी विकास और सार्वजनिक जुड़ाव में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाते हैं। इन उपलब्धियों के साथ, एनएमडीसी ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस अवार्ड (रनर-अप) भी जीता, जो उद्योग बेंचमार्क स्थापित करने में अनुकरणीय भूमिका के लिए प्रदान किया जाता है। कुल मिलाकर एनएमडीसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कंपनी ने 15अवॉर्ड और तीन सांत्वना पुरस्कार जीते। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें वेबसाइट और माइक्रोसाइट, सामुदायिक प्रभाव संचार, कॉर्पोरेट फिल्म, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन में उत्कृष्टता, स्थिरता और पर्यावरणीय संचार, हेल्थकेयर कम्यूनिकेशन फिल्म, हाउस जर्नल (अंग्रेजी और क्षेत्रीय), वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट ब्रोशर, सर्वश्रेष्ठ पीआर अभियान, चाइल्डकेयर के लिए सीएसआर परियोजना, कला, संस्कृति और खेल अभियान, सांस्कृतिक परिवर्तन पहल की सर्वश्रेष्ठ कंपनी और हेल्थकेयर कम्यूनिकेशन फिल्म श्रेणियाँ शामिल हैं। कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन टीम को बधाई देते हुए, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहाः "एनएमडीसी की छवि और प्रतिष्ठा के लिए जिम्मेदार टीम ने पुनः अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। ये पुरस्कार हमारे हितधारकों के साथ सार्थक संबंध बनाने में उनके वर्ष-भर के समर्पण और रचनात्मकता का प्रतिबिंब हैं। यह एनएमडीसी के लिए गर्व का क्षण है।"

## कौन्तेय का नया दिल्ली स्टोर : कला, विलासिता और धरोहर का संगम

**इंदौर।** कौन्तेय ने 32, पृथ्वीराज रोड, खान मार्केट, दिल्ली में अपने भव्य नए अनुभव स्टोर का उद्घाटन किया है, जो उत्कृष्ट टेबलवेयर और क्लासिक शिल्पकला के प्रेमियों के लिए एक प्रीमियम गंतव्य बन गया है।यह बुटीक एक खूबसूरती से डिजाइन किया गया स्थल है, जो शाश्वत सौंदर्यशास्त्र को समकालीन विलासिता के साथ जोड़ता है और भारतीय परंपरागत रूपों व सुसंस्कृत कला के प्रति कौन्तेय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भव्य झूमरों, आकर्षक शेल्विंग और अंतरंग लेआउट के साथ यह स्टोर एक संवेदनात्मक अनुभव प्रदान करता है, जहाँ आगंतुक विशिष्ट कलेक्शनों से नजदीकी जुड़ाव महसूस कर सकते हैं।कौन्तेय की संस्थापक सोनल जेठा कहती हैं: "हर ब्रांड का सपना होता है कि वह खान मार्केट तक पहुँचे। हमारे दिल्ली के



ग्राहकों ने लंबे समय से चाहा था कि हम यहाँ एक अनुभव स्टोर खोलें। तो लीजिए यह आ गया है, दिल्ली के जुनूनी दिलों के लिए खास तौर पर!"कौन्तेय का यह नया स्टोर अपने प्रसिद्ध कथानक और शिल्पकला को दिल्ली की जीवंत संस्कृति के और करीब लाता है, और उन लोगों के लिए एक उच्च स्तरीय रिटेल अनुभव का वादा करता है जो शाश्वत सुंदरता और सुसंस्कृत जीवनशैली की कद्र करते हैं। कौन्तेय एक लक्जरी टेबलवेयर ब्रांड है, जो भारतीय इतिहास, धरोहर और पौराणिक कथाओं को बेहतरीन बोन-चाइना पीस पर जीवंत करता है। 2019 में सोनल जेठा द्वारा स्थापित यह ब्रांड पारंपरिक भारतीय कला रूपों और महाभारत की कथाओं से प्रेरणा लेता है। इसकी प्रत्येक कलेक्शन सिल्क-स्क्रीन प्रिंटेड, हस्त-निर्मित और 24 कैरट सोने से सुसज्जित होती है। गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और भारतीय शास्त्रीय रूपांकनों को आधुनिक सौंदर्यशास्त्र से जोड़ने की अपनी खूबी के लिए कौन्तेय सराहा जाता है।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## हीरो मोटोकॉर्पः त्योहारी सीजन में दुपहिया की जोरदार खरीदारी

**नई दिल्ली।** इस साल नवरात्रि शुरू होने के साथ ही भारतीय ऑटो बाजार में त्योहारी सीजन में दोपहिया की मांग में जबर्दस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह त्योहार बेहद खास है क्योंकि दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती हुई है, जिससे पहली बार गाड़ी खरीदने वालों पर खर्च का बोझ कम हुआ है, खासकर 100सीसी और 125 सीसी जैसे किफायती सेगमेंट में जहां कीमत का बहुत ध्यान रखा जाता है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि दोपहिया वाहनों के प्रति लोगों का उत्साह बहुत बढ़ गया है। हीरो मोटोकॉर्प को पूरे देश में ग्राहकों की जबरदस्त रुचि और बिक्री में उछाल दिख रहा है। कंपनी ने देश भर में अपने डीलरशिप पर गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। हीरो मोटोकॉर्प उत्पादों के लिए ग्राहकों की पूछताछ पिछले एक साल में तेजी से बढ़ी है, जो जीएसटी के बाद की कीमतों के लाभों में बढ़ी रुचि से प्रेरित है। इसके साथ ही पिछले साल की तुलना में शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही में 50 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है।

**नवरात्र शुरू होने के साथ ही मांग में बढ़ोतरी दर्ज**

त्योहारी सीजन में ग्राहकों के जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बारे में, हीरो मोटोकॉर्प के इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा, "इस फेस्टिव सीजन का सबसे उल्लेखनीय पहलू तत्काल खरीद में हुई तेज वृद्धि है। नवरात्रि के पहले ही दिन, हमारे शोरूम में आने वाले और हीरो मोटोकॉर्प का दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई। जीएसटी 2.0 के साथ नई कीमतों की उम्मीद में टाली गई बिक्री अब तेजी से बढ़ रही है और हमें ग्राहकों की नए वाहन को तुरंत खरीदने की मजबूत इच्छा के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। हमारी हाल ही में लॉन्च की गई 12 सेगमेंट-अग्रणी मॉडलों की फेस्टिव रेंज स्कूटर और मोटरसाइकिलों में इस मांग को बढ़ा रही है। डिजिटल आकर्षण और पूछताछ शानदार रहे हैं और हमारे प्रोडक्ट्स के लिए ऑनलाइन सर्च भी अब तक के सबसे उच्च स्तर पर है और इसमें लगभग 3 गुणा का उछाल आया है।'100 प्रतिशत जीएसटी लाभ के अलावा, हीरो मोटोकॉर्प ने पहली बार गाड़ी खरीदने वाले ग्राहकों के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ लॉयल्टी एवं रिवाड्र्स हीरो गुडलाइफ फेस्टिव कैंपेन शुरू किया है। इसके माध्यम से ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ मिलेंगे, ताकि इस साल के त्योहारों को और भी खुशहाल बनाया जा सके। अपने फेस्टिव कैंपेन की टैगलाइन "आया त्योहार, हीरो पे सवार" के साथ, यह राष्ट्रव्यापी अभियान सुनिश्चित करेगा कि हर नया ग्राहक विशेष लाभों जैसे कि अपने वाहन पर 100 प्रतिशत कैशबैक, सोने के सिक्के और अन्य लाभों के साथ निश्चित रूप से विजेता बने।हाल ही में लॉन्च किए गए Destini 110, Xoom 160, Glamor X 125, HF Deluxe Pro जैसे मॉडलों के साथ, हीरो मोटोकॉर्प ने रोजमर्रा की परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए आकर्षक और स्टाइलिश प्रोडक्ट्स के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने इस त्योहारी मौसम में बड़ी हुई मांग के कारण संभावित स्टॉक की कमी से बचने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाया है और आने वाले हफ्तों में लोकप्रिय मॉडलों और कलर ऑप्शंस की निरंतर आपूर्ति की।



# पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने पर फोर्स की कमी दूर करने सीएएफ जवानों को दी जाएगी थानों की ट्रेनिंग



राजधानी की बढ़ती आबादी तथा बदलते स्वरूप को देखते हुए यहां पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की जाएगी। राज्य में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने प्रारूप तैयार कर लिया गया है। सात राज्यों की पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का अध्ययन करने के बाद रायपुर में ओडिशा, भुवनेश्वर में लागू कमिश्नरी मॉडल को लागू करने पर विचार किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद बल की कमी को दूर करने छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स (सीएएफ) के जवानों को पुलिस में शामिल किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने उच्च स्तरीय कमेटी के अध्यक्ष एडीजी प्रदीप गुप्ता ने प्रारूप तैयार कर पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौताम को सौंप दिया है। अध्ययन करने के बाद डीजीपी प्रारूप शासन को सौंपेंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद विधि विभाग के अफसर प्रारूप का अध्ययन करने के बाद अंतिम रूप देंगे। सूत्रों के मुताबिक एडीजी श्री गुप्ता ने जो प्रारूप तैयार किया है, उसमें रिजर्व बल, थानों के बल से लेकर आईपीएस अफसर तथा राजपत्रित पुलिस अफसरों की संख्या का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया है। साथ ही डिवीजन से लेकर सब डिवीजन में कितने थाने होंगे, इसका भी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है।

### ऐसे रहेगा सिस्टम

कमिश्नरी प्रणाली लागू करने जो सिस्टम लागू किया जाएगा, उसमें ओडिशा, भुवनेश्वर की तर्ज पर दो आईजी रैंक के अफसरों की पदस्थापना की जाएगी। उनकी सहायता के लिए आईपीएस स्तर के 2 अतिरिक्त आयुक्त, 6 पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), विधि अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, लेखा अधिकारी, 31 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 68 निरीक्षक, सूबेदार और सेटअप के अनुसार सभी थानों में पुलिसकर्मियों को पदस्थ किया जाएगा। पुलिस आयुक्तालय को रायपुर के पीएचक्यू में शुरू कर 34 थानों को अटैच किया जाएगा

### पुलिस कमिश्नर का नया पता एसआईबी बिल्डिंग


राज्य में एक नवंबर से पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने खाका तैयार कर लिया गया है। नई प्रणाली लागू करने राज्य सरकार की स्वीकृति मिलना बाकी है। अन्य औपचारिताओं को पूरा करने के लिए विभागीय स्तर पर तैयारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक सेटअप और संसाधन के लिए वित्त विभाग की मंजूरी केवल खानापूर्ति ही शेष रह गई है। आयुक्त कार्यालय के लिए विभागीय अफसरों ने पुराना पीएचक्यू में एसआईबी बिल्डिंग को फाइनल किया है।

### ट्रेनिंग के बाद पुलिस में शामिल करेंगे

छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की तैनाती अब तक नक्सल मोर्चे के साथ नेता, मंत्रियों की सुरक्षा में की जाती है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद तत्काल बल की व्यवस्था करना संभव नहीं है। साथ ही दूसरे जिलों के बल को अफसर समायोजित नहीं करना चाहते। इस बात को ध्यान में रखते हुए तत्काल बल की व्यवस्था करने साढ़े तीन सौ के करीब सीएएफ के जवानों को अस्थायी तौर पर पुलिस में लिया जाएगा। जिन सीएएफ के जवानों को पुलिस में लिया जाएगा, उन लोगों को ट्रेनिंग के बाद पुलिस बल में भेजा जाएगा।

## मेडिकल कालेज में प्रवेश से पहले डिप्रेशन में छात्र ने खुद को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



नीट की तैयारी के दौरान डिप्रेशन के शिकार युवक ने सोमवार को अपने कमरे में लाइसेंसी बंदूक से माथे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार युवक कुछ माह पहले भी डिप्रेशन में आत्महत्या का प्रयास कर चुका था।



■ पहले भी कर चुका था आत्महत्या का प्रयास

सरकंडा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, राजकिशोर नगर एसबीआई बैंक के पास रहने वाले बिल्डर चित्रसेन सिंह का बेटा संस्कार सिंह 21 साल बारहवीं की पढ़ाई करने के बाद 2 साल से नीट की तैयारी कर रहा था। भोपाल मेडिकल कालेज में उसके एडमिशन की तैयारी चल रही थी, एक दो दिन में वह एडमिशन लेने जाने वाला था। सोमवार की सुबह 10.30 से 11 बजे के बीच संस्कार सिंह ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर घर की लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक से माथे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज में घरवाले कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा तोड़कर घरवाले अंदर गए तो संस्कार खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

**शहरी नेटवर्क को भी कर रहे ध्वस्त**

## गृहमंत्री शर्मा बोले- सीजफायर नहीं नक्सली सरेंडर करें, स्वागत होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के युद्धविराम को लेकर जारी किए गए पत्र को भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, उनका स्वागत है, लेकिन कोई सीजफायर नहीं होगा। इधर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को कहा, युद्धविराम की कोई योजना नहीं है। नक्सलियों के पत्र में जो भाव है कि बस्तर में खून खराबा बंद होना चाहिए, अगर कोई ऐसा सोचता है, तो उसे जल्दी निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा, नक्सली सरेंडर करें, हम लाल कार्पेट बिछाकर स्वागत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि हम नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को भी ध्वस्त कर रहे हैं।



### फंडिंग अब कम

गृहमंत्री ने नक्सलियों की फंडिंग पर कहा, उनके पास मिलने वाला पैसा करीब 80 प्रतिशत कम हो गया है। इसके बावजूद कुछ राशि बाकी है, जिसका उपयोग वे सक्रिय रहने के लिए कर रहे हैं।

**पीएम-गृहमंत्री से मांगी सुरक्षा**

## राहुल को जान से मारने की धमकी, कांग्रेस में उबाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी मिलने पर कांग्रेस पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पार्टी की तरफ से एबीवीपी के पूर्व नेता द्वारा एक टेलीविजन कार्यक्रम में बहस के दौरान राहुल गांधी के खिलाफ की गई इस विवादास्पद टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस की तरफ से गया गया कि अगर सरकार इस पर कार्रवाई करने में सफल नहीं होती है, तो यह लोकसभा नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ हिंसा की मिलीभगत माना जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री को लिखे इस पत्र में वेणुगोपाल ने केरल एबीवीपी के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रिंटू महादेव द्वारा राहुल गांधी को दी गई धमकी का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि महादेव भाजपा के प्रवक्ता है और उन्होंने यह टिप्पणी एक मलयालम टीवी चैनल पर जारी बहस के दौरान की है। कांग्रेस नेता ने कहा, हिंसा भड़काने के एक बेशर्म कृत्य में, महादेव ने खुले आम घोषणा की कि 'राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी'। यह न तो जुबान फिसलना है, न ही लापरवाही से कही गई बात है। यह (लोकसभा में) विपक्ष के नेता को सोच-समझ कर दी गई और मौत की खौफनाक धमकी है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा इस तरह के जहरीले शब्द कहे जाने से न केवल राहुल गांधी का जीवन खतरे में पड़ता है, बल्कि संविधान, कानून का शासन और हर नागरिक को मिलने वाले मूलभूत सुरक्षा आश्वासन को भी कमजोर करता है।



### सीआरपीएफ को भी लिखा पत्र

वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे सीआरपीएफ को भी इस खतरे के संबंध में कई पत्र लिखे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित करके लिखा गया ऐसा ही एक पत्र मीडिया में भी लीक हो गया था। इससे इसके पीछे की मंशा पर गंभीर सवाल उठते हैं। यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि पूरी तरह से निंदनीय भी है। भाजपा के प्रवक्ता खुले आम मौत की धमकी दे रहे है, जिससे राहुल के प्रति हिंसा को वैध ठहराने के लिए रची जा रही एक बड़ी और भयावह साजिश की बू आती है।

## एक ही दिन में चांदी 7000 रुपए उछली, सोना 1.20 लाख के करीब

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 7,000 रुपए उछलकर 1.5 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सोना भी मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच 1,500 रुपए चढ़कर 1,19,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपए बढ़कर 1,19,500 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 1,18,000 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपए की तेजी के साथ 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो शनिवार को 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई और यह 7,000 रुपए उछलकर 1,50,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इससे लगातार चौथे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। पिछले कारोबार में चांदी कीमत 1,43,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार में सोने और चांदी दोनों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,824.61 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 47.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषकों के अनुसार, सर्राफा कीमतों में उछाल- मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के कारण आया। निवेशकों ने निरंतर वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया।

**25 हजार के लिए सात सालों से बीईओ कार्यालय में अटका पेंशन**

## गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधान पाठक को करनी पड़ रही मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से एक रिटायर्ड प्रधानपाठक को अपनी जीविका चलाने के लिए निर्माण कार्यों में मजदूरी करनी पड़ रही है। रिटायर होने के बाद प्रधानपाठक को विभाग से जो राशि मिली उसे बेटों ने हड़प लिया। प्रधानपाठक ने पेंशन के लिए छह महीने तक बीईओ कार्यालय का चक्कर लगाया लेकिन अधिकारी प्रधानपाठक से 25 हजार रुपए देने के बाद ही पेंशन प्रकरण बनाने की बात पर अड़ गए। मजबूरी में रिटायर्ड प्रधान पाठक को अपने भरण-पोषण के लिए पिछले डेढ़ साल से मजदूरी करनी पड़ रही है।

शासन द्वारा विकासखंड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम इंदरपुर निवासी सुखलाल सिंह गोड़ आ. स्व. नानबुड़ा की नियुक्ति वर्ष 1995 में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के पद पर की गई थी। प्रशासन द्वारा विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत प्राथमिक शाला खरहरी जोर में उनको पदस्थ किया गया था। संविलयन उपरांत वर्ष 2018 में सहायक शिक्षक को उसी शाला में प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत कर दिया गया। शासकीय नौकरी मिलने के बाद प्रधानपाठक अपनी पारिवारिक स्थिति सुधारने की लगातार कोशिशें करता रहा। उसने अपने दो बेटों को शिक्षित बनाने की भी जीतोड़ कोशिशें की लेकिन बेटे अपने पिता के वेतन की राशि से मौज करते रहे। वर्ष 2018 नवंबर में अर्धवार्षिकी आयु पूरी होने पर सुखलाल सिंह रिटायर हो गए । विभाग द्वारा उन्हें एनपीएस की कटौती राशि से 3.70 लाख का तत्काल भुगतान कर दिया गया। बेटों को

### बेटों ने दी मात्र 50 डिसमिल जमीन

रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह ने बताया कि बेटों ने उसे 50 डिसमिल जमीन दी है जिसमें सिर्फ धान की थोड़ी सी फसल होती है। इस फसल से दो पति-पत्नी का गुजारा नहीं होता। जीविका चलाने के लिए अब मजदूरी करने की मजबूरी है।

**दिया है 10 दिन का समय**

मुझे आपसे मामले की सूचना मिली है। कार्यालय की यह बड़ी लापरहवाही है। मामले को लेकर मैनें बीईओ को कड़ी फटकार लगाई है तथा रिटायर्ड प्रधानपाठक का पेंशन प्रकरण स्वीकृत करने 10 दिन का अल्टिमेटम दिया है। पेंशन शासकीय कर्मचारी का अधिकार है इसके लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं है। **-अजय कुमार मिश्रा**, डीईओ, सूरजपुर

जैसे ही रिटायर्ड पिता को लाखों रूपए मिलने की जानकारी मिली रोजी-रोजगार के लिए ट्रैक्टर खरीदने का दबाव डालने लगे। बेटों का दबाव इतना अधिक बढ़ गया कि सुखलाल सिंह को तत्काल एनपीएस की राशि से ट्रैक्टर खरीदना पड़ा।



# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : कथुनिया को वैश्विक स्तर पर स्वर्ण मेडल की तलाश, फिर जीता रजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के योगेश कथुनिया ने को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ 56 चक्का फेंक स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता, जिससे वैश्विक स्तर पर अपने पहले स्वर्ण पदक की उनकी तलाश जारी रही। कथुनिया (28 वर्ष) ने दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर रजत पदक जीता। वह 2019 से सभी चार विश्व चैंपियनशिप में पदक जीत रहे हैं। कथुनिया ने पैरालंपिक खेलों (2021 और 2024) में दो रजत पदक के अलावा विश्व चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 और 2024 में भी दो रजत पदक जीते थे। उन्होंने 2019 सत्र में कांस्य पदक भी जीता था।

कथुनिया ने 2023 हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भी रजत पदक जीता था। विश्व रिकॉर्ड धारक ब्राजील के स्टार क्लॉडनी बतिस्ता ने 45.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। उनके सभी छह थ्रो कथुनिया के दिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर थे। 2019 सत्र से शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप में बतिस्ता का यह लगातार चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले तीन पैरालंपिक खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। कथुनिया चार विश्व चैंपियनशिप और दो पैरालंपिक खेलों में ब्राजील के खिलाड़ी को नहीं हरा पाए हैं।

### दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर जीता मेडल




### घरेलू मैदान में पदक जीतना अलग अहसास

एफ56 श्रेणी उन एथलीटों के लिए है, जो फील्ड स्पर्धाओं में बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ग में विभिन्न एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिनमें अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले एथलीट भी शामिल हैं। कथुनिया ने कहा, 'यह अलग एहसास है क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर रजत पदक जीता है। मेरे परिवार के सदस्य यहां हैं और अपने परिवार के सामने प्रदर्शन करके बहुत खुश हूं। उन्होंने हमेशा मेरा बहुत साथ दिया है इसलिए यह मेरे लिए खास है।' पहले भी उन्होंने वैश्विक स्तर पर हर बार दूसरे स्थान पर रहने पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, 'पिछले छह-सात वर्षों से रजत पदक मेरे साथ जुड़ा हुआ है लेकिन पदक के रंग में कोई गिरावट नहीं आई है लेकिन कोई बात नहीं, मेरा समय (स्वर्ण पदक जीतने का) आएगा।'

### नौ साल की उम्र में हुआ गिलियन-बैरे सिंड्रोम



नौ साल की छोटी सी उम्र में कथुनिया को गिलियन-बैरे सिंड्रोम होने का पता चला था जो एक दुर्लभ स्व-प्रतिरक्षा विकार है। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि वह फिर कभी नहीं चल पाएंगे और जल्द ही वह व्हीलचेयर पर आ गए। लेकिन तीन साल के भीतर वह फिर से चलने लगे इसका श्रेय उनकी मां मीना देवी को जाता है जिन्होंने अपने बेटे के इलाज के लिए फिजियोथेरेपी सीखी। कथुनिया हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। उनके पिता भारतीय सेना में सिपाही थे इसलिए उन्होंने चंडीगढ़ के इंडियन आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की और नई दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री हासिल की। कथुनिया ने कहा कि अगर बेल्ट को सख्ती से नहीं कसा जाता तो वह और बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होंने कहा, 'अधिकारी थोड़े सख्त थे। बेल्ट थोड़ी अधिक कसी हुई थी जिससे मूवमेंट में बाधा आती है और दूरी हमेशा कम से कम तीन से चार मीटर कम हो जाती है।' बैठकर थ्रो करने की स्पर्धाओं में एथलीटों को विशेष रूप से बनाए गए थ्रोइंग फ्रेम पर बैठकर छह मिनट में छह थ्रो करने होते हैं, जो पट्टियों से जमीन से बंधे होते हैं। एथलीट खुद को फ्रेम पर सुरक्षित रखने के लिए पट्टियों का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि नाभि के नीचे कोई भी हरकत जजों से कई तरह के फाउल का कारण बन सकती है।

## खबर संक्षेप



### हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे लुईस

**नई दिल्ली।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है। आयोजकों ने कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। लुईस ने कहा,' दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है। यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिए प्रेरित करता है।' चार ओलंपिक खेलों में 9 स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे।

### खिताब जीत कर दिया पाकिस्तान को जवाब



**हैदराबाद।** एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने कहा,' शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैंने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा।' उन्होंने कहा,' मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा, जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया।

### स्क्वॉश इंडियन : टोर्की और वालिद ने जीता खिताब

**बेंगलुरु।** मिस्र के उमर एल टोर्की और मेना वालिद ने 'एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 3' के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसए चैलेंजर स्तर की इस प्रतियोगिता में टोर्की ने अपने हमवतन और



तीसरी वरीयता प्राप्त सैफ शेनवी को 32 मिनट में 11-8, 11-8, 11-4 से हराया, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मेना ने मलेशिया की हरलीन टैन को 11-6, 11-5, 6-11, 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में भारतीयों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। सूरज कुमार चंद और अंजलि सेमवाल ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जबकि ओम सेमवाल, सान्या वत्स, निरुपमा दुबे और शमीना रियाज क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।

## महिला क्रिकेट विश्व कप : दोपहर 3 बजे से इंदौर में मुकाबला

# न्यूजीलैंड-आस्ट्रेलिया में भिड़ंत आज चैंपियंस टीमों में होगी कांटे की टक्कर

एजेंसी ▶▶ इंदौर

सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा। आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरुरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है।

### स्पिनर सोफी और जॉर्जिया उबर चुकी हैं चोटों से

बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम अपनी अपनी चोटों से उबर चुकी हैं। अब आस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को देखना होगा कि अंतिम एकादश में उनकी जगह कैसे बनाई जाए। उन्हें देखना होगा कि वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या आक्रमण को विविधता देने के लिए मोलिनू को शामिल किया जाए। तेज गेंदबाजी में भी आस्ट्रेलिया के पास मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे खिलाड़ी हैं।



### बल्लेबाजी का मजबूत स्तंभ जॉर्जिया वोल

बल्लेबाजी में बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर के साथ कप्तान एलिसा हीली को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। भारत के खिलाफ ब्रिसबेन में 87 गेंद में 101 रन बनाने वाली जॉर्जिया वोल भी टीम में है, जिससे बल्लेबाजी मजबूत होगी। आस्ट्रेलिया ने विश्व कप से ठीक पहले भारत को द्विपक्षीय श्रृंखला में 2-1 से हराकर अपनी बल्लेबाजी मजबूत की है।

### न्यूजीलैंड को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

न्यूजीलैंड को इस आस्ट्रेलियाई टीम को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । पिछले साल यूएई में टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत के बाद उपमहाद्वीप में अच्छे प्रदर्शन का उसे आत्मविश्वास मिला है। न्यूजीलैंड ने हालांकि मार्च में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है। इसके अलावा 2024 के बाद से वे भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया से श्रृंखला हार चुके हैं। आस्ट्रेलिया हालांकि उन्हें हलके में लेने की गलती नहीं करेगा क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले साल दस मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर टी20 विश्व कप जीता था। उनके पास कप्तान सोफी डेवाइन, सूजी बेट्स, ली ताहुहू, एमेलिया केर और मैडी ग्रीन जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। वहीं जॉर्जिया प्लिमर, पोली इंगलिस , एडेन कारसन ओर इजी गेज जैसे युवा खिलाड़ी भी हैं ।

### टीम इस प्रकार

**आस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्रासन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहेम।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, जेस केर, एमेलिया केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहू ।

### इंदौर में बारिश का साया

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को खेले जाने वाले आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। इसके मद्देनजर मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने इस मुकाबले के दौरान वर्षा की संभावित स्थिति से निपटने के लिए खास इंतजाम किए हैं। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक वीपी सिंह चंदेल ने बताया,'मॉनसून ने इंदौर से अब तक विदाई नहीं ली है। खम्भात की खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण के कारण शहर में तीन अक्टूबर तक हल्की बारिश के आसार हैं।' एमपीसीए के मीडिया प्रबंधक राजीव रिसोड़कर ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड विश्व कप मैच के दौरान बारिश की संभावित स्थिति से निपटने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं ताकि मुकाबले के दौरान मैदान और पिच सही-सलामत बने रहें।

## स्प्रिंट ट्रैक

# दिल्ली की मसालों से सुगंधित छतों पर बोल्ट ने लगाई दौड़



### पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें बदली स्प्रिंट ट्रैक में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने दिल्ली के खारी बावली की छतों पर जब दौड़ लगाई तो एशिया के सबसे बड़े मसालों की बाजार की पृष्ठभूमि में इतिहास और खेल का ऐसा मिलन हुआ, जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा था। यह पहला मौका था जब अपने मसालों और पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें एक स्प्रिंट ट्रैक में बदल गई। बोल्ट के साथ इस मौके पर पीवी सिंधू, पीआर श्रीजेश और अनिमेष कुजूर जैसे भारतीय ओलंपिक के सितारे भी शामिल थे। बोल्ट ने कहा, 'पुरानी दिल्ली की मसालों से सुगंधित छतों पर दौड़ना मेरे लिए अनूठा अनुभव था। इतने ऐतिहासिक स्थल पर पीवी सिंधू, पीआर श्रीजेश और अनिमेष कुजूर जैसे भारत के बेहतरीन ओलंपियनों से साथ समय बिताना मेरे लिए ऊर्जा से भरने वाला रहा।'

### दौड़ ने संस्कृति और खेल को एक साथ जोड़ा

बोल्ट जहां मौजूद थे उस छत से लाल किला भी दिखाई दे रहा था और सुबह की धूप में मसाले सूख रहे थे। इस दौड़ ने संस्कृति और खेल को इस तरह से एक साथ जोड़ा, जो पहले कभी नहीं देखा गया था। भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज सिंधू ने कहा, 'पुरानी दिल्ली के खारी बावली में उसैन बोल्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दौड़ना प्रेरणादायक था। किसी खिलाड़ी के लिए वैश्विक दिग्गज के साथ इस तरह की जीवन में एक बार मिलने वाली रिले का हिस्सा बनना अविश्वसनीय जैसा है। यह वह क्षण है, जो मुझे याद दिलाता है कि मैंने खेल से पहली बार प्यार क्यों किया।'

## हॉकी

# जूनियर महिला हॉकी टीम का दबदबा, कैनबरा चिल को हराया



एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ईशिका के दो गोलों की मदद से भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के क्लब कैनबरा चिल को 3-1 से हरा कर इस दौरे की दूसरी जीत दर्ज की।

ईशिका ने 13वें और 39वें मिनट में गोल किए, जबकि सोनम ने 27वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने 11वें मिनट में गोल खाने के बावजूद मैच में दबदबा बनाए रखा। कैनबरा चिल के लिए, नाओमी इवांस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। यह हालांकि घरेलू टीम के लिए एकमात्र सफलता थी, क्योंकि भारत ने दो मिनट बाद ही पलटवार किया जब ईशिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। सोनम ने स्कोर 1-1 से बराबर होने के बाद मध्यांतर से पहले मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। ईशिका ने मैच के तीसरे क्वार्टर में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। भारत ने दौरे पर अब तक दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं। टीम गुरुवार को कैनबरा चिल के खिलाफ अपना अंतिम दौरा मैच खेलेगी।

### आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलेंगे कार्तिक

**शारजाह।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए। कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने कहा, 'मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है। मैं यहां आकर खुश हूं।' कार्तिक ने कहा, 'शारजाह भी उन प्रतिष्ठित स्टेडियमों में से एक है, जहां हर कोई खेलना चाहता है। शारजाह वॉरियर्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा है।' कार्तिक के लिए यह दूसरी विदेशी टी20 लीग होगी। वह इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में एसए20 की की टीम पार्ल रॉयल्स का हिस्सा रह चुके है। रॉयल्स के लिए उन्होंने छह पारियों में 97 रन बनाए थे। कार्तिक आईपीएल 2025 चैंपियंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच भी हैं।

### खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अभी तक नहीं आई है। डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा,' निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जाएंगी। जिस खिलाड़ी के खिलाफ जांच चल रही है या लंबित है, उसे भी पुरस्कार के योग्य नहीं माना जाएगा।' भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त सचिव (खेल), निदेशक या उप सचिव (खेल) और खेल विभाग और कार्यकारी निदेशक (टीमें) या निदेशक (टीमें) आवेदन की छंटनी करेंगे।

## अंडर-19 टेस्ट सीरीज : दीपेश की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया 243 रनों पर सिमटी

### दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर झटके 5 विकेट

एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

तेज गेंदबाज दीपेश देवधरन के पांच विकेट से भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले युवा टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पहली पारी में 243 रन पर आउट कर दिया। तमिलनाडु के 17 वर्षीय दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि किशन कुमार ने उनका शानदार तरीके से साथ देते हुए 16 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पूरी टीम 91.2 ओवर में आउट हो गई, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त



### स्टीवन होगन ने बनाए 92 रन

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए स्टीवन होगन ने एक छोर संभालते हुए 246 गेंदों पर धैर्यपूर्ण 92 रन बनाए। जेड हॉलिक ने 94 गेंद में 38 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन दीपेश और किशन ने शुरुआती ओवरों में एक-एक विकेट झटक कर स्कोर को दो विकेट पर 30 रन कर दिया। ऑफ-स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने कप्तान विल मालजुक (21) का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को पहले सत्र में ही 78 पर तीन विकेट के स्कोर के साथ मुश्किल स्थिति में डाल दिया। इसके बाद खिलन पटेल और दीपेश ने हॉलिक और विकेटकीपर साइमन बज को पवेलियन भेज दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 167 रन हो गया।


## जापान ओपन में फ्रिट्ज को हराकर जीती साल की आठवीं ट्राफी

# अल्कारेज ने जीता कॅरियर का 24वां खिताब


एजेंसी ▶▶ टोकियो

शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्कारेज ने जापान ओपन के फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इस साल अपना आठवां एकल खिताब जीता। अल्कारेज ने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता। उन्हें पिछले हफ्ते लीवर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था।

स्पेन के अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए। तोक्यो में यह फाइनल अल्कारेज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था। फाइनल में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है।




### चाइना ओपन : कोको क्वार्टर फाइनल में



**बीजिंग।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की।

## खितौला बैंक डकैती में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, अभी भी छापेमारी जारी

# दो इनामी डकैत सहित चार गिरफ्तार, 50 लाख का माल बरामद



हरिभूमि, जबलपुर।

खितौला थानांतर्गत ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को हुई गोल्ड डकैती में लगभग डेढ़ माह की लगातार पीछा-धप्पी और बिहार-झारखंड तक फैले छापों के बाद जबलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल दो और इनामी डकैत जहांगीर आलम अंसारी और गोलू उर्फ रविकांत पासवान समेत दो अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। बरामद माल की कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है।

### बिहार-झारखंड में ताबड़तोड़ दबिश

डकैतों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में लगातार सक्रिय थीं। इसी क्रम में 19 सितंबर को झारखंड से उमेश पासवान, 23/24 सितंबर को बिहार के गया जिले से कुख्यात जहांगीर आलम अंसारी और शेरघाटी के हरिप्रसाद सोनी तथा 28 सितंबर को गोलू पासवान को गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि डकैती के बाद आरोपी सोना गलाने और बेचने की फिराक में थे।

### हथियार, बाइक और दस्तावेज भी जब्त

गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग 400 ग्राम सोना, डकैती के पैसे से खरीदी गई होंडा मोटरसाइकिल, एक पिस्टल व जिंदा कारतूस, सोना गलाने का गैस कटर और अन्य औजार, साथ ही जमीन खरीदी के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

### पुराने मामले और घोषित इनाम

गोलू पासवान और जहांगीर अंसारी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों लंबे समय से फरार थे और इनकी गिरफ्तारी पर आईजी प्रमोद वर्मा ने इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बताया कि गिरोह का बाकी हिस्सा और शेष सोना तलाशने के लिए टीमें अभी भी बिहार में छापेमारी कर रही हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस ऑपरेशन में एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में डीएसपी उदय भान, सीएसपी बरगी अंजुल अयांक मिश्रा, एसडीओपी सिहोरा आदित्य सिंघारिया, टीआई खितौला अर्चना जाट, टीआई शैलेश मिश्रा, चौकी प्रभारी दिनेश गौतम, एसआई रजनीश मिश्रा, एसआई चंद्रकांत झा, एएसआई संतोष पांडेय, कैलाश मिश्रा, प्रशांत सोलंकी, मोहन तिवारी, प्रधान आरक्षक आनंद तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव, अटल जंघेला, मन्नू सिंह, अमित पटेल, राकेश बहादुर, सुतेन्द्र यादव, सत्यसेन यादव, हितेंद्र रावत, मोहन सिंह, आरक्षक जयप्रकाश तिवारी, आशुतोष बघेल, विनय सिंह, अमित पटेल, अजय सिंह, अरविंद सूर्यवंशी, पवन डेहरिया, अम्बरीश मिश्रा, अजीत कुमार, शिव बघेल, रितेश शुक्ला, त्रिलोक सिंह, पंकज सिंह ने अहम भूमिका निभाई। आईजी वर्मा ने गिरफ्तारी में शामिल टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## नर्मदा महोत्सव में फोटोग्राफी: मिलेंगे नगद ईनाम

**जबलपुर।** सौंदर्य की नदी माँ नर्मदा के किनारे, विश्व प्रसिद्ध धुआंधार जलप्रपात के समीप भेड़ाघाट की संगमरमरी वादी में नर्मदा महोत्सव का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर 2025 को होने जा रहा है। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद और नगर परिषद भेड़ाघाट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव का विशेष आकर्षण होगा फोटोग्राफी प्रतियोगिता, जिसमें प्रतिभागी माँ नर्मदा के प्राकृतिक सौंदर्य को अपने कैमरे में कैद कर 11,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीत सकते हैं। मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम नर्मदा महोत्सव में शरद पूर्णिमा की रात धुआंधार प्रपात के तट पर भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा, मैथिली ठाकुर और अभिलिप्सा पांडा अपनी मधुर प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। इसी के साथ, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रतिभागी माँ नर्मदा के नयनाभिराम दृश्यों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।




## आंदोलन के लिए तैयार है प्रदेश का किसान

# भावांतर नहीं, सोयाबीन पर हो एमएसपी की खरीदी

जबलपुर। मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक क्षेत्र है, मौसम की मार व बाजार में सोयाबीन के दाम कम होने के कारण प्रदेश का सोयाबीन उत्पादक किसान परेशानी में है। जिसको लेकर भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय किसान संघ की सोमवार को प्रदेश की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें तीनों प्रांत मालवा, मध्यभारत व महाकौशल प्रांत के पदाधिकारी शामिल थे। जिसमें निर्णय लिया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित भावांतर योजना में सोयाबीन खरीदी के लिए प्रदेश के किसान तैयार नहीं है। इसलिए भारतीय किसान संघ की मांग है कि राज्य सरकार केंद्र सरकार को सोयाबीन खरीदी करने के लिए आग्रह पत्र भेजे और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए पंजीयन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करे।



प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि बैठक में प्रदेश भर के किसानों से जो राय आई है उसके अनुसार भावांतर योजना पर प्रदेश के किसानों का भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि पूर्व में जिस तरीके से भावांतर के नाम पर किसानों को छला गया है, वह ठीक नहीं है। 2018 के भावांतर की राशि किसानों को अभी तक नहीं मिली है। जिसको लेकर किसानों में बड़ा आक्रोश है। प्रदेश बैठक में महाकौशल प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र के वायदे अनुसार धान की 3100 रुपए प्रति क्विंटल व मक्का की पूरे प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी करने की मांग रखी। प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कहा कि भावांतर योजना को निरस्त कर सरकार यदि एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित नहीं करेगी। तो प्रदेशभर के किसान राजधानी भोपाल में बड़ा आंदोलन व प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। किसान संघ की प्रदेश बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, महामंत्री चंद्रकांत गौर, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र पालीवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## यात्रियों को मिली सुविधा

# दिवाली एवं छठ पर्व पर पमरे से चलेगी स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** दीवाली और छठ पर्व पर रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों के दबाव को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, रीवा-रानी कमलापति-रीवा, रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा, रीवा-हडपसर-रीवा एवं सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही है।



जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल

गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 3 नवंबर 2025 तक प्रत्येक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12:25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पर पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 4 नवंबर 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 09:30 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँचेगी।

यह ट्रेन कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ जंक्शन एवं गाज़ियाबाद में ठहरेगी।

जबलपुर-दानापुर

गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 05.11.2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँचेगी है।

गाड़ी सांख्य 01702 दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 06.11.2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँचेगी।

इस ट्रेन का सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशन पर ठहराव होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240